




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 347 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.11 2081 सोमवार, 10 मार्च-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## हम्पी में विदेशी महिला से दुष्कर्म पर सरकार सख्त

बेंगलूरू, 9 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के हम्पी में दो महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर राज्य सरकार ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा, हम इस घटना को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। हमने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा है। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) एक विशेष टीम गठित करेंगे और आईजी पहले ही वहां पहुंच चुके हैं। यह वारदात 6 मार्च की रात को कर्नाटक के विजयनगर जिले के हम्पी इलाके में हुई।






# भारत की ऐतिहासिक जीत

> न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया > रोहित की कप्तानी में दूसरा आईसीसी खिताब




नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। रोहित शर्मा की अगुआई में भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को- विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही रोहित शर्मा लगातार दो आईसीसी फाइनल जीतने वाले भारत के दूसरे कप्तान भी बन गए। रोहित की अगुआई में ही साल 2024 में भारत ने टी-20 विश्व कप अपने नाम किया। रोहित शर्मा से पहले एमएस धोनी ने 2011 (क्रिकेट वर्ल्ड कप) और 2013 (आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी) में भारत को विश्व विजयी बनाया था।

चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को हराने के साथ ही भारत ने 25 साल पुराना बदला पूरा किया। भारत को 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल तब आईसीसी नॉकआउट टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम ने दूसरी बार कीवियों को दूसरी बार आईसीसी नॉकआउट मैच में हराया। दोनों बार रोहित शर्मा की कप्तानी में जीत मिली है। इससे पहले 2023 वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को दुबई में हराकर 12 साल का सूखा खत्म किया। इससे पहले वह 2013 में वनडे में आईसीसी टूर्नामेंट जीती थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में इंग्लैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बाद भारतीय टीम 2 बार फाइनल में हारी।

2 बार सेमीफाइनल में सफर समाप्त हुआ। 2023 वनडे वर्ल्ड कप और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी में फाइनल में हार मिली थी। 2015 वनडे वर्ल्ड कप 2019 वनडे वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल में हारी थी।

दिग्गज कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले भारत के तीसरे कप्तान बने। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 3 आईसीसी ट्रॉफी जीते हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत 2 आईसीसी ट्रॉफी जीता। इससे पहले 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन बना था। 2023 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में हारा था।

### असाधारण खेल के असाधारण नतीजे : पीएम

नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के खिताब को अपने नाम कर लिया है। टीम इंडिया की जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी है। पीएम ने एक्स पर लिखा, एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम!

पीएम ने आगे लिखा, 'आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई।

## बजट सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना

### कई मुद्दों पर हो सकती है तकरार



नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। संसद का बजट सत्र सोमवार को फिर से शुरू हो रहा है। इस दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार तकरार होने के संकेत मिल रहे हैं। विपक्ष, मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के व्यवहार जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार का जोर बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी लेने, वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने और मणिपुर बजट के लिए मंजूरी दिलाने पर रहेगा।

**मणिपुर का बजट हो सकता है पेश :**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी मांगने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मणिपुर के लिए बजट पेश करेंगी। बताते चलें कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। उधर विपक्ष ने कहा कि वह फर्जी इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड (ईपीआईसी) नंबरों के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। इस मुद्दे को उठाने में तृणमूल कांग्रेस सबसे आगे है। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि वह अगले तीन महीनों के भीतर सुधार वाले कदम उठाएगा। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के उस दावे को खारिज कर दिया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि पश्चिम बंगाल में दूसरे राज्यों के मतदाताओं को वोट करने की अनुमति देने के लिए मतदाता सूचियों में हेरफेर किया गया था।

**वक्फ विधेयक को पारित कराने में हो सकता है हंगामा**

इसके अलावा आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर एक जैसे हो सकते हैं लेकिन उनकी भौगोलिक जानकारी, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसे अन्य विवरण अलग-अलग हैं। इस मुद्दे को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमवार को चुनाव आयोग से मिलने जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे को उठाने के लिए कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना-यूबीटी सहित अन्य विपक्षी दलों को भी एकजुट किया है। केंद्र सरकार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक को जल्द से जल्द पारित कराना प्राथमिकता है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले सप्ताह एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा था कि सरकार वक्फ संशोधन विधेयक को जल्द पारित कराने के लिए उत्सुक है, क्योंकि इससे मुस्लिम समुदाय के कई मुद्दे सुलझ जाएंगे। इस विधेयक को लेकर विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच संसद की एक संयुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश कर दी है।

## महिलाओं को एक हत्या करने की छूट दी जाए एनसीपी (एससीपी) का राष्ट्रपति को लेटर

### दमनकारी-बलात्कारी मानसिकता को खत्म करने की बात



मुंबई, 9 मार्च (एजेंसियां)। एनसीपी (शरद पवार) की महिला विंग ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को लेटर लिखा। इसमें मांग की गई है कि महिलाओं को एक हत्या करने की छूट दी जाए। क्योंकि महिलाएं दमनकारी-बलात्कारी मानसिकता को खत्म करना चाहती हैं।


विंग की अध्यक्ष रोहिणी खडसे ने कहा- हम सभी महिलाओं की ओर से एक हत्या करने के लिए छूट (सजा से) की मांग कर रहे हैं। इसका उद्देश्य राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधना है। एक सर्वे रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश है, क्योंकि उनके खिलाफ अपहरण और घरेलू हिंसा जैस कई अपराध हो रहे हैं। हाल ही में मुंबई में 12 साल की बच्ची का रेप हुआ था। उसी घटना को लेकर एनसीपी ने यह मांग की है। रोहिणी महाराष्ट्र के एनसीपी नेता एकनाथ खडसे की बेटी हैं।

**मंत्री बोले- खडसे बताएं किसकी हत्या करेंगी :**

रोहिणी खडसे की मांग पर शिवसेना के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने कहा- खडसे को बताना चाहिए कि वह किसकी हत्या करेंगी। वहीं, एमएलसी मनीषा कायंडे ने कहा- खडसे शायद कुछ लोगों में कुछ प्रवृत्तियों को मारने की बात कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह भावना हाल की घटनाओं से उपजी होगी।

## तेलंगाना टनल हादसा, 16वें दिन एक डेडबॉडी मिली

> *मशीन से चिपकी हुई है, काटकर निकाला जा रहा* > *7 अन्य की तलाश जारी*




नागर कर्नूल, 9 मार्च (एजेंसियां)। तेलंगाना टनल हादसे के 16वें दिन रेस्क्यू टीम को पहला शव मिला है। बॉडी मशीन में फंसी हुई है। शव निकालने के लिए मशीन को काटने का काम जारी है। 7 मार्च को स्निफर डॉग्स (खोजी कुत्ते) को टनल में ले जाया गया था।

रेस्क्यू ऑफिसर ने बताया कि मशीन में फंसे शव के केवल हाथ दिखाई दे रहे थे। बीते दिन राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया था कि खोजी कुत्तों ने खास जगह पर तेज गंध का पता लगाया है। पता चला है कि वहां तीन लोग मौजूद हैं। इसके बाद वहां पर जमा मलबा हटाया जा रहा था। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि शव उसी जगह मिला है या किसी अन्य जगह से। बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मजदूरों की तलाश में 525 कर्मी लग हुए हैं। राज्य के नागरकर्नूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को धंस गया था। इस वजह से अंदर काम कर रहे 8 मजदूर फंस गए थे। राज्य सरकार ने कहा था कि उनके बचने की संभावना बहुत हम है, लेकिन हम हर संभव प्रयास करेंगे।

**5 साल पहले चेतावनी दी थी, कोई एक्शन नहीं लिया गया :**

2020 में एमबर्ग टेक एजी नाम की कंपनी ने टनल का सर्वे किया था। कंपनी ने टनल में कुछ फॉल्ट जोन और कमजोर चट्टानों के खतरे को लेकर अलर्ट किया था। सर्वे रिपोर्ट टनल बनाने वाली कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को भी दी गई थी।

रिपोर्ट में बताया गया था कि 14 किमी लंबी टनल के 13.88 किमी से 13.91 किमी के हिस्से की चट्टानें कमजोर हैं। इस हिस्से में पानी भी भरा हुआ है। जमीन खिसकने का भी खतरा है। बचावकर्मियों के मुताबिक जिस हिस्से को रिपोर्ट में खतरनाक बताया गया था, वही हिस्सा गिरा है। हालांकि राज्य सरकार के सिंचाई विभाग को इसकी जानकारी थी या नहीं, यह साफ नहीं है। सिंचाई विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि उन्हें ऐसी किसी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है।

**काम छोड़कर जा रहे मजदूर :**

रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे के बाद टनल में काम कर रहे कुछ मजदूर डर के कारण काम छोड़कर चले गए हैं। सीनियर सरकारी अधिकारी ने बताया कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) प्रोजेक्ट में 800 लोग काम कर रहे हैं।

इनमें से 300 लोकल और बाकी झारखंड, ओडिशा और उत्तर प्रदेश से हैं। अधिकारी ने यह भी कहा कि शुरूआत में मजदूरों में डर जरूर है। हालांकि, कंपनी ने उनके लिए आवासीय कैंप बनाए हैं। कुछ लोग वापस जाना चाह सकते हैं, लेकिन हमारे पास इस बात की कोई रिपोर्ट नहीं है कि सभी मजदूर एक साथ छोड़कर जा रहे हैं।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ से मिले पीएम मोदी जाना हालचाल



नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हालचाल जाना। उन्होंने उपराष्ट्रपति के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री के अलावा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह समेत कई नेताओं ने उपराष्ट्रपति के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

ओम बिरला ने एक्स पर लिखा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के अस्वस्थ होने का समाचार मिला। मैं ईश्वर से उनके बेहतर स्वास्थ्य और शीघ्र सकुशल होने की कामना करता हूं। शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर लिखा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अस्वस्थ होने का समाचार मिला। बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि वह शीघ्र स्वस्थ हों और पूर्ण ऊर्जा से राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दें। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अस्वस्थ होने की सूचना प्राप्त हुई है। प्रभु श्रीराम से उनके शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उपराष्ट्रपति को हृदय संबंधी समस्या के चलते दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है।

## कैलिफोर्निया में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

### भारत ने जताई कड़ी नाराजगी




नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। भारत ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र करने की घटना की रविवार को कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। भारत ने घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। कैलिफोर्निया के बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने शनिवार को कहा कि चीनो हिल्स में श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र को किया गया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र करने संबंधी घटना की खबर देखी है और हम इस तरह के घृणित कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने कहा, हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं। जायसवाल घटना पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

अमेरिका के कैलिफोर्निया में चिनो हिल्स स्थित बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के मंदिर में अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की। श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ के बारे में 'बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एक और मंदिर अपवित्रत किया गया। इस बार यह घटना कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में हुई। हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय एक साथ है और हम कभी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे।

पोस्ट में घटना का ब्योरा दिए बिना कहा गया, हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति एवं करुणा कायम रहे। उत्तरी अमेरिका में हिंदू धर्म पर समझ को बेहतर बनाने की दिशा में काम करने वाले संगठन 'द कोएलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका' ने पूर्व में हुई इस प्रकार की घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया और गहन जांच की मांग की।

संगठन ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यह तब हुआ जब लॉस एंजिलिस में तथाकथित 'खालिस्तान जनमत संग्रह' का दिन नजदीक आ रहा है। संगठन ने 10 मंदिरों के नाम सार्वजनिक किए जिनमें पिछले कुछ सालों में तोड़फोड़ की गई या उन्हें अपवित्र करने की घटनाएं हुई हैं। सितंबर में कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में बीएपीएस हिन्दू मंदिर को अपवित्र कर दिया गया और दीवार पर नारे लिखकर कहा गया 'हिन्दुओं वापस जाओ!' सैक्रामेंटो की घटना से करीब 10 दिन पहले न्यूयॉर्क के मेलविले में एक और बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया था और घृणा फैलाने वाले संदेश लिखे गए थे।

## महाराष्ट्र में जीबी सिंड्रोम के 225 केस, 12 की मौत

मुंबई, 9 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक ये सभी मामले पुणे नगर निगम, पुणे निगम के गांव, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम, पुणे ग्रामीण और दूसरे जिलों से हैं। इन इलाकों से 7262 पानी के नमूने केमिकल और बायोलॉजिकल एनालिसिस के लिए लैब भेजे गए। 144 वाटर सोर्स में इन्फेक्शन की बात सामने आई हैं।

प्रशासन ने इन जिलों के 89,699 घरों की दौरा भी किया है। इनमें पुणे नगर निगम में 46,534, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम (पीसीएमसी) के 29,209 और पुणे ग्रामीण में 13,956 घर शामिल हैं। प्राइवेट क्लिनिक को एडवाइजरी जारी की गई है कि जीबीएस का कोई केस नजर आए तो सूचित करें।

## पीएम मोदी और सीएम योगी में 1 घंटे की लंबी बातचीत, यूपी के मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा



नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में एक अहम मुलाकात हुई है। बताया जा रहा है दोनों नेताओं ने एक घंटे की बातचीत में कई मुद्दों पर मंथन किया है। इस समय यूपी की राजनीति में सबसे ज्यादा चर्चा मंत्रिमंडल विस्तार और यूपी के अगले प्रदेश अध्यक्ष की चल रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि पीएम मोदी और सीएम योगी के बीच में इन दोनों ही मुद्दों पर गहन चर्चा हुई है। सूत्रों के मुताबिक खबर है कि महाकुंभ की सफलता को लेकर भी पीएम मोदी ने योगी आदित्यनाथ को सराहा है। पीएम मोदी के साथ सीएम योगी की यह मुलाकात इसलिए मायने रखती है क्योंकि शनिवार को योगी आदित्यनाथ ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी। उस मुलाकात के दौरान भी मंत्रिमंडल विस्तार और अगले प्रदेश अध्यक्ष को लेकर काफी मंथन हुआ था।

अब अभी तक किसी का नाम तो सामने नहीं आया है, लेकिन रेस में कई चल रहे हैं। माना जा रहा है कि यूपी के अगले विधानसभा चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ अपनी नई टीम बनाना चाहते हैं। इस नई टीम के तहत कुछ नेताओं को अगर संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है तो कुछ नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इसके ऊपर खबर तो यह भी है कि सीएम योगी इस समय कई मंत्रियों के काम से संतुष्ट नहीं चल रहे हैं, ऐसे में पूरी संभावना है कि कई के मंत्रालय बदले जा सकते हैं और कुछ की तो छुट्टी तक की जा सकती है।

## परिसीमन के मुद्दे पर संसद में आर-पार के मूड में द्रमुक

चेन्नई, 9 मार्च (एजेंसियां)। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सांसदों ने रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में परिसीमन का मुद्दा उठाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने इस बैठक की अध्यक्षता की। चेन्नई के अन्ना अरिवालयम में आयोजित बैठक में पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों ने भाग लिया। बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि परिसीमन प्रक्रिया आगामी संसद सत्र का मुख्य मुद्दा रहेगा। इसके साथ ही परिसीमन का मुद्दा उठाने के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन को धन्यवाद देने वाला एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। एक प्रस्ताव में कहा गया कि डीएमके सांसद तमिलनाडु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों को बचाने के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन के प्रयासों का समर्थन करेंगे और इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे।

# सोशल मीडिया पर खुद को शूटर बताने वाला आरोपी गिरफ्तार

## वीडियो हुआ था वायरल

देवास, 9 मार्च (एजेंसियां)। देवास जिले के खातेगांव में खुद को शूटर बताकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले बदमाश को खातेगांव पुलिस ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद युवक के सुर बदल गए और वह पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते हुए नजर आया। हाथ जोड़कर उसने कहा- 'पुलिस हमारी बाप है, गुंडागर्दी करना पाप है'। दरअसल, यह पूरा मामला देवास जिले के कांटाफोड़ हाट बाजार में बनाए गए एक वीडियो का है। वीडियो में एक बदमाश खुद को खातेगांव का शूटर और बड़ा बदमाश बताकर लोगों को डरा और धमका रहा था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया और आरोपी की तलाश शुरू की। खातेगांव थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक युवक खुद को 'अर्बन लाला' बता रहा था और कह रहा था कि वह खातेगांव का शूटर है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कन्नौद और एसडीओपी कन्नौद के मार्गदर्शन में खातेगांव पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी अर्बन लाला उर्फ अफजल पिता राशिद खान (23), निवासी ग्राम देवला तहसील खातेगांव जिला देवास को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ धारा 170, 126, 135(3) बी एन एस एस के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट खातेगांव के समक्ष पेश किया गया।

# क्या कठुआ में आतंकियों ने की तीन लोगों की नृशंस हत्या केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया गहरी साजिश



नई दिल्ली,9 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन लोगों की हत्या बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इन हत्याओं के पीछे आतंकवादियों की संलिप्तता हो सकती है। शनिवार को कठुआ के बिलावर तहसील के एक दूरदराज के इलाके में एक झरने के पास तीन लोगों के शव मिले। मृतकों की पहचान दर्शन सिंह और योगेश सिंह और वरुण सिंह के रूप में हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, ये तीनों 5 मार्च को बिलावर तहसील के लोहाई मल्हार में एक शादी समारोह से लौटते समय लापता हो गए थे। तीनों मृतकों में वरुण सिंह सबसे छोटा है। उसकी उम्र 15 बरस थी। दर्शन सिंह और योगेश सिंह, वरुण सिंह के रिश्तेदार थे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि कठुआ के बानी इलाके में आतंकवादियों ने तीन युवकों की नृशंस हत्या कर दी। यह अत्यंत दुखद है। साथ ही साथ यह चिंता का विषय भी है। इस शांतिपूर्ण क्षेत्र में माहौल खराब करने के पीछे कोई गहरी साजिश नजर आती है। उन्होंने कहा कि हमने इस मामले पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह सचिव खुद जम्मू पहुंच रहे हैं ताकि मौके पर जाकर स्थिति का आकलन किया जा सके। जितेंद्र सिंह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और लोगों का विश्वास मजबूत बना रहे। जितेंद्र सिंह उधमपुर से बीजेपी के लोकसभा सासंद हैं। अधिकारियों ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद शवों को घटनास्थल से निकाला गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में आतंकवादी घटना की संभावना खारिज की गई है क्योंकि शवों पर चोट के कोई निशान नहीं है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। अधिकारियों ने बताया कि दर्शन ने रात करीब साढ़े आठ बजे अपने घर पर आखिरी बार फोन कॉल करके बताया था कि वे रास्ता भटक गए हैं। जब वे घर वापस नहीं लौटे तो पुलिस और सेना ने उन्हें खोजने के लिए तलाश अभियान शुरू किया।

# महिला समृद्धि योजना पर मंत्री आशीष सूद का बड़ा बयान

## क्राइटेरिया को लेकर कहा

नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से आम आदमी पार्टी का रुख आक्रामक है। खासकर नेता प्रतिपक्ष आतिशी महिला समृद्धि योजना को लेकर बीजेपी सरकार और पीएम मोदी पर लगातार निशाना साध रही है। इसके जवाब में रेखा गुप्ता सरकार में गृह मंत्री आशीष सूद ने कहा कि हमारी सरकार पीएम मोदी की गारंटी पर अमल करने का फैसला लिया है। सभी योग्य महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। दिल्ली सरकार में गृह समेत कई विभागों के मंत्री आशीष सूद ने कहा, अरविंद केजरीवाल सरकार को सिर्फ घोषणा करनी होती है। बीजेपी की सरकार उस पर अमल भी करती है।

### मंत्रियों की कमेटी तय करेगी क्राइटेरिया



दिल्ली सरकार में गृह समेत कई विभागों के मंत्री आशीष सूद ने कहा, पीएम मोदी की गारंटी के अनुरूप कैबिनेट ने बजट में इसके लिए 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। लाभार्थियों के लिए क्राइटेरिया तय करने के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की कमेटी बनाई गई है। कमेटी में शामिल मंत्री आपस में विचार विमर्श कर लाभार्थियों के लिए मानदंड तय करेंगे। उन्होंने कहा कि उसके बाद पोर्टल बनाकर पारदर्शी तरीके से सभी योग्य महिलाओं को इसका लाभ दिया जाएगा। मापदंड तय होने के बार सभी को आधिकारिक तौर पर इस बारे में सूचित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली की हर गरीब महिलाओं को हर माह 2500 रुपये मिलेंगे।

### स्कीम की शर्तें

इस स्कीम के लिए उन महिलाओं को योग्य लाभार्थी माना जाएगा, जो दिल्ली की है। उनकी उम्र 18 से 59 साल के बीच होनी चाहिए। महिला की आय 3 लाख रुपये से ज्यादा न हो। परिवार आयकर न भरता हो। महिला किसी सरकार पद पर न हो और ना ही कोई सरकारी लाभ लेती हो। इसके अलावा, महिला को ई-रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

# असली अपराधी अभी भी फरार और पुलिस झूठे बयान दिला रही

## कठुआ मर्डर पर भड़कीं महबूबा

जम्मू, 9 मार्च (एजेंसियां)। कश्मीर पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कठुआ में स्थिति बहुत ही परेशान करने वाली है। कुछ ही समय में मुस्लिम और हिंदू दोनों समुदायों के लगभग एक दर्जन लोगों की जान चली गई है। उनमें से पांच का कथित तौर पर पुलिस और गौरक्षकों ने पीछा किया, जिसकी वजह से ये घातक घटनाएं हुई हैं। इसके बाद हिंदू समुदाय के दो लोगों के शव मिले हैं। कल तीन और शव मिले, जिनमें एक 14 साल के बच्चे की मामला भी शामिल है। दुखद बात ये है कि पुलिस माखन दीन जैसे पीड़ितों से झूठे बयान दिलवाने पर ज़्यादा ध्यान दे रही है, जबकि असली अपराधी अभी भी फरार है। आज तक लगभग 30 शख्स पर पीएसए या यूएपीए के तहत आरोप लगाए गए हैं। इसके सबूत बहुत काम मौजूद हैं। ऐसे संकेत हैं कि सीमा के भीतर और बाहर हमारे मुल्क को अलग करने वाले लोग ज्यादा हैं। यही लोग संवेदनशील सीमावर्ती जिले में सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा दे रहे हैं।

अधिकारियों को सही अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने में तेजी लाएं। इन सभी को सही तरीके से काम करना चाहिए ताकि शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखा जा सके।

### शादी में शामिल होने गए लोगों का मिला था शव



बीते दिनों जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन लापता लोगों की सूचना थी। इन सभी का शव बिलिवार के पास मिला। यहां की ऊपरी पहाड़ियों पर शव पड़े हुए थे। इन तीन मृतक लोगों में एक बच्चा भी शामिल है। जिस इलाके से ये सभी लापता हुए थे, वो आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र है। तीन दिन पहले लापता हुए थे। मृतकों की पहचान जोगेश सिंह दर्शन सिंह और वरुण सिंह के रूप में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों 6 मार्च की रात शादी में शामिल होने के लिए गए थे, लेकिन इसके बाद वो अचानक से गायब हो गए थे। तीनों लापता लोगों में से एक ने दो दिन पहले अपने परिवार के लोगों से संपर्क की कोशिश की थी। घरवालों से बातचीत के दौरान उसने बताया था कि वे शादी से वापस आते समय जंगल में रास्ता भटक गए हैं।

### कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बफर जोन से सटे गांव में बाघ ने महिला पर किया हमला, मौके पर हुई मौत

कोटद्वार, 9 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड के कोटद्वार में देर रात बाघ ने एक महिला पर हमला कर दिया। इस दौरान हमले में महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, विकासखंड नैनीडांडा के अंतर्गत कालागढ़ टाइगर रिजर्व से सटे ग्राम जमुण में बाघ ने अचानक महिला पर हमला किया। सूचना के बाद केटीआर वन प्रभाग की टीम मौके पर पहुंची।



डीएफओ कालागढ़ राहुल मिश्रा मृतक महिला की पहचान गुड्डी देवी(55) पत्नी राजू भदूला के रूप में हुई है।

# हिंदू नाराज हो जाएंगे, आरएसएस के खिलाफ न बोलें

## राहुल गांधी के बयान के बाद दिग्विजय सिंह का खुलासा



अहमदाबाद, 9 मार्च (एजेंसियां)। गुजरात में राहुल गांधी ने जिस तरह से अपने ही नेताओं की पोल खोली, उसके बाद से कांग्रेस पार्टी में सियासत गरमा गई है। राहुल के बयान पर दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम ने ट्वीट कर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने पहले राहुल के बयान की तारीफ और फिर खुलासा करते हुए पार्टी पर निशाना भी साधा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं राहुल गांधी जी को उनके बयान के लिए बधाई देता हूं। मुझे याद है मैं जब एमपी के मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात में प्रचार करने गया था तब मुझे निर्देश दिए गए थे कि मैं संघ के खिलाफ ना बोलूं। हिंदू नाराज हो जाएंगे। संघ हिंदुओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता। वह केवल धर्म के नाम से हिंदुओं को गुमराह कर उनका शोषण करता है। हिंदुओं के धर्मगुरु शंकराचार्य जी की हजारों वर्षों की स्थापित परंपरा है। वह आज भी कायम है। उनमें से कौन से शंकराचार्य जी हैं जो आज बीजेपी-आरएसएस के समर्थक हैं? दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा शोषक तत्वों का समूह है, जिसका एक मात्र उद्देश्य है लोगों को धर्म के नाम पर लूट कर सत्ता हासिल करना है। जय सिया राम। कांग्रेस नेता ने अपने इस ट्वीट में जयराम रमेश, पवन खेड़ा और प्रियंका गांधी को भी टैग किया है। राहुल गांधी ने शनिवार को अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं हैं। कांग्रेस में बब्बर शेर हैं लेकिन शेरों के पीछे चेन लगी है, बंधे हुए हैं। आधे भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि कांग्रेस रेस के घोड़े को बारात में डाल देती है। कुछ लोगों को निकालना पड़े तो निकाल देना चाहिए। राहुल ने कहा कि नेताओं को जनता से जुड़ने की जरूरत है। हमने भारत जोड़ो यात्रा में ये कर दिखाया है। हमारे नेताओं को जनता के पास जाने की जरूरत है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि अगर हमें सख्त कार्रवाई करनी पड़े। 30-40 लोगों को निकालना पड़े तो निकाल देना चाहिए। बीजेपी के लिए लोग अंदर से काम कर रहे हैं, तो उन लोगों को निकालो।

# पंजाबी गायक सुनंदा शर्मा से धोखाधड़ी

## आयोग ने डीजीपी से मांगी, सिंगर ने सोशल मीडिया पर डाली थी पोस्ट

चंडीगढ़, 9 मार्च (एजेंसियां)। पंजाबी गायक सुनंदा शर्मा से धोखाधड़ी के मामले में पंजाब महिला आयोग ने पंजाब के डीजीपी से रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने कहा कि इस मामले में एसपी रैंक के किसी अधिकारी से जांच कारवाई जाए। रविवार तक उन्हें मामले की रिपोर्ट सौंपी जाए। हाल ही में गायक सुनंदा शर्मा ने एक भावनात्मक पोस्ट शेयर की थी। सुनंदा शर्मा ने आरोप लगाया था कि कुछ थर्ड पार्टी कंपनियां उनके नाम पर बिजनेस राइट्स बेचकर लोगों को गुमराह कर उनके साथ धोखाधड़ी कर रही हैं। सुंनदा कहा कि इसमें उनका कोई हाथ नहीं है। वह इस सब में शामिल नहीं हैं। उन्होंने धोखाधड़ी करने वालों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। सुनंदा ने एक पोस्ट शेयर कर बिजनेस कॉन्ट्रैक्ट्स के दावों को झूठा बताया है। उन्होंने कहा



कि मैं सभी व्यावसायिक सहयोगियों व सभी समर्थकों को सूचित करती हूं कि कुछ संस्थाएं उनके बिजनेस कॉन्ट्रैक्ट्स पर अधिकार होने का झूठा दावा कर रहीं हैं। सुनंदा ने कहा कि मैं एक स्वतंत्र कलाकार हूं और किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ अपने प्रोफेशनल असाइनमेंट, कोलेबोरेशन और परफॉर्मेंस अधिकार साझा नहीं किए हैं। वह किसी भी तरह के लेन-देन में शामिल नहीं है।

# हिंसक झड़प के बाद मणिपुर की स्थिति तनावपूर्ण, अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती

इंफाल, 9 मार्च (एजेंसियां)। हिंसक झड़प के बाद मणिपुर में अब भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कुकी-जो समुदाय के अनिश्चितकालीन बंद के बीच रविवार को भी स्थिति तनावपूर्ण रही। बंद के चलते जनजीवन प्रभावित रहा। इलाके में शांति के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती गई है। शनिवार को मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा भड़क गई थी। कांगपोकपी जिले में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हो गई थी।

इस झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई थी जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए थे। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें उस समय हुईं, जब पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने निजी वाहनों में आग लगा दी। गमगीफई,



मोटबंग और कीथेलमनबी में सुरक्षा बलों के साथ झड़पों में कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए। उन्हे इलाज के लिए पास के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### फ्री मूवमेंट शुरू करने के आदेश का विरोध

ये प्रदर्शकारी मणिपुर में फ्री मूवमेंट के आदेश का विरोध कर रहे थे। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने 1 मार्च को सुरक्षा बलों को मणिपुर में सभी मार्गों पर फ्री मूवमेंट शुरू करने का निर्देश दिया था और इसमें बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही थी। रास्ते खुलते ही मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा भड़क गई। केंद्र सरकार ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था। कुकी जो परिषद ने शनिवार आधी रात से कुकी-जो के सभी इलाकों में अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा की है। कुकी-जो परिषद ने सरकार से तनाव और हिंसक टकराव को और बढ़ने से रोकने के लिए अपने रुख पर पुनर्विचार करने की अपील की है। परिषद ने यह भी कहा है हम बफर जोन में मैइती लोगों की मुक्त आवाजाही की गारंटी नहीं दे सकते और किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी नहीं ले सकते।

### 3 मई 2023 से जारी है छिटपुट हिंसा

मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 20 फरवरी को राज्य के लोगों से सात दिनों के भीतर लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को सौंपने का आग्रह किया था। उन्होंने ये भी कहा था कि तय समय में हथियार सौंपने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। मणिपुर में 3 मई 2023 में दो समुदायों के बीच जो जातीय हिंसा भड़की थी, उसकी लपटें आज भी समय समय पर देखने को मिल रही है। हिंसा में अभ तक 250 से अधिक लोग मारे गए है जबकि हजारों लोग बेघर हो गए।

# मुंबई में चलती ट्रेन से गिरी महिला

## सुरक्षाकर्मी ने फिल्मी स्टाइल में बचाई जान

मुंबई, 9 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मुंबई के बोरीवली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय एक महिला का पैर फिसल जाता है और वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई। इस प्लेटफार्म पर खड़े रेलवे पुलिस कर्मचारी ने तत्परता दिखाते हुए फौरन महिला को सकुशल बाहर निकाला। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा करता है कि ट्रेन धीरे-धीरे चल रही है, जिसमें से एक महिला प्लेटफॉर्म पर उतरने की कोशिश करती है। खतरे को भापंते हुए वहां पर मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत महिला की तरफ दौड़ता है। इसी बीच महिला ट्रेन से नीचे गिर जाती है, जिससे उसके पैर ट्रेन की पटरियों पर चले जाते हैं। महिला पूरी तरह से पटरियों पर जाने ही वाली होती है कि वह पुलिसकर्मी तुरंत उसको बाहर खींच लेता है।

### रेलवे ने लोगों से की ये अपील

इस वीडियो को भारतीय रेलवे के एक्स हैंडल पर शेयर किया गया है, जिसमें लिखा गया, महाराष्ट्र के बोरीवली रेलवे स्टेशन पर एक महिला चलती ट्रेन से उतरते समय असंतुलित होकर गिर पड़ी। वहां मौजूद रेलवे सुरक्षाकर्मी ने तत्परता दिखाते हुए उसे बचा लिया। कृपया करके चलती ट्रेन से चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें। इस वीडियो पर अब लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ऐसे सतर्क और समर्पित आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) अधिकारियों को यात्रियों की मदद करने में उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए उचित रूप से पुरस्कृत किया जाना चाहिए। इससे निश्चित रूप से उनका मनोबल बढ़ेगा और साथियों के लिए भी प्रेरणा मिलेगी।

# विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा को 100 दिन में पेपरलेस करने का लिया फैसला, 10 साल से था पेंडिंग



नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। पिछले 10 सालों से दिल्ली विधानसभा का कामकाज पेपरलेस यानी पूरी तरह से डिजिटल करने के लिए लंबित प्रस्ताव जल्द पूरी होने वाली है। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने 100 दिनों के भीतर इस पर प्रभावी अमल के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पीएम मोदी के "वन इंडिया, वन एप्लिकेशन" की सोच को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सभी विधानसभाओं में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे कार्यों की सुगमता, पारदर्शिता और इस योजना को लेकर दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने संसदीय कार्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली विधानसभा में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन को लागू करने पर चर्चा की। नेवा टीम का नेतृत्व अतिरिक्त सचिव एवं मिशन लीडर डॉ। सत्य प्रकाश ने किया। नेवा टीम ने एप्लिकेशन की प्रमुख विशेषताओं पर कहा कि एनईवीए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करेगा, जो सभी विधायी कार्यों को पेपरलेस और डिजिटल रूप से पूरा करेगा।

विजेंद्र गुप्ता के अनुसार पारदर्शी और आधुनिक नेवा पर अमल से विधानसभा में सूचनाओं का प्रस्तुतिकरण, मंत्रियों के उत्तर, विधायी कार्यवाही, चर्चाएं, समिति रिपोर्ट और डिजिटल लाइब्रेरी तक पहुंच जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल एक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी विधायी प्रणाली की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। उन्होंने कहा, ई-विधान परियोजना पिछले एक दशक से लंबित थी। अब, दिल्ली विधानसभा पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस परियोजना को तेजी से पूरा करने की दिशा में अग्रसर है।

### 2 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम 18 और 19 मार्च को

दिल्ली विधानसभा के लिए नवनिर्वाचित विधायकों के लिए 2 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम अब 18 और 19 मार्च 2025 को होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। यह कार्यक्रम नवनिर्वाचित विधायकों को सदन की विधायी कार्यों के तौर तरीके सीखने के लिए लिहाज से अहम होता है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के मुताबिक, "ओरिएंटेशन कार्यक्रम नवनिर्वाचित विधायकों को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जिससे वे विधानसभा में प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। यह उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं, विधायी मसौदे और सार्थक बहस के महत्व को समझने में मदद करेगा।"

### रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने किया जब्त

शहडोल, 9 मार्च (एजेंसियां)। शहडोल जिले में रेत का काला कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुढार पुलिस ने अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर चालकों और मालिकों पर मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई बुढार थाना क्षेत्र के रुंगटा तिराहे पर की गई। बुढार थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि समीप स्थित नदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर दो ट्रैक्टरों से परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर रुंगटा तिराहे पर नाकाबंदी की। जैसे ही चालकों ने पुलिस को देखा, वे ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है। साथ ही चालकों और मालिकों पर खनिज अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

# तमिलनाडु में एआई तकनीक से हाथियों की सुरक्षा में आई क्रांतिकारी सफलता, 2,500 हाथियों को बचाया



चेन्नई, 9 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु में हाथियों की सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक बेहद प्रभावी साबित हुई है। राज्य के पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन विभाग के अनुसार कोयंबटूर के मदुक्कराई वन क्षेत्र में स्थापित एआई आधारित प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली ने अब तक 2,500 से अधिक जंगली हाथियों को बचाने में मदद की है। वन विभाग ने बताया कि इस परियोजना की शुरुआत फरवरी 2024 में हुई थी। मार्च 2025 में इसकी समीक्षा की गई, जिसमें यह सामने आया कि यह प्रणाली लगातार प्रभावी रूप से काम कर रही है। एआई संचालित इस प्रणाली ने अब तक 5,011 अलर्ट जारी किए और 2,500 हाथियों को सुरक्षित ट्रैक पार करने में सहायता प्रदान की।

### ऐसे काम करती है एआई प्रणाली

प्रणाली के तहत ए और बी रेलवे ट्रैक पर 12 ई-निगरानी टावर लगे हैं, जिनमें हाई रिजाल्यूशन कैमरे लगे हैं। यह लगभग एक किमी क्षेत्र कवर करते हैं और 360 डिग्री घूम सकते हैं। कैमरे हाथियों को ट्रैक करते हैं और नियंत्रण कक्ष को अलर्ट भेजते हैं। वन विभाग के गश्ती दल और रेलवे लोको पायलट को अलर्ट मिलते ही सक्रिय हो जाते हैं और हाथियों को सुरक्षित ट्रैक पार कराते हैं। एआई प्रणाली केवल हाथियों की निगरानी के लिए ही नहीं बल्कि जंगलों में होने वाली अवैध गतिविधियों पर भी नजर रख रही है। कुछ विशेष बिंदुओं पर कैमरों को केंद्रित किया गया है ताकि हाथियों की आवाजाही का पता लगाया जा सके और उन्हें गांवों में प्रवेश करने से रोका जा सके। एक कैमरा 300 मीटर के क्षेत्र की निगरानी कर रहा है, जहां जंगली हाथियों की आवाजाही अक्सर होती है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता



सुविचार: यदि आप केवल अपना ही ध्यान रखेंगे तो दूसरे आपका ध्यान रखना कम कर देंगे

# रेजिडेंशियल स्कूलों को 11,600 करोड़ रुपये का आवंटन ऐतिहासिक : भट्टी

> मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने मीडिया को बताया

हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि पीपुल्स सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाले 55 यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजिडेंशियल स्कूलों के निर्माण के लिए 11,600 करोड़ रुपये आवंटित करने का निर्णय देश के इतिहास में ऐतिहासिक है। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने रविवार को हैदराबाद मिनिस्टर क्वार्टर्स में मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी के आवास पर मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के साथ आयोजित एक मीडिया सम्मेलन में बात की।



उन्होंने कहा कि राज्य के गरीब, पिछड़े, कमजोर, सामान्य एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजिडेंशियल स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाये जा रहे एकीकृत आवासीय विद्यालयों की तरह देश में कोई निजी शिक्षण संस्थान नहीं होंगे। कुछ महीने पहले, जनता सरकार ने तीन यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजिडेंशियल स्कूलों के लिए धनराशि स्वीकृत और आवंटित की थी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और शिक्षा विभाग के प्रभारी ने शनिवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा 55 स्कूलों को धन आवंटित करने के लिए आदेश जारी किए। लगभग 20 से 25 एकड़ के क्षेत्र में स्थापित होने वाले एकीकृत आवासीय विद्यालय में एक उत्कृष्ट खेल मैदान होगा और इसमें पढ़ाने वाले शिक्षकों को समायोजित करने के लिए एक आवास परिसर भी बनाया जाएगा। इसे छात्रों के लिए सभी सुविधाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ डिजिटल शिक्षा शिक्षण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। छात्रों के लिए प्रयोगशाला, पुस्तकालय और मिनी-एपी थिएटर की व्यवस्था करने वाले ये आवासीय विद्यालय गरीबों, कमजोरों और उन लोगों के परिवारों के लिए उपयोगी हैं जो निजी शिक्षण संस्थानों में लाखों-लाख रुपये की फीस नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि इस आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र दुनिया से प्रतिस्पर्धा कर सकें, इसके लिए पाठ्यक्रम भी डिजाइन किया जा रहा है।

हम बहुत भाग्यशाली महसूस करते हैं कि हमारे समय में गरीब और वंचित समुदायों के मध्यम वर्ग के बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों की शिक्षा प्रदान करने के लिए एकीकृत आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। हमारे नेता राहुल गांधी और एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस सरकार को सामाजिक परिवर्तन के लिए समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए बड़े पैमाने पर काम करना चाहिए और समाज का भला करने की सोच के साथ इंदिराम्मा राज्य की जनता सरकार ने एकीकृत आवासीय विद्यालय स्थापित करने का क्रांतिकारी निर्णय लिया है। इस स्कूल में पढ़ने वाले छात्र बड़े होकर भविष्य में दुनिया पर राज करने वाले संगठनों में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ के बावजूद, सरकार जो भी पैसा दे रही है, उसका उपयोग केवल लोगों की जीवन स्थितियों में सुधार के लिए किया जा रहा है। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने 55 एकीकृत आवासीय विद्यालयों के निर्माण के लिए धन आवंटित करने के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने बात की।

मीडिया सम्मेलन में सांसद रामसहायम रघुराम रेड्डी, बलारनायके, खम्मम संयुक्त जिले के विधायक मत्ता रागमयी, कोरम कनकैया, मालोथु रामदास नायक, पायम वेंकटेश्वरलु, टेललेम वेंकटराव, जरे आदिनारायण और अन्य ने भाग लिया।

# एससी समुदाय को धोखा देने पर तुले हैं सीएम : बीआरएस

## राजैया ने लगाया धोखा देने का प्रयास करने का आरोप



हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में लंबे समय से प्रतीक्षित एससी वर्गीकरण को लागू करने के लिए तत्काल कार्ययोजना का आह्वान करते हुए बीआरएस नेता टाटीकोंडा राजैया और आरएस प्रवीण कुमार ने मांग की कि सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती के लिए आयोजित परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा तब तक रोक दी जानी चाहिए जब तक कि वर्गीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, ताकि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया आश्वासन पूरा हो सके। तेलंगाना भवन में गुव्वाला बलाराजू और मेथुकु आनंद सहित कई अन्य नेताओं के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उन्होंने देरी पर अपनी चिंता व्यक्त की। टाटीकोंडा राजैया ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर एससी समुदाय को धोखा देने का प्रयास करने का आरोप लगाया। 30 साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने एससी वर्गीकरण पर फैसला सुनाया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि तेलंगाना एससी वर्गीकरण को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा।

बीआरएस नेताओं ने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी गलत मंशा से वर्गीकरण प्रक्रिया से पहले समूहों में नौकरियां भरकर एससी समुदाय को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। शमीम अख्तर के एक सदस्यीय आयोग ने एससी को ए, बी और सी समूहों में वर्गीकृत करने का सुझाव दिया था। हालांकि, मडिगा और मडिगा उप-जाति के नेता इस दलील पर आपत्ति जता रहे हैं कि एससी वर्गीकरण रिपोर्ट में खामियां हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से उन्नत जातियों को ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि 3.33 मिलियन की आबादी वाले मडिगा समुदाय को केवल 11 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इसके विपरीत, 1.5 मिलियन की आबादी वाले माला समुदाय को 5 प्रतिशत आरक्षण मिला है। नेताओं ने यह भी बताया कि मडिगा की एक उपजाति बुडागा जंगलू को मडिगा समुदाय से अलग कर दिया गया है।

इसके अलावा पिछड़ी नेताकानी जाति को ग्रुप सी में शामिल किया गया और नेताकानी जाति के साथ-साथ माला समुदाय को भी 5 प्रतिशत आरक्षण मिला। बीआरएस नेताओं ने मांग की कि सरकारी नौकरियों में भर्ती केवल एससी वर्गीकरण लागू होने के बाद ही होनी चाहिए।

# भविष्य की शिक्षा विश्वविद्यालयों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए : बालाकिस्ता रेड्डी



हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो.वी. बालाकिस्ता रेड्डी ने कहा कि भारत के विकास को गति देने के लिए सभी विश्वविद्यालयों के एजेंडे में भविष्य की शिक्षा सबसे आगे होनी चाहिए और ऐसे प्रयासों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। बालाकिस्ता रेड्डी ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत की बढ़ती जनसंख्या कोई बोझ नहीं है, बल्कि एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा, जिनके पास ज्ञान और नवाचार है, वे दुनिया को आकार देते हैं। आज, वैश्विक सुर्खियों में भारत है, इसकी युवा और गतिशील आबादी का शुक्रिया।

वैश्वीकरण, उदारीकरण, निजीकरण, डिजिटलीकरण और हाल ही में कोविड-19 के कारण उत्पन्न व्यवधानों के प्रभाव पर विचार करते हुए, प्रो. रेड्डी ने प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से इन परिवर्तनों के अनुकूल होने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, महामारी ने शिक्षा के लिए कई चुनौतियां खड़ी की हैं, और हमें अत्याधुनिक तकनीक के साथ उन्हें प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। भविष्यवादी एल्विन टॉफ़लर को उद्धृत करते हुए, उन्होंने भविष्य के रुझानों के अनुरूप शिक्षा प्रणालियों को विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, बालाकिस्ता रेड्डी ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट भी लॉन्च की और एक नया ब्रोशर जारी किया। एमएनआर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, रवि वर्मा ने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, हम अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संकाय द्वारा समर्थित विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए दृढ़ हैं। उत्कृष्टता की हमारी खोज में कोई समझौता नहीं होगा।

कुलपति प्रो. कृष्ण चालम ने एमएनआरयू के भविष्य के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी उभरती हुई तकनीकों को छात्रों को लाभान्वित करने के लिए सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में एकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा पाठ्यक्रम उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे स्नातक भविष्य के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हों। एमएनआरयू के रजिस्ट्रार प्रो. टी.वी. सत्यनारायण ने तेलंगाना सरकार को उसके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। नवनिर्मित केंद्रीय प्रवेश कार्यालय छात्रों और अभिभावकों के लिए पहुंच बढ़ाने के लिए बनाया गया है, जिसमें उन्हें सूचित शैक्षणिक निर्णय लेने में सहायता के लिए समर्पित परामर्शदाता और अधिकारी उपलब्ध हैं।

## प्रदूषकों को मंजीरा नदी में ले जा रहा है नक्कवागु : सीपीआई (एम)

संगारेड्डी, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेताओं ने कहा कि नक्कावागु से मंजीरा में बहने वाला पानी नदी को प्रदूषित कर रहा है। पार्टी जिला समिति के सदस्य अथिमेला माणिक और अन्य ने रविवार को चौटाकुर मंडल के इटिगड्डा लिंगमपल्ली में नदी का दौरा किया और पानी की जांच की।

माणिक ने कहा कि नक्कावागु नदी, जो पाटनचेरू औद्योगिक क्षेत्र से होकर बहती है, नदी में बहुत सारे प्रदूषक ला रही है, क्योंकि उद्योग अंधाधुंध तरीके से प्रदूषक पदार्थ नदी में डाल रहे हैं। उन्होंने मांग की कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नदियों में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। माणिक ने कहा कि नक्कावागु से आने वाले पानी को मवेशी भी नहीं पीते हैं। उन्होंने सरकार से उद्योगों द्वारा नदी में प्रदूषक छोड़ने पर कड़ी निगरानी रखने का आग्रह किया।

# जितेन्द्र सिंह ने गर्भावस्था में मधुमेह की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई का आह्वान किया



हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि गर्भावस्था में मधुमेह की रोकथाम इसके बढ़ते बोझ को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण है और उन्होंने भारत में मधुमेह की तेजी से फैल रही महामारी को रोकने के लिए, विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं में, मधुमेह की प्रारंभिक जांच की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया। भारत में मधुमेह अध्ययन समूह (डीआईपीएसआई) के 19वें वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गर्भकालीन मधुमेह केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं है, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर इसके दीर्घकालिक प्रभाव को देखते हुए एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। गर्भकालीन मधुमेह न केवल मां को बल्कि पूरी पीढ़ी के भविष्य को भी प्रभावित करता है। गर्भावस्था में मधुमेह की रोकथाम इस महामारी के प्रसार को रोक सकती है। इससे निपटने के लिए सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास होना चाहिए। मंत्री ने नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य पेशेवरों से निवारक उपायों को मुख्यधारा के स्वास्थ्य कार्यक्रमों में एकीकृत करने का आग्रह किया। जितेंद्र सिंह, जो खुद एक मधुमेह विशेषज्ञ हैं, ने युवा भारतीयों में मधुमेह के चिंताजनक प्रसार पर प्रकाश डाला और चेतावनी दी कि अगर इसे अनियंत्रित छोड़ दिया गया, तो यह देश की स्वतंत्रता की शताब्दी 2047 तक भारत के कार्यबल को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।

हम भारत के युवा राष्ट्र होने की बात करते हैं, लेकिन अगर हमारे युवाओं की ऊर्जा मधुमेह और इसकी जटिलताओं से खत्म हो जाती है, तो हम भविष्य को खतरे में डाल रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गर्भावधि मधुमेह भारत में लगभग 15-20 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को प्रभावित करता है, जो वैश्विक औसत से काफी अधिक है, जिससे इसकी रोकथाम एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता बन जाती है। मधुमेह के बढ़ते संकट की चेतावनी देते हुए, जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारत युवा आबादी में टाइप 2 मधुमेह में खतरनाक वृद्धि का सामना कर रहा है, जो जीवनशैली में बदलाव और मोटापे की बढ़ती दरों के कारण है। उन्होंने आगाह किया कि तत्काल हस्तक्षेप के बिना, देश में हृदय संबंधी बीमारियों, गुर्दे की विफलता और तंत्रिका संबंधी विकारों सहित मधुमेह से संबंधित जटिलताओं में विस्फोट हो सकता है। यह केवल एक स्वास्थ्य चुनौती नहीं है; यह एक सामाजिक-आर्थिक मुद्दा है। यदि हमारी कामकाजी आयु वर्ग की आबादी का एक बड़ा हिस्सा मधुमेह से जूझ रहा है, तो यह राष्ट्रीय उत्पादकता को प्रभावित करेगा और हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर बोझ डालेगा, उन्होंने जागरूकता अभियान, जीवनशैली में हस्तक्षेप और प्रारंभिक जांच के माध्यम से तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। जितेंद्र सिंह ने सरकारी अस्पतालों और ओपीडी में एक सरलीकृत जांच प्रक्रिया को लागू करने का सुझाव दिया, जिसमें स्वयंसेवक प्रारंभिक पहचान के लिए बुनियादी बीएमआई और ग्लूकोज माप कर सकते हैं।

# तेलंगाना सरकार महिलाओं को सभी क्षेत्रों में प्राथमिकता दे रही है : डॉ. हरीश



हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सूचना एवं नागरिक संबंध विभाग के विशेष आयुक्त डॉ. हरीश ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं और तेलंगाना सरकार महिलाओं को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए उचित स्थान प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने तेलंगाना मीडिया अकादमी भवन, नामपल्ली, चैपल रोड में महिला पत्रकारों के लिए आयोजित "ऑनलाइन पत्रकारिता – महिला पत्रकारों का सशक्तिकरण" एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मीडिया अकादमी के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी की अध्यक्षता में गठित पत्रकारों की प्रत्यायन अध्ययन समिति ने महिला पत्रकारों के लिए विशेष सिफारिशें की हैं और उम्मीद है कि महिला पत्रकारों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलेगा। महिला पत्रकारों को न केवल पत्रकारिता के पेशे में, बल्कि सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए और इसके लिए प्रसिद्ध महिला वैज्ञानिक मैरी क्यूरी को उदाहरण के रूप में लिया जाना चाहिए, जो भौतिकी और रसायन विज्ञान दोनों में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला थीं। मीडिया अकादमी के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी की अध्यक्षता में कक्षाएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर डेटा साइंस कॉलेज की प्रोफेसर मधु विश्वनाथम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ राकेश डुब्बुडु "न्यूज सोर्स - कंटेंट नॉलेज", हैदराबाद यूनिवर्सिटी की वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर माधवी रवि कुमार "ऑनलाइन जर्नलिज्म, नेविगेशन, विश्वसनीयता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" और आईएसबी "फेक न्यूज - कन्फ्यूजिंग न्यूज" पर कॉलेज ऑफ डेटा साइंस की एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. श्रुति मंत्री ने विचार रखे। प्रशिक्षण कक्षाओं में राज्य के विभिन्न जिलों और हैदराबाद शहर से कुल 50 महिला पत्रकारों ने भाग लिया। अकादमी द्वारा उपस्थित पत्रकारों को व्यावसायिक रूप से उपयोगी विषयों पर 10 पुस्तकें एवं प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में मीडिया अकादमी के सचिव नागुलापल्ली वेंकटेश्वर राव, महिला पत्रकारों की समन्वयक राजेश्वरी और अन्य ने भाग लिया।

## गुम्माडिडला डंप यार्ड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

संगारेड्डी, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गुम्माडिडला मंडल के नागरिक पिछले 33 दिनों से ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) द्वारा प्यारानगर गांवमें डंप यार्ड स्थापित करने के फैसले का गुम्माडिडला मंडल मुख्यालय, नल्लवल्ली गांव और प्यारानगर गांव में नागरिक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

प्रदर्शन में सभी वर्गों के लोग शामिल थे। नल्लावल्ली के पूर्व सरपंच शंकर ने कहा कि वे जीएचएमसी को डंप यार्ड खोलने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, क्योंकि इससे उनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। शंकर ने कहा कि गुम्माडीडला हैदराबाद को अच्छी गुणवत्ता वाली सब्जियां भेजने के लिए जाना जाता है। हालांकि, उन्हें दशकों तक अच्छी गुणवत्ता वाली सब्जियां और दूध की आपूर्ति करने के बदले में हैदराबाद से निकलने वाला कचरा मिलेगा।

# कांग्रेस ने अद्दांकी दयाकर, शंकर नाइक विजयशांति को एमएलसी उम्मीदवार घोषित किया



अद्दांकी दयाकर



विजयशांति



शंकर नाइक

हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने रविवार को एमएलसी उम्मीदवारों के रूप में अद्दांकी दयाकर, शंकर नाइक और विजयशांति का नाम घोषित किया है। विधानसभा में संख्या बल के आधार पर कांग्रेस को 4 सीटें मिलीं, जबकि विधानसभा चुनाव में किए गए वादे के अनुसार एक सीट सीपीआई को आवंटित की गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एमएलसी उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देते हुए एक बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विधायकों द्वारा चुने जाने वाले तेलंगाना विधान परिषद के आगामी द्विवार्षिक चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवारों के रूप में निम्नलिखित व्यक्तियों की उम्मीदवारी के प्रस्ताव को मंजूर दे दी है।

# 7,500 रुपये गंवाने के बाद व्यक्ति ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर जालसाजों के कारण 7,500 रुपये गंवाने वाले एक इलेक्ट्रीशियन ने शनिवार रात वनस्थलीपुरम के एक छात्रावास में आत्महत्या कर ली। नलगोंडा जिले के मूल निवासी और वनस्थलीपुरम के एमएसआर बॉयज हॉस्टल में रहने वाले वाल्की आकाश (22) इलेक्ट्रीशियन के तौर पर काम करते थे। शनिवार की रात को उन्होंने अपनी मां को फोन करके बताया कि उनके ई-वॉलेट अकाउंट से 7,500 रुपये की रकम निकल गई है। उनकी मां ने आकाश से कहा कि वे परेशान न हों और कहा कि समस्या का समाधान हो जाएगा और उन्हें अपने दोस्तों की मदद लेने के लिए कहा।

रविवार की सुबह आकाश की माँ ने उसे फ़ोन किया लेकिन उसने फ़ोन नहीं उठाया। फिर उसने आकाश के दूसरे दोस्तों को सूचित किया जिन्होंने बताया कि उसने आत्महत्या कर ली है। वनस्थलीपुरम के सब इंस्पेक्टर वी रवि ने बताया कि आकाश कथित तौर पर डिप्रेशन में चला गया और रात में उसने कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस को संदेह है कि कुछ साइबर जालसाजों ने आकाश को ठगकर पैसे ट्रांसफर कर लिए होंगे।

# तेलंगाना में कृषि भूमि की बिक्री में संकट की लहर कठोर वास्तविकता से जूझ रहे हैं किसान

हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कभी समृद्धि और वित्तीय सुरक्षा का प्रतीक रही तेलंगाना की ज़मीन अब किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। डेढ़ साल पहले, मंत्र स्पष्ट था: 'तेलंगाना में एक एकड़ बेचो, और तुम आंध्र प्रदेश में 10 एकड़ खरीद सकते हो', एक ऐसा तथ्य जिसे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू ने भी स्वीकार किया था। यहां कृषि भूमि की कीमतें आसमान छू रही थीं, जो 30 लाख रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच गई थीं और रणनीतिक राजमार्गों के किनारे समान आकार के भूखंडों के लिए 2.5 करोड़ रुपये तक भी मिल रहे थे। पिछले बीआरएस शासन के दौरान बुनियादी ढांचे के विकास, विशेष रूप से सिंचाई परियोजनाओं और बेहतर कनेक्टिविटी ने इस कृषि उछाल को बढ़ावा दिया, किसानों का आत्मविश्वास बढ़ाया और उन्हें वित्तीय कठिनाइयों से आसानी से निपटने में मदद की। रैतु बंधु के तहत मुफ्त बिजली और फसल निवेश सहायता ने भी कृषि को लाभदायक बनाया लेकिन यह सुनहरा दौर तेजी से फीका पड़ गया है। पिछले एक साल में, जमीन की कीमतों में भारी गिरावट आई है, जिससे किसान एक कठोर वास्तविकता से जूझ रहे हैं। कभी प्रतिष्ठित एकड़ जमीन अब कोई खरीदार नहीं पा रहा है, और पूरे क्षेत्र में संकट की स्थिति में बिक्री की लहर चल रही है। बीआरएस शासन के दौरान जीवंत बाजार के विपरीत इस विपरीत स्थिति ने कई किसानों को अनिश्चितता और चिंता की स्थिति में डाल दिया है।

तेलंगाना में भूमि के मूल्यों में गिरावट ने राज्य के छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक बड़ा संकट पैदा कर दिया है। कई किसान बैंकों और अनौपचारिक साहूकारों से ऋण लेने के लिए ज़मीन को गिरवी रख देते हैं। भूमि की कीमतों में गिरावट ने उनकी ऋण योग्यता को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे कृषि निवेश या व्यक्तिगत खर्चों के लिए ऋण प्राप्त करना मुश्किल हो गया है।

# अयोध्या में रिसेप्शन से पहले दूल्हा-दुल्हन की मौत



अयोध्या, 9 मार्च (एजेंसियां)। अयोध्या में शादी के अगले दिन दुल्हन और दूल्हे की मौत हो गई। पत्नी का शव कमरे में बेड पर था, जबकि पति पंखे से लटका हुआ था। रविवार सुबह 7 बजे तक दोनों नहीं उठे तो घरवाले जगाने पहुंचे। देखा तो कमरा अंदर से बंद था। घरवालों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। इसके बाद घरवालों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर देखा तो उनके होश उड़ गए। दूल्हे को फंदे से उतारा और दोनों को अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। 7 मार्च यानी शुक्रवार को शादी हुई थी। शनिवार सुबह दुल्हन विदा होकर घर आई थी। आज रिसेप्शन था, जिसकी तैयारियां चल रही थीं। मामला कैंट के सहादतगंज मुरावन टोला का है। दूल्हे का नाम प्रदीप है। बेटे की मौत पर मां रोते-रोते बेसुध हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में सुसाइड का मामला लग रहा है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा रहा है। रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही वजह स्पष्ट हो पाएगी। सपा सांसद अवधेश प्रसाद भी दूल्हे के घर पहुंच गए हैं। उन्होंने दूल्हे के परिजनों को सांत्वना दी। दुल्हन के घरवाले भी मौके पर पहुंच गए हैं।

# जब पीएम मोदी को लेकर अखिलेश यादव ने कहा

## 'इस अंजुमन में आपको आना है बार-बार'



लखनऊ, 9 मार्च (एजेंसियां)। सूफी संगीत समारोह 'जहान-ए-खुसरो' के 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शरीक हुए। इसका आयोजन देश की राजधानी दिल्ली के सुंदर नर्सरी में किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के इस कार्यक्रम में शरीक होने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कार्यक्रम की एक क्लिप शेयर करते हुए लिखा, इस अंजुमन में आपको आना है बार-बार, अब नफरतों को दिल से निकाल दीजिए। इस कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज जहान-ए-खुसरो में आकर मन खुश होना स्वभाविक है। जहान-ए-खुसरो के आयोजन में एक अलग खुशबू है। ये खुशबू हिंदुस्तान की मिट्टी की है। वो हिंदुस्तान जिसकी तुलना हजरत अमीर खुसरो ने जन्नत से की थी। हमारा हिंदुस्तान जन्नत का वो बगीचा है, जहां तहजीब का हरा रंग फला-फूला है। सूफी परंपरा ने ना केवल इंसान की रूहानी दूरियों को कम किया है, बल्कि दुनियावी दूरियों को कम किया। रूमी ने कहा था कि शब्दों को ऊंचाई दे आवाज को नहीं, क्योंकि फूल बारिश में पैदा होते हैं, तूफान में नहीं।

**रमजान की मुबारकबाद दी**

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देशवासियों को रमजान की मुबारकबाद भी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की सभ्यता, उसकी तहजीब को स्वर उसके गीत-संगीत से मिलते हैं और उसकी अभिव्यक्ति कला से होती है। उन्होंने कहा, भारत में सूफी परंपरा ने अपनी एक अलग पहचान बनाई। सूफी संतों ने खुद को मस्जिद और खानकाहों तक सीमित नहीं रखा है। उन्होंने पवित्र कुरान के हर्फ पढ़े तो वेदों के शब्द भी सुने, उन्होंने अजान की सदा में भक्ति के गीतों की मिठास को जोड़ा।

**जहान-ए-खुसरो समारोह का जिक्र**

जहान-ए-खुसरो समारोह का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे मौके देश की कला संस्कृति के लिए तो जरूरी होते ही है, साथ ही इनसे सुकून भी मिलता है। उन्होंने कहा, जहान-ए-खुसरो का यह सिलसिला अपने 25 साल पूरा कर रहा है। इन 25 वर्षों में इस आयोजन का लोगों के जहन में जगह बना लेना अपने आप में बड़ी कामयाबी है।

# गिरिराज सिंह बोले- बाबा पर सवाल उठाना कुंठित मानसिकता

**एमपी ने सीएम के बयान पर कहा- कानून सम्मत होगा, मीडिया से की बातचीत**

बेगूसराय, 9 मार्च (एजेंसियां)। बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मध्य प्रदेश में धर्मांतरण पर फांसी की सजा के चर्चा पर कहा कि कानून के राज में कानून सम्मत कार्य होगा। वहीं, बागेश्वर बाबा और रविशंकर के यात्रा पर सवाल को लेकर कहा कि विरोध करने वाले कुंठित मानसिकता के लोग हैं। उन्होंने आज बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि कोई भी राज्य हो, कोई भी हो, भारत में नरेन्द्र मोदी की सरकार है। जब भी कोई काम होगा तो कानून के साथ होगा। अगर कानून सम्मत अपराधियों को फांसी की सजा देने की होगी तो फांसी की सजा मिलेगी। गिरिराज सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कुछ कहा है तो इसलिए कानून सम्मत ही होगा, कानून के राज्य में कानून से ही चलेगा। बिहार में बाबाओं के दौरे को लेकर सवाल उठाए जाने पर भी जोरदार तंज कसते हुए इसे मानसिक कुंठा कहा है। उन्होंने कहा है कि देखिए कोई हो यह भारत है।

भारत में सभी को स्वतंत्रता है कहीं भी आने का जाने का। श्री रविशंकर जी महाराज हों या श्री बागेश्वर बाबा हों, उस पर कोई सवाल उठाने का अधिकार किसी को नहीं है। जो सवाल उठता है वह या तो उस धर्म का उस विरोधी है या कुंठित मानसिकता का है।

# शाखा में आने से क्या फायदा होता है

## स्वयंसेवक के सवाल का आरएसएस प्रमुख ने दिया ऐसा जवाब; अब हो रही चर्चा



मुजफ्फरपुर, 9 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ। मोहन भागवत सुबह सिकंदरपुर स्थित पंडित नेहरू स्टेडियम में सम्राट अशोक तरुण व्यवसायी शाखा में शामिल हुए। यहां स्वयंसेवकों की जिज्ञासाओं को शांत किया। एक स्वयंसेवक का प्रश्न था कि शाखा में जाने से क्या फायदा होता है। डॉ.भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक हर बस्ती में टोली का निर्माण करें। टोली का काम होगा कि वह हर परिवार से जुड़े। हर मंडल स्तर पर शाखा लगनी चाहिए। बस्ती से शिक्षक निकले। वहां पर जरूरतमंद की मदद हो। मंडल स्तर पर शाखा लगे, यह भी कोशिश होनी चाहिए। सरसंघचालक डॉ। मोहन भागवत ने कहा कि शाखा में आने से व्यक्ति का निर्माण होता है। व्यक्ति से समाज और समाज से ही राष्ट्र का निर्माण होगा। इस भाव को लेकर शाखा से जुड़ना है। स्वयंसेवकों को टास्क दिया कि अपरिचितों से जरूर मिले। उन्हें परिचित बनाएं, क्योंकि पहले अपरिचित आपसे परिचित होता है, उसके बाद मित्र बन जाता है। मित्र को शाखा से जोड़ना चाहिए। शाखा का अनुशासन इस तरह का हो कि बगल से गुजरने वाला भी ठहर जाए। यहां पर होने वाले गीत से लेकर खेलकूद व अन्य गतिविधि में रिदम होनी चाहिए। इससे लोगों की शाखा के प्रति रूचि होगी। वह आपसे जुड़ेंगे। संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष को लेकर कहा कि अनुशासित और मजबूत हिंदू समाज बनाना लक्ष्य है। शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए संघ प्रचारकों का मार्गदर्शन किया। सामाजिक समरसता के जरिए बदलाव लाने का भी आह्वान किया। दोपहर में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के विभाग संघचालक चंद्रमोहन खन्ना चन्नी के चंद्रलोक चौक स्थित आवास पर पहुंचे। वहां पर परिवार जन का हालचाल लिया। उसके बाद दिन का भोजन किया। चन्नी की पुत्री शिवानी व दामाद शिवी को आशीर्वाद दिया। उसके बाद संघ कार्यालय मधुकर निकेतन पहुंचे। यहां पर प्रचारकों के साथ अलग-अलग बैठक की।

**शताब्दी वर्ष को भव्य और यादगार बनाने की तैयारी**

मालूम हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष को भव्य और यादगार बनाने की तैयारी कर रहा है। इसको लेकर संघ प्रमुख अलग-अलग जगह पर प्रवास कर रहे हैं। पांच दिनों के प्रवास पर वह यहां आए हैं। रविवार सुबह प्रचारकों के साथ बैठक के बाद वह नागपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। इधर, संघ प्रमुख ने आज शाखा टोली, मुख्य शिक्षक, शाखा कार्यवाह, नगर कार्यवाह, नगर कार्यकारणी के साथ बैठक की। शाखा में मुख्य रूप से क्षेत्र प्रचारक रामनवमी, क्षेत्र संघचालक देवव्रत वाहन, प्रांत प्रचारक रविशंकर सिंह विशेन, प्रांत संघ चालक अधिवक्ता गौरीशंकर प्रसाद आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

### एक लाख का इनामी गैंगस्टर मुठभेड़ में ढेर

मथुरा, 9 मार्च (एजेंसियां)। मथुरा में पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी गैंगस्टर के मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उसकी यूपी के साथ ही राजस्थान, जम्मू कश्मीर सहित कई राज्यों तलाश थी। शातिर पर तीन दर्जन से अधिक हत्या और डकैती के मामले दर्ज थे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में आरोपी फाति उर्फ असद को गोली लगी है। उन्होंने बताया कि उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीजीपी ने बताया कि फाति छैमार गिरोह का सरगना था और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों में लूट, डकैती और हत्या के तीन दर्जन से अधिक मामलों में वांछित था। संगठित अपराध के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्रवाई में उसकी मौत को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है।

# धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के 'हिंदू राष्ट्र' के बयान पर कांग्रेस हमलावर

## एमएलए अजीत शर्मा बोले- 'अभी नए-नए आये हैं'

पटना, 9 मार्च (एजेंसियां)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 10 मार्च तक बिहार के गोपालगंज में रहने वाले हैं। यहां हनुमंत कथा का आयोजन किया गया है। बागेश्वर बाबा के बिहार आने से सियासी गलियारों में खूब बयानबाजी हो रही है। आरजेडी उनके कार्यक्रम को बीजेपी का एजेंडा बता रहा है। वहीं अब धीरेंद्र शास्त्री के हिंदू राष्ट्र को लेकर दिए गए बयान के बाद कांग्रेस भी हमलावर हो गई है। भागलपुर से कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि किस तरह हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं देश की आजादी के लिए हिंदू,मुस्लिम सिख, ईसाई सभी ने कुर्बानियां दी है।



**'जनता आपको माफ नहीं करेगी'**

कांग्रेस विधायक ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री देश की जनता आपको माफ नहीं करेगी। अपने वचन को सुधारिये। सबको साथ लेकर चलिए। मैं भी हिंदू हूं मेरा भी धर्म सनातन है लेकिन कभी हमने बांटने का काम नहीं किया। बाटंने का काम करेंगे तो देश की जनता आपको माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर धीरेंद्र शास्त्री इस तरह के बयान दे रहे हैं। शास्त्री जी क्या हैं अभी नए-नए आये हैं और प्रवचन दे रहे हैं हिंदू राष्ट्र बनाने का। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहूंगा कि जो भी दूसरे देश के भारत आए हैं उन्हें शरण देने का काम कीजिए।

# 'होली के दिन घर में ही नमाज पढ़े मुस्लिम समुदाय

**सहरसा में बीजेपी जिला अध्यक्ष बोले-रंग डालने को लेकर हो सकता है विवाद**



सहरसा, 9 मार्च (एजेंसियां)। सहरसा में होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन होने से नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने मुस्लिम समुदाय को सलाह दी है कि वे 14 मार्च को होली के दिन जुम्मे की नमाज घर पर ही अदा करें। बीजेपी जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा कि होली साल में एक बार आती है, जबकि जुम्मे की नमाज हर सप्ताह पढ़ी जाती है। रविवार को मीडिया को उन्होंने जानकारी दी और उन्होंने कहा कि यह सलाह शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा बुलाई गई शांति समिति की बैठक में दे चुके है।

**घर पर ही रहकर पढ़ें नमाज**

उनका कहना है कि होली हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार है, जिसे लोग बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। इस दौरान अगर कोई शरारती तत्व मस्जिद जाते समय मुस्लिम भाइयों पर रंग डाल दे, तो विवाद हो सकता है और विवाद से बचाने का एक उपाय भी है। ऐसे मे मुस्लिम भाई जुम्मे की नमाज घर पर ही रहकर पढ़ ले। वर्तमान में रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय को दोपहर में मस्जिद जाकर जुम्मे की नमाज अदा करनी होगी। किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए भाजपा नेता ने यह सलाह दी है।

# 'शोर मचाना है तो विधानसभा जाओ'

## बीजेपी विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष के बीच तीखी बहस



मुरादाबाद, 9 मार्च (एजेंसियां)। जिला पंचायत की बैठक के दौरान दो बीजेपी के बड़े नेता आमने-सामने आ गए। जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली सिंह और कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस बैठक के बीच विधायक के बोलने पर भड़की जिला पंचायत अध्यक्ष शैफाली सिंह ने कहा ये कोई विधानसभा नहीं अगर आपको शोर मचाना है तो यहां नहीं विधानसभा में जाकर मचाओ। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा बैठक में कुछ मुद्दे उठाए गए थे जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष भड़क गईं और विधायक को खरी-खोटी सुनाने लगीं। जिस पर बीजेपी के बाकी नेताओं ने दोनों को शांत कराया। अब दोनों की तीखी बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल बीजेपी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अधिकारियों की अनुपस्थिति और विकास कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर बैठक में बात छेड़ दी थी जिसके बाद विवाद हुआ और वहां मौजूद बीजेपी के बड़े नेताओं को बीच में आकर मामला शांत कराना पड़ा।

**बैठक में बिजली विभाग का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था- रामवीर सिंह**

अब वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि वहां हमने जनता से जुड़े हुए मुद्दे उठाने के लिए संबंधित अधिकारियों से परिचय करने ओर जनता की समस्याओं को बताने के लिए बात की थी। जनता की बिजली विभाग से जुड़ी समस्याएं थी लेकिन वहां बिजली विभाग का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। लोक निर्माण विभाग (पी डब्ल्यूडी) का कोई अधिकारी वहां मौजूद नहीं था। सड़कों की समस्या किसको बताई जाती, इसलिए हमने कहा था कि अधिकारी कहां हैं।

# मालगाड़ी के दो डिब्बे नाले में गिरे

**जमालपुर रेल इंजन कारखाना में शटिंग के दौरान घटना, दो महीने पहले भी हुआ था हादसा**



मुंगेर, 9 मार्च (एजेंसियां)। जमालपुर रेल कारखाना परिसर में एक बड़ा रेल हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि रात शंटिंग के दौरान मालगाड़ी के दो डिब्बे ब्रेकर तोड़कर आगे बढ़ गए। ये डिब्बे सुरक्षा दीवार को तोड़ते हुए जंघीरा मोहल्ले के पास स्थित नाले में जा गिरे। घटना से रेल परिचालन प्रभावित नहीं हुआ। हादसे के समय घटनास्थल से महज 50 मीटर की दूरी पर जंघीरा रेलवे अंडरपास की मरम्मत का काम चल रहा था। सूचना मिलते ही रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर भी जवानों के साथ घटनास्थल पर आए। बता दें कि रेल कारखाना जमालपुर में बीते दो महीने में इस तरह की यह दूसरी घटना घट चुकी है। कारखाने में बीते 23 जनवरी को भी मालगाड़ी के डिरेलमेंट की बड़ी घटना हुई थी। तब घंटों जमालपुर-किउल रेलखंड पर परिचालन बाधित रहा था। मालदा की टीम ने तत्परता से मलबा हटाकर ट्रेनों का संचालन शुरू कराया था। घटनास्थल पर मौजूद रेलकर्मियों के मुताबिक,पटरियों के समुचित रख-रखाव में कमी हादसे की वजह हो सकती है। हालांकि रेलवे के अधिकारी इस पर अभी कुछ भीकहने से बच रहे हैं। सड़क किनारे रहती आबादी स्थानीय लोगों ने बताया कि देर शाम अचानक तेज आवाज सुनाई दी। नाले के पश्चिमी छोर से करीब साढ़े तीन फीट ऊपर जमालपुर-किउल रेलवे ट्रैक है। पूर्वी छोर पर पांच फीट की दूरी पर मुख्य सड़क है, जिसके किनारे हजारों की आबादी बसी है। रेलकर्मियों का कहना है कि पटरियों के समुचित रखरखाव में कमी हादसे की वजह हो सकती है। हालांकि, रेलवे अधिकारी इस विषय पर कोई टिप्पणी करने से बच रहे हैं।

# 25 करोड़ की ड्रग्स को नेपाल के कसीनो में खपाते

**लखनऊ एयरपोर्ट के बाहर पैडलर कर रहा था इंतजार, थाईलैंड की महिला भेजी गई जेल**



लखनऊ, 9 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ में 25 करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार हुई महिला 14 दिन के लिए जेल भेज दी गई है। महिला को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कस्टम विभाग ने गिरफ्तार किया था। वह थाईलैंड की रहने वाली है। यूपी के रास्ते ड्रग्स लेकर नेपाल जा रही थी। ड्रग्स पैडलर उसका इंतजार एयरपोर्ट के बाहर कर रहा था। पुलिस के मुताविक, महिला को एयरपोर्ट पर एक ऑटो ड्राइवर मिलने वाला था। जिसके साथ वह नेपाल जाती। इस ड्रग्स का इस्तेमाल नेपाल के कसीनो में होता है। फिलहाल यह ड्राइवर कौन था? यह महिला को भी नहीं पता था। आशंका है कि ऑटो ड्राइवर यूपी के बड़े तस्करों के संपर्क में है।

**बरामद हुए माल की दुनिया में हाई-डिमांड**

कस्टम विभाग ने बताया कि महिला के बैग से जो हाई-क्वालिटी हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुआ है वो नशे की दुनिया में हाई-डिमांड पर रहता है। गिरफ्तार महिला ने पूछताछ में बताया कि नेपाल में कोई शख्स उससे संपर्क करने वाला था। हालांकि, महिला पूछताछ में पूरे नेटवर्क की जानकारी नहीं दे सकी है। उसे कैरियर की तरह तस्करों द्वारा यूज किया गया है।

कई देशों की कर चुकी है यात्रा

गिरफ्तार महिला की पहचान रोएडा मेहाने के रूप में हुई है। वह अच्छी अंग्रेजी नहीं बोल पाती। इस वजह से पूछताछ में दिक्कत आई। जांच में यह भी सामने आया कि वह पहले भी कई देशों की यात्रा कर चुकी है। जिससे शक और गहरा गया है कि यह उसका पहला ड्रग डिलीवरी असाइनमेंट नहीं था।

**सिंडिकेट की जड़ तक पहुंचने की कोशिश**

अब खुफिया एजेंसियां नेपाल और भारत में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई हैं। अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट की जड़ों तक पहुंचने के लिए कस्टम अधिकारी पूछताछ के लिए उसे फिर से रिमांड पर ले सकते हैं। उनका मानना है कि लखनऊ एयरपोर्ट के इतिहास में यह सबसे बड़ी ड्रग्स की जब्ती है।

### प्रिंसिपल के घर पर सॉल्व किया जा रहा था बोर्ड परीक्षा का पेपर, 19 लोग गिरफ्तार

हरदोई, 9 मार्च (एजेंसियां)। जिले में एसटीएफ की टीम ने एक परीक्षा केंद्र के प्रधानाचार्य के घर में छापेमारी की। इस दौरान राज्य बोर्ड परीक्षा की 10वीं कक्षा का पेपर हल कर रहे 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा उनके पास से 20 उत्तर पुस्तिकाएं बरामद की गई हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार हुए आरोपियों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। यह मामला शुक्रवार को उप्र बोर्ड परीक्षा की सुबह की पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा से जुड़ा हुआ है। एसटीएफ की टीम ने एक परीक्षा केंद्र के प्रधानाचार्य के घर में 14 लोगों को प्रश्नपत्र हल करते हुए पकड़ा। इसके अलावा दो महिलाएं एक अन्य परीक्षा केंद्र के बाहर प्रश्नपत्र हल करते हुई पकड़ी गईं। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) बालमुकुंद प्रसाद ने कहा कि एसटीएफ की टीम ने सभी 16 'सॉल्वरों' को गिरफ्तार कर लिया है।

# कोर्ट में तलाक केस के बीच अब राजा भैया के खिलाफ भानवी सिंह ने दर्ज करवाई एफआईआर, लगाया ये बड़ा आरोप



प्रतापगढ़, 9 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कुंडा से विधायक राजा भैया उर्फ रघुराज प्रताप सिंह के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया है। पत्नी ने राजा भैया पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है, जिसके बाद दिल्ली के सफदरजंग एनक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्होंने सालों तक मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेली। उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। 30 साल की शादी में कई बार उन्हें यातना झेलनी पड़ी। उनकी सास ने भी काफी प्रताड़ित किया। भारतीय राजनीति में राजा भैया के खास वजूद रखते हैं। 1993 से लेकर अब तक उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला के विधान सभा क्षेत्र कुंडा से विधायक हैं। पुलिस को भानवी ने मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के सबूत भी दिए हैं। भानवी के मुताबिक, राजा भैया के साथ उनके संबंधों में काफी समय से तनाव चल रहा था। इसी के चलते उन्होंने दिल्ली के सफदरजंग थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद राजा भैया की ओर अब तक कोई बयान नहीं आया है। वहीं, भानवी सिंह के आरोपों के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। पुलिस का कहना है कि वे सभी पहलुओं पर जांच कर रहे हैं और जल्द ही दोनों पक्षों से पूछताछ की जाएगी। राजा भैया उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बड़े और प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। तहरीर में राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह ने कई संगीत आरोप लगाए हैं।

**'जान से मारने की कोशिश की'**

पत्नी भानवी सिंह ने तहरीर में लिखा है कि उन्हें टॉर्चर किया जाता था। जब वह विरोध करती तो राजा भैया हिंसा पर उतारू हो जाते थे। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा है कि 23 अप्रैल 2015 को इस कदर मारपीट की कि अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। पत्नी ने FIR में कई संगीन आरोप अपने पति राजा भैया पर लगाए हैं। भानवी के मुताबिक, एक बार फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश भी की गई। राजा भैया बच्चों की भी उपेक्षा कर रहे हैं।

# कुंभ स्नान करने वालों पर राज ठाकरे का विवादित बयान

### कहा- 'मैं उस गंगा के गंदे पानी को भी नहीं छूऊंगा '



मुंबई, 9 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने महाकुंभ में स्नान करने वालों को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों को अंधविश्वास से बाहर निकलना चाहिए। मैं उस गंगा के गंदे पानी को भी नहीं छूऊंगा जहां करोड़ों लोगों ने स्नान किया है। दरअसल, राज ठाकरे अपनी पार्टी मनसे के 19वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पिंपरी चिंचवड़ में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि लोगों को अंधविश्वास से बाहर निकलना चाहिए। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने कुंभ मेले में अमृत स्नान करने वालों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि मैं उस गंगा के गंदे पानी को नहीं छूउंगा जहां करोड़ों नहाए हैं। उन्होंने कहा, बाला नांदगांवकर वहां का पानी लेकर आए, मैंने कहा मैं नहीं पियूंगा।

# होली पर बदलेगा दिल्ली का मौसम, आंध्र प्रदेश में 39 डिग्री पर पहुंचा पारा; पहाड़ों का क्या है हाल?



नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत का मौसम एक बार फिर तेजी से करवट ले रहा है। अभी कुछ दिनों पहले तक दिल्ली-एनसीआर में तेज ठंडी हवाएं चल रही थीं। अब हवाओं की रफ्तार कम हो गई है,। इसी के साथ न्यूनतम तापमान भी 13 डिग्री से बढ़कर 15 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान, पूर्वोत्तर भारत, राजस्थान, तमिलनाडु के पश्चिमी तट, पुडुचेरी और कराईकल के कई स्थानों पर, पूर्वी उत्तराखंड, सौराष्ट्र और कच्छ, उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश, कोंकण, गोवा और तटीय कर्नाटक के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। मध्य भारत, पूर्वी भारत, उत्तर-पश्चिम भारत, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तरी गुजरात राज्य के शेष हिस्सों में कई स्थानों पर तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, तेलंगाना, दक्षिणी छत्तीसगढ़, ओडिशा और केरल में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 35 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मध्य प्रदेश, गोवा, पूर्वी राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड, दिल्ली, दक्षिणी उत्तर प्रदेश और दक्षिणी बिहार में कई स्थानों पर तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है। वहीं, पंजाब, हरियाणा, उत्तरी उत्तर प्रदेश, उत्तरी बिहार, शेष पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत में कई स्थानों पर 25 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने की संभावना है। बीते 24 घंटों में देश में सबसे ज्यादा तापमान आंध्र प्रदेश के कुरनूल में सबसे अधिक 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**दिल्ली में होली पर बारिश**

9 से 14 मार्च के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में छिटपुट से लेकर तेज बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 12 से 14 मार्च के दौरान पंजाब में हल्की से लेकर मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।इसके अलावा हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली में 13 और 14 मार्च को बारिश का अनुमान है। 10 मार्च को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के साथ गरज और बर्फबारी की संभावना है।

**11 और 12 मार्च को चलेगी हवाएं**

10 और 11 मार्च को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में तेज बारिश हो सकती है। 11 और 12 मार्च को दिल्ली सहित भारत के गंगा के मैदानी इलाकों में तेज सतही हवाएं (20-30 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है।

# 24 घंटे में सुलझा ब्लाइंड मर्डर केस, साले ने की जीजा की हत्या, वजह जानकर रह जाएंगे हैरान

नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में हुए एक रहस्यमयी हत्या कांड का सच पुलिस ने महज 24 घंटे में सामने लाकर रख दिया। दरअसल यह मामला प्रेम-प्रसंग, अपमान और बदले की भावना से जुड़ा हुआ है। मृतक ऋतिक (20) की बेरहमी से हत्या कर उसकी पहचान छिपाने की कोशिश की गई थी, लेकिन पुलिस की तेज़ कार्रवाई और तकनीकी जांच से चारों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। कैलाश कॉलोनी के डीडीए ग्राउंड के पास झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव मिला। मृतक के गले पर गहरे घाव थे और चेहरा बिगाड़ने की कोशिश की गई थी। पुलिस ने तुरंत हत्या का मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एसएचओ ज्योति नगर वेद प्रकाश, इंस्पेक्टर गोविंद सिंह और नॉर्थ-ईस्ट जिले की नारकोटिक्स स्क्वाड के इंस्पेक्टर किरण पाल को शामिल किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी निगरानी की और लोकल इन्फॉर्मर्स से जानकारी जुटाई। जांच में पता चला कि मृतक 20 वर्षीय ऋतिक दिल्ली के जगतपुरी का रहने वाला था। जांच में सामने आया कि ऋतिक ने आरोपी की बहन से भागकर शादी की थी लेकिन शादी के बाद वह पत्नी से दुर्व्यवहार करता था और ससुरालवालों को धमकाता था। 6-7 मार्च की रात उसने दोबारा गालियां दीं, जिससे गुस्साए आरोपी और उसके दोस्तों ने उसे मारने की साजिश रची थी।

**पहले शराब पिलाई, फिर बेरहमी से हत्या**

आरोपियों ने ऋतिक को बहाने से बुलाया, शराब पिलाई और फिर एक कैब में सुनसान इलाके में ले जाकर सिंक (वॉश बेसिन) के टूटे हुए टुकड़े से गला काट दिया। शव को झाड़ियों में फेंक दिया ताकि पहचान न हो सके। पुलिस ने शिवम (20), सोनू (18), सूरज (23) और विशाल (18) को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल किया गया खून से सना वॉश बेसिन का टुकड़ा और आरोपियों के कपड़े भी बरामद कर लिए गए हैं। मामले की जांच जारी है।


# 'महिला दिवस पर मिलेगा अवार्ड' सम्मानित करने के बहाने महिला को बुलाया

### फिर पुलिस अफसर ने किया रेप; दरिंदगी की हद

बीड, 9 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बीड में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां रक्षक ही शिकारी बन गया। एक तरफ जहां पूरा देश महिला दिवस मना रहा था। वहीं, दूसरी ओर बीड़ में पुलिस का एक अधिकारी महिला के साथ रेप की घटना को अंजाम दे रहा था। पुलिस अधिकारी ने महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित करने के बहाने महिला को बुलाया था, जहां उसने दुष्कर्म की घटना अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बीड जिले के पाटोदा थाने के पुलिस अधिकारी उद्धव गडकर ने महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम के लिए एक महिला को आमंत्रित किया था। महिला अधिकारी के कहने पर कार्यक्रम में जाने को तैयार हो गई। इसके बाद आरोपी अधिकारी महिला को एक कमरे में ले गया, जहां उसने उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया।

इस दौरान महिला ने चीखने-चिल्लाने और भागने की बहुत कोशिश की, लेकिन आरोपी ने चोरी का झूठा मामला दर्ज कराने की धमकी देते हुए उसके साथ बलात्कार किया गया। घटना के बाद दोपहर करीब एक बजे महिला शिकायत दर्ज कराने पाटोदा पुलिस थाने आई। महिला दोपहर एक बजे से ही पुलिस थाने में बैठी थी। इसके बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक बालकृष्ण हंगुडे पाटिल ने पाटोदा पुलिस स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने इस मामले की जांच के निर्देश दिए। इसके बाद शाम करीब साढ़े छह बजे महिला को मेडिकल जांच के लिए बीड भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# 'माफी शिंदे साहब' पुणे में ट्रैफिक सिग्नल पर किया था पेशाब, अब युवक ने मांगी माफी



पुणे, 9 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे की सड़कों पर पेशाब करते और अश्लील हरकतें करते देखे गए गौरव आहूजा नाम के शख्स को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस के हिरासत में लिए जाने के बाद माफी मांगते हुए गौरव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें गौरव माफी मांगता हुआ नजर आ रहा है और कह रहा है,"मुझसे गलती हो गई, मुझे एक मौका दीजिए। " गौरव आहूजा ने पुणे के शास्त्री नगर चौक पर अश्लील हरकत की, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

इसमें वह ट्रैफिक सिग्नल पर सड़क के बीच में अपनी कार रोकता और बीच सड़क पर पेशाब करता नजर आया था। जब पुलिस उससे पूछताछ करने पहुंची तो उसने सरेंडर कर दिया, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। दरअसल पुणे में एक युवक नशे की हालत में सुबह-सुबह बीएमडब्ल्यू कार से उतरकर सड़क पर अश्लील हरकतें करता नजर आया था। ये मामला येरवडा इलाके से सामने आया था, जहां युवक सड़क से गुजर रही महिलाओं को अश्लील इशारे कर रहा था। उसने सिग्नल पर पेशाब भी कर दिया था। वह नशे की हालत में येरवडा क्षेत्र के शास्त्री नगर चौक पर महिलाओं के सामने अश्लील हरकतें कर रहा था, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थीं।

# रालामंडल पहाड़ी: पर्यटकों के बीच एक हजार जंगली जानवर तेंदुए भी आ रहे नजर, गर्मी में टैंकरों से जाएगा पानी



इंदौर, 9 मार्च (एजेंसियां)। रालामंडल अभयारण्य से खुशखबरी है कि यहां के जंगली जानवरों का कुनबा 1000 से ज्यादा हो चुका है। खासतौर पर डियर सफारी एरिया में चीतल, सांभर और कृष्णमृग के झुंड आसानी से देखे जा सकते हैं। इनकी संख्या में लगातार तेजी से इजाफा हो रहा है। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि क्या डियर सफारी का क्षेत्र इन जानवरों के लिए पर्याप्त है या नहीं? कहीं बढ़ती संख्या के कारण वर्चस्व के लिए संघर्ष तो नहीं हो रहा? इन सवालों के जवाब जानने के लिए डियर सफारी और एनिमल जोन में जंगली जानवरों का सर्वे किया जाएगा।

**गर्मी में हर जगह करेंगे पीने के पानी की व्यवस्था**

रालामंडल अभयारण्य 247 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें चीतल, सांभर, कृष्णमृग और नीलगाय का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। अब यहां 15 से 20 की संख्या में हिरण प्रजाति के झुंड आसानी से नजर आ जाते हैं। रालामंडल अधीक्षक योहाना कटारा के अनुसार, अभयारण्य में पीने के पानी की 12 महीने पर्याप्त व्यवस्था रहती है। जून से दिसंबर तक बारिश का पानी एनिमल जोन के विभिन्न कुंडों में भरा रहता है। जनवरी से मई के दौरान बोरिंग और टैंकर के माध्यम से पानी भरा जाता है।

**भोजन के लिए भुट्टे भी लगाए**

भोजन के लिए यहां पर्याप्त मात्रा में घास, अरहर और कुछ स्थानों पर भुट्टे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा, रालामंडल अभयारण्य में शिकारियों के प्रवेश की कोई गुंजाइश नहीं है, जिससे जंगली जानवरों का कुनबा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इनकी बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने अभयारण्य में सर्वे की योजना बनाई है। फिलहाल अभयारण्य में पर्याप्त जगह उपलब्ध है, लेकिन अगर संख्या लगातार बढ़ती रही तो भविष्य में कुछ जानवरों को जंगलों में भी छोड़ा जा सकता है।

**तेंदुए का मूवमेंट लगातार मिल रहा**

जू के मुकाबले रालामंडल में हिरणों के लिए अधिक खुली जगह है। यहां हिरणों को अक्सर लंबी छलांग भरते हुए देखा जा सकता है। कई बार तेंदुआ भी यहां शिकार के लिए घात लगाता है, लेकिन खुले मैदान और घास के क्षेत्र में उसे शिकार करने में मुश्किल होती है। वन विभाग का अमला रात में एनिमल जोन में गश्त करता है, जिससे कई बार शिकार किए हुए जानवर भी दिख जाते हैं। रालामंडल में वन्यजीवों की सुरक्षा और उनकी संख्या पर नजर रखने के लिए इस सर्वे को जल्द ही शुरू किया जाएगा।

# राहुल गांधी के बयान के बहाने संजय राउत का एकनाथ शिंदे पर हमला, 'ऐसे लोग हर पार्टी में है'



मुंबई, 9 मार्च (एजेंसियां)। पिछले दिनों राहुल गांधी ने कहा था कि गुजरात में कांग्रेस के भीतर एक बी टीम है जो कि बीजेपी को सपोर्ट करती है। इस बयान पर शिवसेना-यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा कि ऐसा सिर्फ कांग्रेस में नहीं है। उन्होंने एकनाथ शिंदे का नाम लेते हुए कहा कि वह शिवसेना में 40 लोगों के साथ दो साल से बीजेपी का एजेंडा चला रहे थे और फिर खुलेआम चले गए। संजय राउत ने कहा, "ऐसी बी टीम कई पार्टियों में है यह केवल कांग्रेस में नहीं है। जो वहां बैठकर बीजेपी से सांठगांठ कर रहे थे। बहुत सी पार्टी में ऐसा होता है। अगर राहुल गांधी ने कांग्रेस को ऐसे लोगों से मुक्त करने का निर्णय लिया है यह उनकी पार्टी का विषय है। उन्हें पता होगा कि कौन क्या कर रहा है। "

**शिंदे के जाने से हम फ्री हो गए- संजय राउत**

शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने आगे एकनाथ शिंदे पर हमला करते हुए कहा, "अपने अंदर जो लोग छुपकर बैठे हैं उनको नमकहराम बोलते हैं जैसे कि हमारी यहां एकनाथ शिंदे थे जिनके साथ 40 लोग थे। जो दो साल से बीजेपी का एजेंडा चला रहे थे। खुलेआम चले गए। अच्छा है चले गए। हम फ्री हो गए लेकिन अपने घर में बैठकर बेईमानी और गद्दारी करते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं जो विदेश के लिए काम करते हैं। जैसे आरएसएस के प्रदीप कुरुलकर डीआरडीओ में बैठकर पाकिस्तान के लिए काम करते थे। "एकनाथ शिंदे ने 2022 में 40 विधायकों के साथ अलग खेमा बना लिया था। बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। इतना ही नहीं शिंदे गुट ने असली शिवसेना पर भी दावा ठोका था। उन्हें जीत भी मिली। उन्हें पार्टी का नाम और सिंबल भी मिल गया था। जिसके बाद से उद्धव ठाकरे गुट लगातार शिंदे पर हमलावर है।

## पंजाब में फिर थम जाएंगे बसों के पहिए: रोडवेज

चंडीगढ़, 9 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब में एक बार फिर से सरकारी बसों के पहिए थम सकते हैं। क्योंकि पंजाब रोडवेज और पनबस कांट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन ने अपनी मांगों को चक्का जाम करने का एलान कर दिया है। ऐसे में अगर कांट्रैक्ट कर्मचारी हड़ताल पर गए तो पंजाब भर में यात्रियों को खासी परेशानी हो सकती है। अनुबंध पर काम कर रहे कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की जा रही है। सरकार ने बैठक में यूनियन की मांगें पूरी करने की सहमति जताई थी, लेकिन अभी तक मांगें पूरी नहीं हुई है। ऐसे में यूनियन ने सात अप्रैल को हड़ताल की चेतावनी दी है। इससे पहले भी पंजाब रोडवेज, पीआरटीसी और पनबस कर्मियों ने जनवरी में दिन दिन हड़ताल की थी। 6, 7 और 8 जनवरी को पंजाब रोडवेज, पीआरटीसी और पनबस का चक्का जाम किया था।

# गुजरात: तेज रफ्तार 2 बाइकों के बीच भीषण टक्कर, 4 लोगों की हुई मौत




साबरकांठा, 9 मार्च (एजेंसियां)। गुजरात के साबरकांठा जिले में रविवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। ये हादसा गुजरात-राजस्थान सीमा के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर की वजह से हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। खेरोज थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे जिले के पोशिना तालुका के एक आदिवासी बहुल क्षेत्र में हुआ। अधिकारी ने कहा, 'दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथे व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।' यह दुर्घटना गुजरात-राजस्थान सीमा पर एक गांव के पास हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिल विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। हादसे में जान गंवाने वाले लोग साबरकांठा और बनासकांठा जिलों के निवासी थे। इसने कहा कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं और मामले की जांच जारी है।

## भाखड़ा नहर में मिले करीब 300 गोलियों के खोल

कुरुक्षेत्र, 9 मार्च (एजेंसियां)। कुरुक्षेत्र के गांव मिर्जापुर के समीप भाखड़ा नहर में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों को नहर किनारे भारी मात्रा में गोलियों के खोल दिखाई दिए। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह गांव के कुछ मजदूर जब काम पर जा रहे थे, तो उन्होंने नहर किनारे करीब 300 गोलियों के खोल पड़े देखे। मजदूरों ने तुरंत ही गोताखोर प्रगट सिंह को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद केयू थर्ड गेट चौकी से भी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की। गोताखोर प्रगट सिंह ने पुलिस के साथ मिलकर नहर के अंदर भी तलाशी अभियान चलाया।

# मैं घर में सीएम नहीं हूं

### वहां मेरे आदेश नहीं चलते, पत्नी अंग्रेजी में बहुत कुछ बोल देती है, भगवंत मान बोले



अमृतसर, 9 मार्च (एजेंसियां)। मैं घर में मुख्यमंत्री नहीं हूं, वहां पर मेरे आदेश नहीं चलते। घर पर मैं भी अन्य लोगों की तरह आम इंसान बन जाता हूं। घर पर पत्नी की ही सुनना पड़ती है। यह कहना है पंजाब के मुख्यंत्री भगवंत मान का। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खालसा कॉलेज फॉर वुमन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कई गुरुमंत्र दिए। सवाल-जवाब सेशन में छात्राओं ने उनसे कई सवाल भी किए। एक छात्रा ने उन्हें पूछा कि घर में भी वह मुख्यमंत्री होते हैं या आम इंसान तो उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया कि वह घर जाते ही आम इंसान बन जाते हैं। घर जाकर वह अपनी पत्नी को ही सुनते हैं। उनकी पत्नी डॉक्टर है तो कई बार तो वह अंग्रेजी में ही बहुत कुछ बोल देती है। कहा कि घर में मेरे आदेश नहीं चलते वहां मैं आम लोगों की तरह की पत्नी की सुनता हूं। वहां उनके ही आदेश चलते हैं।

उन्होंने छात्राओं से कहा अगर जीवन में सफलता हासिल करनी है तो उसके लिए कड़ी मेहनत सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब वह स्टेज शो करते थे तब से ही समाज विरोधी कुरीतियों के खिलाफ व्यंग्य कसते थे। आज भी वह यहीं कर रहे हैं। आज समय बदल गया और वह आदेश कर सकते हैं। अगर कुछ गलत हो रहा है या हथियार आदि के गीत आते हैं तो वह उन्हें लेकर सख्त हैं। उन्होंने कहा कि वह इस कुरीति को बंद करने में लगे हुए हैं।

# शादी के एक महीने बाद हुई सिपाही पति की मौत पत्नी ने दिखाया साहस और बनी सेना में अफसर



चेन्नई, 9 मार्च (एजेंसियां)। महज एक महीने की शादी और सोनी बिष्ट ने अपने पति को खो दिया। ये घटना जनवरी 2023 की है, जब एक दुर्घटना में सोनी के पति की मौत हो गई। सोनी के पति नीरज सिंह भंडारी 18 कुमाऊं रेजिमेंट के सिपाही थे। पति के जाने का दुख हर पत्नी को होता है, लेकिन यहां पर सोनी ने अपने दुख को अपनी ताकत बनाया और उन्होंने अपने पैरों पर खड़े होने का फैसला लिया। उन्होंने भारतीय सेना की वर्दी पहनकर अपने दिवंगत पति को श्रद्धांजलि दी। चेन्नई के ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में सोनी एक सशक्त महिला के रूप में नजर आईं और परेड का हिस्सा बनीं। सोनी से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ये हौसला उन्हें अपने पिता से मिला है। उन्होंने मुझे अपने लिए रास्ता बनाने को प्रेरित किया, वाकई में मुश्किल था, लेकिन एक-एक करके मैंने सभी चैलेंज को जीत लिया। सोनी के पिता कुंदन सिंह ब्रिगेड ऑफ़ गार्ड्स बटालियन के रिटायर्ड सूबेदार हैं। सोनी ने बताया कि उन्हें जब वीर नारी एंट्री के बारे में जानकारी हुई तो पिता ने उनपर भरोसा जताया। सोनी अब आर्मी ऑर्डनेंस कॉर्प्स का हिस्सा हैं। सोनी भारतीय सेना की अलग-अलग शाखाओं में कमीशन दिए जाने वाले ऑफिसर्स में शामिल हैं। इसमें 133 पुरुष ऑफिसर और 24 महिला ऑफिसर कैडेट्स में शामिल हुए।

**वेद को कई सालों बाद हुए भारतीय सेना में शामिल**

असम के जोरहाट से वेद विजय नियोग नाम के एक कैडेट शामिल थे। इन्होंने कई सालों के संघर्ष के बाद भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त किया। ग्रेजुएशन होने के बाद शुरू में भारतीय सैन्य अकादमी के लिए उनकी सिफारिश की गई थी, लेकिन पारिवारिक कठिनाइयों के कारण वेद ने अपना नाम वापस ले लिया था। दिल्ली में, उन्होंने दिन में कॉफ़ी बनाने और रात में खाने की डिलीवरी के काम किए। ऐसा करने के पीछे वजह ये थी कि वो अपने लिए खाने का जुगाड़ कर सकें। बाद में उन्होंने कई जाने माने ब्रांडों के साथ ट्रैवल फ़ोटोग्राफ़र के रूप में काम मिला। उन्हें भारतीय वर्दी से इतना लगाव था कि वो मेहनत करते रहे। उन्होंने संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा पास की और ओटीए में अपनी रैंक पाई।

# शिक्षक को बीमार होने पर भी नहीं मिली छुट्टी

### सलाइन चढ़वाकर जाना पड़ा स्कूल

बलांगीर, 9 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा के बलांगीर जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां एक शिक्षक को बीमार होने के बावजूद जबरन स्कूल आना पड़ा। शिक्षक ने आरोप लगाया कि उन्हें छुट्टी देने से इनकार कर दिया गया, जिसके कारण उन्हें सलाइन चढ़वाकर स्कूल जाना पड़ा।

भैंसा आदर्श विद्यालय में गणित के शिक्षक प्रकाश भोई ने अपने दादा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद तबीयत खराब होने के कारण छुट्टी के लिए आवेदन किया था। लेकिन स्कूल की प्रभारी प्रिंसिपल बिजयलक्ष्मी प्रधान ने उनकी छुट्टी को मंजूरी नहीं दी और उन्हें ज़िला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी के कार्यालय जाने का निर्देश दिया। भोई ने बताया कि जब वे डीपीसी कार्यालय पहुंचे, तो वहां दोपहर 12 बजे के आसपास उनकी तबीयत और बिगड़ गई। उन्होंने अस्पताल जाने की अनुमति मांगी, लेकिन प्रिंसिपल ने उनकी सेहत की चिंता किए बिना पूछा कि क्या वे दोपहर 2 बजे तक वापस आ सकते हैं। भोई ने बताया, सरकारी अस्पताल दूर था, और मेरे पास निजी अस्पताल जाने के लिए पैसे नहीं थे, न ही मेरा यूपीआई काम कर रहा था। इसलिए बिना इलाज कराए मैं वापस कार्यालय लौट आया और देर शाम तक काम किया। बार-बार अनुरोध करने के बावजूद, मैडम ने मुझे जाने की अनुमति नहीं दी। रात में दवा लेने के बाद भी भोई की हालत ठीक नहीं हुई। उन्होंने फिर से प्रिंसिपल से छुट्टी की मांग की, लेकिन उन्होंने मना कर दिया और कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए स्कूल आना जरूरी है। मजबूरी में, उन्होंने डॉक्टर से सलाइन चढ़वाकर स्कूल जाने का फैसला किया, क्योंकि उनकी तबीयत बहुत खराब थी। जब भोई स्कूल पहुंचे, तो उनके सहकर्मियों ने उनकी हालत देखकर तुरंत उन्हें अस्पताल भेज दिया।

भोई ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है जब उनके साथ ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा, अन्य शिक्षकों को आसानी से छुट्टी मिल जाती है, लेकिन मेरे मामले में मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। यह मामला शिक्षा विभाग में अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करता है। क्या इस मामले में दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी? यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 10 मार्च - 2025

## क्षेत्रीय भाषा पर अड़ा दक्षिण

भारत में कोई भाषा नीति नहीं है, क्योंकि तीन भाषा फॉर्मूला (टीएलएफ) ही एकमात्र सूत्र है। टीएलएफ कागज पर इतना आकर्षक था कि 1966 के कोठारी आयोग के बाद से सभी नीति दस्तावेजों में टीएलएफ की सिफारिश की गई। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भी शामिल है। टीएलएफ देश भर में अपनी विफलताओं के लिए जाना जाता है। उत्तर भारतीयों को तमिल या किसी अन्य दक्षिण भारतीय भाषा को सीखने में कोई लाभ नहीं दिखता और दक्षिण भारतीयों को हिंदी सीखने में। ऐसे में दक्षिण भारत अपनी क्षेत्रीय भाषाओं और अंग्रेजी पर ही अड़ा हुआ है। तमिलनाडु जैसे राज्य इस बात पर गर्व करते हैं कि उन्होंने दो-भाषा नीति के साथ बेहतर शैक्षिक परिणाम दिए हैं। उत्तर भारत में, हिंदी और अंग्रेजी के अलावा संस्कृत को तीसरी भाषा के रूप में अनुमति दी गई है। कल्पना कीजिए कि तमिलनाडु में एक बिहार का बच्चा बड़ा हो रहा है। घर पर वह अपनी मातृभाषा भोजपुरी बोलता है लेकिन जब वह स्कूल में पढ़ने जाता है तो उसे तमिल भाषा की पढ़ाई में कुछ भी समझ में नहीं आता। जल्द ही हिंदी और अंग्रेजी भी उसके पीछे पड़ जाती है। टीएलएफ के संदर्भ में, ऐसे में कौन सी भाषाएं वैध रूप से उसकी पहली, दूसरी और तीसरी भाषा मानी जानी चाहिए? देखा जाए तो भाषा सिर्फ शिक्षा का माध्यम नहीं है, बल्कि इसका अभिन्न अंग है। ऐसी स्थितियों में, जिस बच्चे की आवाज कक्षा में नहीं सुनी जाती, उसे जल्द या बाद में शिक्षा प्रणाली से बाहर कर दिया जाता है। एनईपी 2020 एक ऐसा मामला है जिसमें भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। एनईपी 2020 के बारे में दावा किया जाता है कि यह राज्यों को अपनी इच्छानुसार कोई भी तीन भाषाएं चुनने की अनुमति देता है। लेकिन तीन ही क्यों होनी चाहिए। दक्षिण भारत में हिंदी थोपे जाने का डर हिंसा, आत्महत्या और अलगाव की धमकियों से भरा एक लंबा इतिहास रहा है। मद्रास की दुर्गाबाई देशमुख ने कहा कि उन्होंने देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार करके पहले ही एक बड़ा त्याग कर दिया है, खासकर 'गांधीवादी प्रस्ताव, अर्थात, भारत की आधिकारिक भाषा केवल वही होनी चाहिए जो आम तौर पर समझी जाती हो और आसानी से बोली और सीखी जाती हो। भारत में आधिकारिक तौर पर 1,652 भाषाएं बोली जाती है, पापुआ न्यू गिनी 800, फ्रांस 24, जर्मनी 25, स्पेन 16 और यूके 13 भाषाएं बोलता है। अंग्रेजी को 'एक भाषा' का पाठ्यपुस्तक उदाहरण माना जाता है। हर समुदाय को अपनी भाषाएं चुनने और मौजूदा ज्ञान को प्रसारित करने और नए ज्ञान का निर्माण करने के लिए शैक्षणिक रणनीतियों की स्वतंत्रता होनी चाहिए। यह राष्ट्रीय हित में है कि केंद्र सरकार राज्यों को अधिक स्वायत्तता और वित्त पोषण प्रदान करे और बदले में राज्य समरूप समाधानों की तलाश न करें।

# युद्ध से सबक ले गरीब दुनिया


रघु ठाकुर

इस समय दुनिया के पटल पर तीन घटनाएं मुख्य चर्चाओं के बिन्दु हैं। एक यूक्रेन और रूस का युद्ध, दो हमास-इजरायल का संघर्ष और तीसरा अमेरिका के नव निर्वाचित राष्टघ्पति डोनाल्डघ टघ्म्प का सनकी परन्तु बेवाक व्यवहार । यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध के चलते कई लाख लोग मारे जा चुके हैं और बड़े पैमाने पर धन-सम्पिा की बर्बादी हुई है। हांलाकि पिछले कई वर्षों से चल रहे युद्ध के बावजूद भी रूस अभी तक जीत नहीं सका है, केवल यूक्रेन के कुछ क्षेत्र पर कैंजा कर सका है। कई सूचनाओं के अनुसार अभी तक 20 कि. मी. क्षेत्र पर ही वास्तविक कैंजा कर सका है। यह तथ्य है कि, युद्ध रूस और यूक्रेन के बीच नहीं है, बल्कि रूस बनाम अमेरिका और यूरोप के बीच है। यूरोप तो नाटो में यूक्रेन को षामिल करने के लिए पूर्णतरू कटिबद्ध है पर अमेरिका दोहरा खेल खेल रहा है। युद्ध विराम कराने का दावा करता है और कभी रूस और कभी यूघ्न की तरफदारी करता है। षायद यूरोप और अमेरिका का सहारा है इसलिये यूक्रेन टिका हुआ है। यूरोप के देष चाहते हैं कि यूघ्न जो वस्तुतरू यूरोप का ही एक हिस्सा है, नाटो में षामिल हो और उसकी सुरक्षा छतरी के बीच सुरक्षित हो। यूरोप के देष, व नाटो के सदस्य, यूघ्न को आर्थिक सामरिक मदद कर रहे है।

पिछले 5 वर्षों से अमेरिकी घ्षासन भी यूघ्न को भारी आर्थिक और सामरिक मदद देता रहा। डोनाल्डघ टघ्म्प के मुताबिक अमेरिका यूघ्न को 31 लाख करोडघ् रुपया की मदद दे चुका है। यह राषि भारत के राष्टघेय बजट से लगभग आधा से ज्यादा होती है। रूस घ्परी तौर पर तो यूघ्न को नाटो की सदस्यता से रोकना चाहता है, परन्तु उसकी वास्तविक इच्छा यूघ्न को हड़पने और रूस में वापिस मिलाने की है। यूघ्न का खनिज अमेरिका-रूस-यूरोप तीनों को ललचाता है। इस मामले में चीन रूस के साथ है। षायद चीन का सोचना है कि अगर रूस यूघ्न को हड़प सका तो फिर चीन के लिए तालिबान को हड़पने के लिये एक मजबूत तर्क मिल जायेगा। वैसे तो डोनाल्डघ टघ्म्प की भाषा एक तानाषाह जैसी लगती है, जो तीखा और कठोर बोलने के अभ्यस्त है। षायद अमेरिकी इतिहास में ऐसा राष्टघ्पति कोई और नहीं हुआ होगा, परन्तु मुझे डोनाल्डघ टघ्म्प तानाषाह नजर नहीं आते. क्योंकि तानाषाह कभी भी लोकतंत्र व संवाद पसंद नहीं करता। जबकि टघ्म्प हर दिन बहस मुबाहसे में अपने नस्ली भाईयों, मित्रों, सहयोगियों से सार्वजनिक रूप से उलझते हैं। परन्तु कुछ समय बाद पूर्ववत मित्र-षुभचिंतक बन जाते हैं। घंस के राष्टघ्पति की अमेरिकी यात्रा में जो संयुघ पत्रकार वार्ता अमेरिकी राष्टघ्पति के साथ हुई उसमें टघ्म्प यूघ्न को मदद देने के बारे में अमेरिकी मदद की चर्चा कर रहे थे और उत्साह में आकर बोले कि घ्केवल अमेरिका ने ही यूघ्न की मदद की है। इस पर घंस के राष्टघ्पति इमैनुएल मैघे ने उन्हें बीच में ही रोक दिया और कहा कि आप गलत हैं। घंस और यूरोप के देषों ने भी मदद की है । 28 फरवरी को व्हाइट हाउस में यूघ्न के राष्टघ्पति जेलेंस्की और टघ्म्प के बीच बातचीत में नोंक झोंक हुई। यहां तक कि पत्रकार वार्ता में भी तीखी बहस हो गई। टघ्म्प ने यह भी कहा कि जेलेंस्की ने व्हाइट हाउस में घ्च्ची आवाज में बात कर अमेरिका का अपमान किया है। परन्तु एक चतुर व्यापारी की तरह टघ्म्प ने यह तय करा लिया कि युघ्न 44 लाख करोडघ् के खनिज अमेरिका को देगा और टघ्म्प ने घ्न्न बदलकर कहा कि हम युद्ध नहीं चाहते परन्तु यूघ्न को मदद देते रहेंगे और जेलेंस्की ने भी कहा कि हम अपने देष की सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं। जेलेंस्किी, के टघ्म्प को उार देने व .ढ़ता ने, उन्हें दुनिया में बहादुर सिद्ध किया हैं। हालांकि टघ्म्प और जेलेंस्की या मघे के सार्वजनिक विवाद ने भी वांछित निर्णयों पर कोई घ्भाव नही डाला और सबने अपने-अपने हित साध लिये। तानाषाह अवज्ञा नहीं सहता, परन्तु लोकतांत्रिक मानस का व्यघि उस अवज्ञा को अपमान नही मानता तथा उसे मन में भी नही रखता। टघ्म्प का स्वभाव कुछ कुछ भारत के एक नेता स्व. बीजू पटनायक या पुराने सोषलिस्टों जैसा है, जो लड़ते हैं, वाद विवाद करते हैं, बिगड़ते हैं और फिर साथ हो जाते हैं। इसलिये टघ्म्प भले ही दुनिया को विष्व युद्ध के खतरे से डरायें परन्तु मैं महसूस करता हूघ कि फिलहाल विष्व युद्ध नहीं होगा। यूरोप और नाटो के देषों ने तो जेलेंस्की के अमेरिका से लौटने के बाद उनका स्वागत किया तथा युघ्न को पूरा समर्थन देने की घोषणा की है। यूरोप और अमेरिका में भी आर्थिक स्वार्थों और डलर के घ्योग को लेकर तनाव है। इसलिए विष्व तानाषाही का कोई खतरा या विष्वयुद्ध की गंभीर चिंता अगर कभी भविष्य में हो तो यह स्वाभाविक है। पर मुझे वह रुसी राष्टघ्पति पुतिन और चीनी राष्टघ्पति सी जिनपिंग से ज्यादा नजर आती है, जिनका विष्वास अपने देष में या विदेष में लोकतांत्रिक संवाद में नहीं है। जेलेंस्की और टघ्म्प के सार्वजनिक विवाद संवाद ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि आज की दुनिया में कोई भी देष किसी दूसरे देष को न्याय और अन्याय के आधार पर समर्थन नहीं करता, बल्कि अपने हितों को ही सर्वोपरि मानता है। इजरायल और हमास के बीच के संघर्ष में तो टघ्म्प ने एक अलग ही लाइन ली है। निसंदेह हमले की षुरुआत, हमास ने की थी। अब उसका अन्त दुखदरू है। इजरायल के 1200 लोग हमास के हमलों में मारे गये और अभी तक अधि.त सूचना के अनुसार फिलिस्तीन के 42 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। वैसे भी युद्ध में मरने वालों की सही संख्या की गणना कठिन होती है। गाजा पघे का अधिकांष हिस्सा हमास के कैंजे से निकल चुका है और अब टघ्म्प ने तो फिलिस्तीनी आबादी को वहाघ् से हटाकर अन्यत्र समीपी देषों में बसाने की न केवल कोषिष रूपी घोषणा कर दी है, बल्कि इस योजना पर अमल भी षुरू कर दिया हैं। चर्चा षुरू हुई है कि अब अरब देष भी इस्लामिक आधार पर फिलिस्तीन के साथ एकजुट होने के लिए सघ्यि हो रहे हैं। अगर यह हुआ तो फिर तीसरा विष्व युद्ध हो सकता है। अमेरिकी यूरोप और इजरायल तथा ईसाई और यहूदी के बीच के संबंध बहुत गहरे हैं। दरअसल यही धुरी है जो दुनिया की अर्थ साा,सामरिक साा, राजनीति साा, और कुछ हद तक वैष्विक राजनीति को नियंत्रित कर रही है। टघ्म्प का चातुर्य यहाघ् भी घ्कट होता है कि उन्होंने यूएस एडघ् घ्स्ढ्ढष्ठघ् के द्वारा भारत में मतदान बढ़ाने के नाम पर दिये गये 182 करोडघ् के अनुदान को उन्होंने न केवल सार्वजनिक किया बल्कि उसके राजनैतिक लक्ष्य की ओर इषारा किया तथा श्री नरेन्घ मोदी को मित्र भी बता दिया। कई बार ऐसा लगता है कि टघ्म्प की षक्ल और बातें घ्पर से भले ही विदूषक जैसी लगती हों, परन्तु वह भीतर से वे बहुत चतुर और अमेरिकी हितों को सामने रख कर काम करते हैं। उन्होने बंग्लादेष को भी 250 करोडघ् रु. दिये जाने का खुलासा किया है। यद्यपि बंगलादेष के तख्तापलट में इस राषि का कितना इस्तेमाल हुआ है, वह षोध का विषय है। पर जिस घ्कार से बंगलादेष में षेख हसीना का अचानक साा पलट हुआ, उन्हें भागना पड़ा, मोहम्मद युनुस की वापिसी हुई तथा अब इस तख्ता पलट के छिपे किरदार अपना राजनैतिक दल बना रहे हैं, उसमें एक जुड़ी हुई कड़ी देखी जा सकती है। बंगलादेष की घटनाएं भारत के लिये विषेष चिंता का विषय होना चाहिए। बंग्लादेष और पाकिस्तान के बीच उभर रहे रिष्ते कुछ नई दिषाओं के संकेत दे रहे हैं। पाकिस्तान में सैन्य तानाषाही है और अब बंगलादेष भी अघोषित सैन्य नियंत्रण में है। हालांकि मेरी समझ तो यह है कि पाक सैन्य अधिकारी और बांग्लादेष के सैन्य अधिकारियों की कई बैठकें हो चुकी हैं। ये दोनों देष फिलहाल मिल तो नहीं सकते पर सामरिक, विदेष नीति और व्यापारिक समझौता कर सकते हैं। पाकिस्तान की षक्कर की मिठास बंगलादेष को भाने लगी है। इसकी भावी संभावनाओं और उसके परिणामों के बारे में भारत को सोचना चाहिये। बंगलादेष चीन से सटा हुआ है और चीनी घ्भाव से अगर पूर्णतरू घ्भावित नहीं है तो पूर्णतरू मुघ भी नहीं है। म्यांमार की सैन्य साा पहले ही चीन के नजदीक है। आंग सान सूकी अब दोनों ही धड़ों याने अमेरिका यूरोप व रूस के लिये ही अनुकूल और नहीं है।

## बेटियों का क़त्ल : आखिर क्या बला है लिव-इन रिलेशन


अशोक भाटिया

फिर हुआ बेटियों का क़त्ल ... बढ़ रहे है लिव इफिर हुआ बेटियों का क़त्ल ... बढ़ रहे है लिव इन के नतीजे ,आखिर क्या बला है लिव-इन रिलेशन कुछ समय पहले एक खबर खूब चर्चा में रही कि आफ़ताब नाम के एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा की हत्या करके उसके शव को 35 टुकड़ों में काटकर अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया। श्रद्धा वॉकर हत्याकांड की चिंगारी बुझी नहीं थी कि मुंबई से एक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आ गया। यहां पर रहने वाले मनोज साने ने अपनी लिव-इन पार्टनर सरस्वती वैद्य की हत्या करके, उसके शव के टुकड़े ही नहीं किए, बल्कि शव के टुकड़ों को प्रेशर कुकर में उबाल डाला। वहीं, एक अन्य जगह लिव-इन पार्टनर द्वारा शादी से मना करने के बाद प्रेमिका ने आत्महत्या कर लिया। ऐसी एक-दो नहीं बल्कि अनगिनत घटनाएं हैं जिन्हें आप और हम चाय की चुस्की लेते हुए सरसरी नज़र से पढ़कर एक किनारे कर देते हैं। यहां तक कि हम ऐसी मौतों पर दुख भी नहीं जताते। मैंने कई बार अपने आस-पास लोगों को यह कहते हुए सुना है कि ऐसी चरित्रहीन लड़कियों के साथ ऐसा ही होता है। जबकि हम यह भूल जाते हैं की जिस तरह से भारत में लिव-इन-रिलेशनशिप का चलन बढ़ रहा है, कल को इसी परिस्थिति में हमारे घर के बेटे या बेटियाँ भी हो सकते हैं। याद हो कि जब दिल्ली के नजफगढ़ में ही 22 वर्षीय निक्की यादव की हत्या ने देश को झकझोर कर रख दिया था। दिल्ली पुलिस ने नजफगढ़ के मित्राओं गांव के बाहरी इलाके में एक ढाबे में अपनी 22 वर्षीय लिव-इन पार्टनर की हत्या करने और उसके शव को फ्रिज में रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान निक्की यादव के रूप में हुई है, जिसे उसके प्रेमी साहिल गहलोत (24) ने कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास 9 और 10 फरवरी की दरमियानी रात को गला घोंटकर मार डाला था। आरोपी ने कथित तौर पर अपने मोबाइल के डेटा केबल का इस्तेमाल किया था। महिला का गला घोंटने के लिए उसकी कार में। बाद में उसी दिन उसने दूसरी महिला से शादी कर ली। साहिल की कहानी आफताब पूनावाला से मिलती-जुलती है, जिसने पिछले साल मई में गुस्से में श्रद्धा वाकर की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पूनावाला ने महरौली के एक जंगल में शरीर के अंगों का निपटान करने से पहले वाकर के शरीर को 35 टुकड़ों में तोड़ दिया और उन्हें 300 लीटर रेफ्रिजरेटर में जमा कर दिया। बताया जाता है निक्की ने तो 10 फरवरी की सुबह गोवा जाने के लिए रेल की टिकट भी बुक करा रखी थी यानी जिस दिन साहिल की शादी थी उसी दिन दोनों गोवा जाने वाले थे लेकिन ठीक एक दिन पहले निक्की को साहिल की सगाई होने की खबर मिली। इस पर निक्की ने साहिल को उत्तम नगर में उस घर में बुलाया और सगाई के बारे में पूछा। इस पर साहिल ने कहा कि ना तो उसकी सगाई हुई है और ना ही 10 फरवरी को उसकी शादी है। निक्की को अपनी बात का यकीन दिलाने के लिए साहिल पहले उसे निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन लाया। निक्की अपने सामान के साथ गई लेकिन साहिल कोई सामान नहीं ले गया। वहां पहुंचकर साहिल ने बताया कि उसकी टिकट कन्फर्म नहीं हुई है इसलिए उसने निक्की से हिमाचल जाने की बात कही। इसके बाद दोनों निजामुद्दीन से कश्मीरी गेट बस अड्डे आए। जिस कार में ये दोनों लोग थे वो साहिल के भाई की थी। इस दौरान भी दोनों के बीच सगाई और शादी को लेकर झगड़ा बढ़ गया। साहिल ने कार में ही डेटा केबल से निक्की का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस को शक है कि साहिल ने निक्की को बहलाने के लिए गोवा जाने का प्लान बनाया था क्योंकि साहिल को मालूम था कि अगले दिन उसकी शादी है इसलिए पुलिस को लगता है कि साहिल मर्डर का प्लान बनाकर ही निक्की को कार में ले गया था। आखिर ऐसी नौबत कैसे आई कि करीब पांच साल तक एक साथ लिव-इन में रहने वाले साहिल को अपनी मंगनी वाले दिन मर्डर करना पड़ा। दरअसल, हुआ ये कि निक्की के घरवालों को तो अपनी बेटी के अफेयर के बारे में, उसके लिव इन में रहने का पता नहीं था। सिर्फ निक्की की बहन जानती थी लेकिन उसने भी घरवालों को नहीं बताया था। वहीं, साहिल के घर वाले इस रिश्ते के बारे में जानते थे और उन्हें ये सख्त नापसंद था। आखिरकार घरवालों की मर्जी के सामने साहिल ने हथियार डाल दिए और वो शादी के लिए तैयार हो गया। एक वक्त था जब लिव-इन रिलेशन को वेस्टर्न कल्चर यानी पाशचात्य संस्कृति का हिस्सा माना जाता था और भारत में इस तरह के ना के बराबर रिश्ते ही नज़र आते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में यहां भी लिव-इन रिलेशिप तेजी से बढ़े हैं। खासकर शहरों में युवाओं के बीच बिना शादी के एक साथ रहना बढ़ता जा रहा है। ऐसे रिश्ते में लोग रूम शेयर करते हैं, बेड शेयर करते हैं। प्यार मोहब्बत भी होती और सेक्स भी, लेकिन नहीं होता तो कमिटमेंट और यही वजह है कि ऐसे रिश्तों में बढ़ रहा है क्राइम। लिव-इन रिलेशन में सामने आ रही हैं मर्डर की घटनाएं। पिछले करीब एक दो महीनों में ही देश में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां लिव इन पार्टनर ने लड़की की जान लि हैं । दिल्ली के रोहिणी में संजय नाम के एक शख्स पर अपनी लिव-इन पार्टनर के कत्ल के आरोप लगे हैं। संजय और पूनम पिछले एक महीने से साथ में रह रहे थे। दरअसल आगरा की रहने वाली पूनम शादीशुदा थी, लेकिन बावजूद इसके उसका संजय के साथ अफेयर चल रहा था। पूनम के पति और परिवारवालों को इस बात की जानकारी थी। एक महीने पहले वो संजय के साथ रहने के लिए उसके फ्लैट में आ गई। दोनों साथ रहने लगे, लेकिन तीन दिन पहले फ्लैट में पूनम की लाश मिली। संजय फरार हो चुका था। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने जब दरवाजा खोला तो अंदर पूनम का शव पड़ा था। सिर्फ एक महीने में ही संजय ने अपनी लिव-इन पार्टनर की जान ले ली। दिसंबर महीने में ही दिल्ली के तिलक नगर में भी लिव-इन पार्टनर की हत्या का मामला सामने आया था। मनप्रीत नाम का एक शख्स 35 साल की रेखा के साथ उसके फ्लैट में रह रहा था। रेखा की 16 साल की एक बेटी भी थी। एक दिसंबर के दिन रेखा की बेटी अपने कजिन के घर गई थी। वो अपनी मां को फोन लगा रही थी, लेकिन मां ने फोन नहीं उठाया। वो घर गई तो घर में ताला बंद था। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

## उम्मीदों के बोझ से ज़िंदगी की जंग हारते युवा


हरीश शिवनानी

बहुत समय नहीं बीता। पंजाब में एक लोकप्रिय कवि थे - अवतारसिंह संधू। कविता लिखते थे पाश के नाम से। उनकी कविताओं की पंक्ति-पंक्ति में दहक थी,आग थी,ज्वाला थी। उनकी सबसे मशहूर कविता है - 'सबसे ख़तरनाक'। इस कविता में उन्होंने जो कहा था, वो समूचे भारत मे युवाओं के लिए एक संदेश था, आह्वान था, चेतावनी थी- उन्होंने कहा- 'सबसे ख़तरनाक होता है हमारे सपनों का मर जाना'। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आज भारत में अनेक युवा जिस बात से सबसे ज़्यादा आहत हैं, जिस वजह से टूटते जा रहे हैं वो है उनके सपनों का मर जाना। अपने सपनों के टूटने, माता-पिता की उम्मीदों का बोझ उन पर इतना ज़्यादा बढ़ गया कि वे ज़िंदगी की जंग में हार कर मौत को गले लगाते जा रहे हैं। ये युवा हैं भविष्य मेंडॉक्टर, इंजीनियर,आईआईटियन बनने का सपना देखने वाले। बुधवार को ही कोटा में मेडिकल कॉलेज के एक छात्र ने फंड लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने अपने माता-पिता के नाम जो पत्र लिखा, उसकी सबसे मारक पंक्ति थी - "माफ़ करना, मैं आपका सपना पूरा नहीं कर पा रहा।" वर्ष 2025 के सौ दिन भी नहीं हुए हैं कि कोटा में किसी विद्यार्थी की आत्महत्या का यह आठवां मामला हुआ है। देश में कोचिंग हब के रूप विख्यात कोटा में कई राज्यों से विद्यार्थी जेईई और नीट की तैयारी के लिए कोचिंग करने आते हैं ; लेकिन कुछ समय से यहां छात्रों के आत्महत्या करने के अनेक मामले सामने आ रहे हैं।

कोटा में पिछले 10 सालों में 127 विद्यार्थी अपनी जान दे चुके हैं। साल 2015 में 18 और 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2022 में 15 और 2023 में 26 विद्यार्थियों के आत्महत्या के मामले हुए थे। हालांकि 2024 में 17 स्टूडेंट्स ने आत्महत्या की थी, लेकिन इस साल की शुरुआत में ही कोटा में मात्र 15 दिनों के अंदर ही विद्यार्थियों की आत्महत्या ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। सबसे ज़्यादा चिंतित करने वाली बात यह कि विद्यार्थियों आत्महत्या के मामले राजस्थान ही नहीं है, बल्कि देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित विज्ञान के केंद्रों में भी बढ़ रहे हैं। साल 2023 में राज्यसभा में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने बताया कि पिछले सालों में 98 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की। इनमें से 39 छात्र आईआईटी के, 25 एनआईटी के, 4 आईआईएम के, 5 आईआईएसईआर के, 2 आईआईआईटी के और बाकी के सेंट्रल यूनिवर्सिटी के थे। बीते 20 साल में आईआईटी के 127 छात्रों ने आत्महत्या की है। गत वर्ष दिल्ली-एनसीआर के कॉलेजों के 200 विद्यार्थियों पर भी अध्ययन किया गया। इनमें 100 विज्ञान के और 100 सोशल साइंस के विद्यार्थी थे। इन पर डिप्रेशन और आत्महत्या के विचारों को मापने के लिए कई टेस्ट किए गए। अध्ययन में पाया गया कि विज्ञान के छात्रों में अवसाद और कुंठा का स्तर काफी ज्यादा था। पिछले साल हुए इंटरनेशनल करियर एंड कॉलेज काउंसलिंग (आइसी-3) सम्मेलन में राष्ट्रीय अपराध रेकॉर्डर् ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर 'छात्र आत्महत्या : भारत में फैलती महामारी' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में बताया गया कि विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में चार फीसदी यानी राष्ट्रीय औसत से दोगुनी वृद्धि हुई है। विद्यार्थी जब परीक्षा में फेल हो जाते हैं तो उन्हें करियर की प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाने से भी बढ़कर पारिवारिक और सामाजिक अपमान का भय होता है। इससे उनमें मानसिक अवसाद और तनाव बढ़ जाता है। बच्चों पर पढ़ाई का दबाव डालने और उनकी क्षमता से ज्यादा उम्मीदें रखने के कारण यह स्थिति बन रही है। परिवार और समाज की उम्मीदों का बोझ जब विद्यार्थियों पर हद से ज़्यादा बढ़ जाता है तो वो ज़िंदगी की जंग हारने लगते हैं। मनोचिकित्सक कहते हैं कि आईआईटी या दूसरे किसी भी बड़े संस्थान में अच्छे संस्थान में प्रवेश पा जाना समस्याओं को खत्म नहीं कर देता बल्कि नई की चुनौतियों को सामने लाता है।

## रंगभरी एकादशी : भक्तों संग बाबा विश्वनाथ खेलते हैं होली


सुरेश गांधी

मोक्ष की नगरी काशी की होली अन्य जगहों से इतर बिलकुल अद्भूत, अकल्पनीय व बेमिसाल है। बिल्कुल बनारसी अंदाज में भांग, धतूरा, पान चबाये-जोगीरा सा रा रा रा की धुन पर। रंगभरी एकादशी संसार में केवल काशी विश्वनाथ मंदिर में ही महोत्सव के रूप में मनाई जाती है। इस दिन विशेष श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की दो प्रमुख आरती यानी भोग आरती व सप्तर्षि आरती लगभग तीन घंटे पहले कर ली जाती है, ताकि बाबा व भक्तों के बीच में कोई बाधा न रहे। जी हां, त्रैलोक्य से न्यारी काशी की परंपराएं अनूठी, प्यारी और मनोहारी हैं। इससे काशीपुराधिपति भोले बाबा का दरबार भी अछूता नहीं है। इसका अंदाजा काशी के दो महत्वपूर्ण पर्व-उत्सवों से लगाया जा सकता है। दोनों ही बाबा के प्रति भक्तों की अगाध श्रद्धा दर्शाते हैं। वैसे भी बाबा भोले शंकर लोक के देवता हैं। मस्त-मलंग और औघड़दानी। उनकी श्रद्धा-भक्ति का रंग जब लोक में घुलता है तो लोकरंग हो जाता है। बाबा का तिलकोत्सव वसंत पंचमी पर, विवाह महाशिवरात्रि पर और रंगभरी एकादशी पर गौना (द्विरागमन)। इसी दिन माता गौरा का गौना (द्विरागमन) कराकर बाबा काशी में पधारे।काशीपुराधिपति के द्विरागमन के इस उत्सव को काशीवासी रंगभरी एकादशी महोत्सव के रूप में मनाते हैं और शिव- शक्ति की नगरी में दोनों की ही एकमुश्त कृपा पाते हैं। इसके लिए भक्तों का रेला शिव परिवार का आशीर्वाद लेने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचता है। सर्वप्रथम बाबा को अबीर-गुलाल समर्पित कर छह दिवसीय होली उत्सव मनाने की अनुमति लेता है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रंगभरी एकादशी कहते हैं। इस बार रंगभरी एकादशी 10 मार्च को है। मान्यता है कि भगवान शिव माता पार्वती को पहली बार काशी रंगभरी एकादशी पर ही लेकर आए थे। भगवान शिव और माता पार्वती का स्वागत लोगों ने रंग और गुलाल उड़ाकर किया था और चारों तरफ खुशियां मनाई थीं। इस वजह रंगभरी एकादशी के दिन काशी में रंगों का उत्सव मनाया जाता है और बाबा विश्वनाथ को दूल्हे की तरह सजाया जाता है। साथ ही बाबा विश्वनाथ का माता पार्वती के साथ गौना कराया जाता है। रंगभरी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ नगर भ्रमण पर निकलते हैं और चारों तरफ लाल, हरे, पीले गुलाल उड़ाया जाता है। मान्यता के अनुसार देव लोक के सारे देवी देवता इस दिन स्वर्गलोक से बाबा के ऊपर गुलाल फेंकते हैं. यह परंपरा दो सौ वर्षों से ज्यादा समय से जारी है। इसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है और यह मार्च माह में पहला एकादशी व्रत होगा. रंगभरी एकादशी को भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विधान है. मान्यता है कि रंगभरी एकादशी को ही बाबा विश्वनाथ हिमालय पुत्री गौरा का गौना कराकर काशी आए थे और काशी के लोगों ने गुलाल उड़ाकर उनका स्वागत किया था. हालांकि इस एकादशी को भगवान विष्णु और आंवले के पेड़ कर भी पूजा की जाती है. होली फाल्गुन शुक्ल-एकादशी के दिन काशी में भगवान विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इस एकादशी का नाम आमलकी (आंवला) एकादशी भी है। कहते है रंगभरी एकादशी के ही दिन आदि शंकराचार्य, रामकृष्ण परमहंस, तुलसीदास आदि महर्षि भी बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ के दरबार में आशीर्वाद लेने उपस्थित हुए थे। शास्त्रों में वर्णित है कि भगवान शिव के त्रिशूल पर काशी स्थित है। यहां की परंपरा के अनुसार बाबा के आशीर्वाद स्वरूप ही काशीवासी सभी उत्सव त्योहार मनाते हैं। मोक्ष के लिए वैकुंठ धाम न जा कर शिवलोक ही उन्हें भाता है। यही एक ऐसा कारण है कि संसार में काशी विश्वनाथ मंदिर, बाबा के भक्त और यहां के आम श्रद्धालु बिल्कुल अलग पद्धति अपनाते हैं। मान्यताओं के अनुरूप काशी में माता पार्वती के प्रथम आगमन पर "खेले मशाने में होरी दिगंबर ... गीत लिखा गया था। पौराणिक परम्पराओं और मान्यताओं के मुताबिक रंगभरी एकादशी के दिन ही भगवान शिव माता पार्वती से विवाह के उपरान्त पहली बार अपनी प्रिय काशी नगरी आये थे। इस अवसर पर शिव परिवार की चल प्रतिमायें काशी विश्वनाथ मंदिर में लायी जाती हैं और बाबा श्री काशी विश्वनाथ मंगल वाद्ययंत्रो की ध्वनि के साथ अपनी जनता, भक्त और श्रद्धालुओं का हाल-चाल पूछने एवं आशीर्वाद देने सपरिवार निकलते हैं। यह पर्व काशी में मां पार्वती के प्रथम स्वागत का भी सूचक है। इस अवसर पर समस्त जनता पर रंग अबीर गुलाल उड़ाकर खुशियां मनायी जाती हैं। मान्यता के अनुसार देव लोक के सारे देवी देवता इस दिन स्वर्गलोक से बाबा के ऊपर गुलाल फेंकते हैं. यह परंपरा दो सौ वर्षों से ज्यादा समय से जारी है. रंग भरी एकादशी का पर्व इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन महादेव मां भगवती का गौना कराकर वापस घर आते हैं. बसंत पंचमी को बाबा का तिलक, शिवरात्रि को विवाह और रंग भरी एकादशी को गौना यानी माता पार्वती अपनी ससुराल काशी आ जाती हैं.

## बहुत कुछ गड़बड़ है


डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बेटे की नौकरी लगते ही घर के आंगन में शादी की बातों की बयार बहने लगती है। अड़ोस-पड़ोस से लेकर रिश्तेदारों तक सबकी निगाहें अब इस पर टिकी रहती हैं कि 'अब तो लड़के की शादी तय हो ही जानी चाहिए'। घर के बड़े-बूढ़े इस कार्य में पूरी तत्परता दिखाते हैं, गोया कि किसी अंतरराष्ट्रीय मिशन का संचालन कर रहे हों। शादी तय करने की प्रक्रिया को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो इसमें कई महत्वपूर्ण चरण होते हैं - लड़की ढूंढना, लड़की के घर का निरीक्षण करना, कुंडली मिलाना, लड़की का चाल-चलन जांचना और फिर शादी की तारीख पक्की करना। परंतु इन सबके बावजूद कई बार बारात बिना घोड़ी पर चढ़े ही लौट जाती है। बेटे के लिए रिश्ता देखना कोई आसान काम नहीं। यह किसी ओलंपिक स्पर्धा से कम नहीं होता, जिसमें कई बाधाएं पार करनी पड़ती हैं। बस खबर उड़ते ही कि 'फलां जगह से रिश्ता आया है', लड़के की माँ दादी के पुराने जेवर निकालकर चमकाने लगती हैं और पिता लड़के को बार-बार आईने में देखने की सलाह देने लगते हैं। उधर लड़का मन ही मन अपनी शक्ल-सूरत और बैंक बैलेंस की समीक्षा करने लगता है। लेकिन जब आप लड़की देखने जाएं, तो निम्नलिखित संकेतों पर ध्यान देना न भूलें:

आप अपने परिवार के साथ लड़की देखने पहुंचे और वहां स्वागत सत्कार की जगह ऐसा महसूस हो कि आप रेलवे स्टेशन पर मुफ्त वाईफाई ढूंढ रहे हैं, तो समझो कुछ तो...

लड़की को देखने के बजाय पहले उसकी मौसी, बुआ और चाची अपनी बहू बनने की योग्यता पर व्याख्यान देने लगें और लड़की खुद पर्दे के पीछे से झांकते हुए मोबाइल चला रही हो, तो समझो कुछ तो...

जब लड़की के पिता बजाय लड़की के गुणों पर चर्चा करने के, आपके परिवार में कितनी कारें हैं, घर में कितना बड़ा हॉल है, और बैंक बैलेंस कितना है, इसका डेटा एकत्र करने में जुट जाएं, तो समझो कुछ तो...

जब लड़की पक्ष वाले यह जताने की कोशिश करें कि उनके घर की बेटियां तो देवी स्वरूप हैं, मगर विवाह के बाद उन्हें रोज़मर्रा के कामों से दूर रखा जाएगा, और इन सब जिम्मेदारियों का बोझ केवल लड़के पर ही रहेगा, तो समझो कुछ तो...

लड़की देखने पहुंचे और वहां लड़की की छोटी बहन का भविष्य पहले तय करने का दबाव डाला जाने लगे कि 'जब तक छोटी का रिश्ता नहीं होता, बड़ी की शादी नहीं होगी', तो समझो कुछ तो...

जब आप शादी की बात करने पहुंचे और सामने वालों ने हर सवाल का जवाब ज्योतिषी से मिलने के बाद देने की शर्त रख दी, तो समझो कुछ तो...

जब लड़की वाले आपको बार-बार ये समझाने में जुट जाएं कि दहेज प्रथा बहुत बुरी चीज़ है, लेकिन इसी बीच आपकी गाड़ी की कीमत और मॉडल नंबर भी पूछ लें, तो समझो कुछ तो...

अगर इन सात में से कोई एक भी स्थिति आपके साथ घटित हो, तो समझ जाइए कि यह रिश्ता आपके बैंक बैलेंस की परीक्षा लेने के लिए तय किया जा रहा है।

# होलिका के दिन मांस-मदिरा का सेवन ना करें






## होलिका दहन 13 मार्च 2025 को मनाया जाएगा। होलिका की अग्नि में टूटे फूटे लकड़ी के सामान ना डालें।

होलिका दहन का पर्व इस बार 13 मार्च दिन गुरुवार को मनाया जा रहा है और हर वर्ष यह पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। रात के समय भद्रा मुक्त मुहूर्त में होलिका दहन किया जाएगा और पूरे परिवार के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। साल में एक बार आने वाले इस त्योहार बच्चे-बुजुर्ग, महिला-पुरुष सभी इंतजार करते हैं और परिवार के साथ होलिका दहन करते हैं।

साथ ही प्रार्थना करते हैं कि होलिका दहन की अग्नि में परिवार के सभी सदस्यों की परेशानियों और कष्ट भी स्वाहा हो जाएं। शास्त्रों के अनुसार, होलिका दहन की अग्नि बहुत पवित्र होती है लेकिन इस अग्नि में जानकारी ना होने की वजह से कुछ भी डाल देते हैं, जिसका नकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है।

1- होलिका दहन के दिन बहुत से लोग होलिका में टूटे फूटे लकड़ी के सामान जैसे पलंग, सोफा, अलमारी का सामान आदि चीजें डाल देते हैं। इन चीजों का संबंध शनि, राहु और केतु से होता है, अगर आप इन चीजों को होलिका की आग में डालते हैं तो ऐसा करने से इन ग्रहों के अशुभ प्रभाव का सामना भी करना पड़ता है।

2- होलिका की आग में कपड़े, टायर आदि चीजें डाल देते हैं, जिससे ना सिर्फ होलिका की अग्नि अपवित्र होती है बल्कि प्रदूषण भी होता है। साथ ही इन चीजों का संबंध राहु और मंगल ग्रह से है, अगर आप होलिका की अग्नि में इन चीजों का डालते हैं तो कुंडली में इन ग्रहों का प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

3- होलिका की आग में भूलकर भी पानी वाला नारियल नहीं डालना चाहिए, ऐसा करना अशुभ माना जाता है। हालांकि आप होलिका में सूखा नारियल अर्पित कर सकते हैं लेकिन पानी वाला नारियल नहीं। ऐसा करने से चंद्रमा की स्थिति खराब हो सकती है।

4- होलिका की पूजा करते समय ध्यान रखें कि घर में जो भी पकवान बनाए हों, वो होली माता को अवश्य अर्पित करें लेकिन ध्यान रखें कि होलिका की अग्नि में गुजिया जब आप अर्पित कर रहे हों तब उसकी संख्या तीन ना हो, या तो दो या फिर पांच हो। साथ ही सूखी हुई गेहूं की बालियां, सूखे फूल होली माता पर अर्पित ना करें।

होलिका दहन वाले दिन क्या करें

1- होलिका दहन वाले दिन सुबह स्नान ध्यान करने के बाद घर ईष्ट देव और पितरों की पूजा अवश्य करें।

2- होलिका दहन के दिन घर के बड़े सदस्यों का आशीर्वाद लें और छोटे सदस्यों को प्यार दें।

3- होलिका दहन वाले दिन गरीब व जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं और दान भी करें।

4- होलिका दहन के दिन शरीर से उतारे गए उबटन को होलिका में अवश्य जलाना चाहिए।

5- होलिका दहन के दिन सभी की मदद करें और परिवार में सुख-शांति का माहौल रखें।

**महामृत्युंजय मंत्रः**

'ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम, उर्वारुकमिव बन्धनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात'

ज्योतिर्विदों के अनुसार, महामृत्युंजय मंत्र भगवान शिव का बहुत पॉवरफुल मंत्र माना गया है। होलाष्टक के दौरान अगर कोई जातक नियमित रुप से श्रृद्धा भाव के साथ महामृत्युंजय मंत्र का जाप करता है तो यह उसे रोग, दोष व कष्टों से मुक्ति दिलाता है। इसके साथ ही उसके समस्त कार्य सिद्ध करने की क्षमता भी रखता है। लेकिन इसे पूरे नियमों के साथ करना ही लाभकारी माना जाता है। अगर होलाष्टक में इस मंत्र का आठ दिनों तक जाप कर लिया जाए तो आपको कई सिद्धियां भी प्राप्त हो सकती है।

**रुद्र गायत्री मंत्रः**

'ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्र प्रचोदयात'

माना जाता है कि होलाष्टक के दौरान रुद्र गायत्री मंत्र का जाप करने से जातक को पापों से मुक्ति मिलती है और परिवार का कल्याण होता है। रुद्र गायत्री मंत्र बहुत प्रभावी व शक्तिशाली मंत्र माना जाता है।

# राजनांदगांव शहर में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर

### भक्तों का लगता है तांता, जानें मान्यता



राजनांदगांव शहर में प्राचीन शीतला मंदिर स्थित है। रानी सागर बूढ़ा सागर तालाब के पास यह मंदिर स्थापित है। जहां माता शीतला की पूजा अर्चना की जाती है। राजाओं के जमाने से यह मंदिर स्थापित है। तालाबों के बीच में यह मंदिर विद्यमान है। जहां बैरागी वैष्णव राजाओं द्वारा पूजा अर्चना की जाती थी। माता की पूजा अर्चना करने दूर-दूर से भक्त आते हैं।

राजनांदगांव शहर में रियासत कालीन प्राचीन शीतला माता मंदिर स्थित है। शहर के बूढ़ा सागर रानी सागर तालाब के पास यह मंदिर स्थित है। जहां विधि विधान से मां शीतला की पूजा अर्चना की जाती है। माता शीतला राजनांदगांव की आराध्य देवी और कुलदेवी है। जहां विभिन्न शुभ अवसर शादी छठी मांगलिक कार्यक्रमों में प्रथम निमंत्रण मां शीतला को दिया जाता है। यहां बड़ी संख्या में लोग पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं।

**बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते**

बैरागी राजाओं के द्वारा इस मंदिर की स्थापना की गई थी। इसके बाद से ही यहां विधि विधान से पूजार्चना की जाती है। हर पर्व पर माता शीतला की दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। माता हर मनोकामना पूर्ण करती है। दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेते हैं। यह राजाओं के समय से मंदिर स्थित है। इसके साथ ही शहर के दो प्रमुख तालाबों के बीच मंदिर स्थापित है।

राजनांदगांव शहर का प्राचीन शीतला माता मंदिर अपने आप में खास है। यह मंदिर दो तालाबों के बीच स्थित है। बैरागी राजाओं के समय से यह मंदिर स्थापित है।यहां विधि विधान से पूजा अर्चना करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। बड़ी संख्या में भक्त यहां आते हैं। माता से मन्नत करते हैं। यहां एक ही मंदिर परिसर में माता शीतला मां काली,बाबा भोलेनाथ,हनुमानजी और साईं बाबा के दर्शन एक साथ होते हैं मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्ति पहुंचते हैं।

**मंदिर की अपनी ही एक अलग मान्यता**

शीतला माता राजनांदगांव की आराध्य कुलदेवी माता है। हर मांगलिक कार्यक्रम के दौरान माता की पूजा अर्चना की जाती है। प्रथम निमंत्रण माता शीतला को दिया जाता है। इसके साथ ही दोनों नवरात्र पर्व पर ज्योति कलश की स्थापना भी की जाती है और 9 दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना मंदिर में की जाती है। इसके साथ ही दीपावली के दिन भी विशेष पूजा अर्चना होती है। भक्तों को मंदिर में पहुंचकर माता के विशेष पूजा अर्चना करने का लाभ मिलता है।राजाओं के समय से यह मंदिर स्थित है प्राचीन शीतला मंदिर अपने आप में खास है।

# कान छिदवाने के हैं इतने फायदे, धन-सम्मान की प्राप्ति के साथ करियर में भी मिलती है सफलता



कान छेदन एक प्राचीन परंपरा है जिसे ज्योतिष और स्वास्थ्य दोनों के नजरिए से महत्वपूर्ण माना गया है। आपने अक्सर देखा होगा कि कई लोगों के कानों में सोना होता है, कुछ के चांदी और कुछ कृत्रिम धातुओं के आभूषण होते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर सही धातु का चुनाव क्यों जरूरी होता है? भारतीय संस्कृति में कान छेदन को सिर्फ सौंदर्य या परंपरा से नहीं जोड़ा गया, बल्कि इसके पीछे कई वैज्ञानिक, ज्योतिषीय और आध्यात्मिक कारण हैं। कान छेदन करने से शरीर में ऊर्जा का प्रवाह बेहतर होता है, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है और मानसिक शांति बनी रहती है।

पुरुषों के लिए कान में सोना पहनना बेहद शुभ माना जाता है, जबकि चांदी पहनने से मानसिक अस्थिरता बढ़ सकती है। यह इसलिए क्योंकि कान केतु ग्रह से जुड़े होते हैं, और चांदी चंद्रमा का कारक है। जब केतु और चंद्रमा आपस में जुड़ते हैं, तो मानसिक और शारीरिक परेशानियां बढ़ सकती हैं। इसलिए, ज्योतिष शास्त्र में पुरुषों को कान में सोना धारण करने की सलाह दी जाती है।

**संतान सुख में वृद्धि**

अगर संतान प्राप्ति में बाधा आ रही हो, संतान का स्वास्थ्य कमजोर हो, या संतान से जुड़ी अन्य परेशानियां हों, तो कान में सोना पहनने से लाभ मिलता है। यह उपाय विशेष रूप से उन माता-पिता के लिए फायदेमंद है, जिनकी संतान अक्सर बीमार रहती है या किसी न किसी समस्या से घिरी रहती है।

**मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य**

कान छेदन से कई प्रकार की बीमारियों में राहत मिलती है, खासकर सिरदर्द, तनाव, माइग्रेन और आंखों की कमजोरी जैसी समस्याओं में सुधार होता है। यह हमारे तंत्रिका तंत्र को संतुलित करने में मदद करता है और शरीर में ऊर्जा प्रवाह को सही दिशा में भेजता है।

**करियर और सफलता में वृद्धि**

जिन लोगों को करियर में बार-बार बाधाओं का सामना करना पड़ता है। नौकरी में अस्थिरता बनी रहती है या व्यापार में नुकसान हो रहा हो, उनके लिए कान छेदन करना लाभदायक होता है। कान में सोना पहनने से बृहस्पति ग्रह की कृपा प्राप्त होती है जिससे ज्ञान, बुद्धि और निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होती है।

**केतु ग्रह का संतुलन**

जिनकी कुंडली में केतु कमजोर होता है उन्हें जीवन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जैसे कि बेवजह का तनाव, धन हानि, पारिवारिक कलह और अचानक दुर्घटनाएं। कान में सोना धारण करने से केतु ग्रह शांत होता है और जीवन में स्थिरता आती है।

**कान छेदन के सही नियम और शुभ मुहूर्त कब करवाना चाहिए?**

कान छेदन बच्चे के जन्म के बाद 3 वर्ष की आयु पार करने के बाद करवाना शुभ होता है। अगर किसी कारणवश पहले नहीं हुआ हो, तो बड़े होने के बाद भी सही मुहूर्त देखकर करवाया जा सकता है।

**छेदन के बाद क्या करना चाहिए?**

कान छेदन के बाद मिठाई बांटनी चाहिए, क्योंकि यह मंगल ग्रह का प्रतीक है और इससे शुभ फल प्राप्त होते हैं।

साथ ही, कान में सोने की तार या बाली जरूर धारण करनी चाहिए। अगर सोना महंगा लगे तो कम से कम सोने की पतली तार का उपयोग करें।

**कान में सोना पहनना संभव न हो तो क्या करें?**

अगर कान में सोना पहनना संभव न हो तो कान के पीछे केसर का तिलक लगाना शुभ फलदायी होता है। यह उपाय विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है जो विदेश यात्रा, व्यापार या करियर में प्रगति चाहते हैं।

# 29 मार्च से शुरू हो रहा है हिंदू नववर्ष? सर्वार्थ सिद्धि योग में विक्रम संवत 2082 का पहला दिन




हिंदू नववर्ष यानि नए विक्रम संवत का शुभारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है। हिंदू नववर्ष अंग्रेजी कैलेंडर से 57 वर्ष आगे चलता है। इस समय अंग्रेजी कैलेंडर का वर्ष 2025 है, जबकि हिंदू नववर्ष 2082 आने वाला है। हिंदू नववर्ष का शुभारंभ सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रहा है। कहें तो सर्वार्थ सिद्धि योग में पड़ने वाला विक्रम संवत 2082 का पहला दिन शुभ फलदायी होगा। हिंदू नववर्ष के पहले दिन पचंक का समापन हो रहा है। तिरुपति के ज्योतिषाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार भार्गव से जानते हैं कि हिंदू नववर्ष कब शुरू हो रहा है? हिंदू नववर्ष के पहले दिन का महत्व क्या है?

**हिंदू नववर्ष 2025 का शुभारंभ कब है?**

पंचांग से देखा जाए तो इस बार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च को शाम 4:27 बजे से शुरू हो रही है और यह तिथि अगले दिन 30 मार्च को दोपहर 12:49 बजे खत्म होगी। उदयातिथि के आधार पर हिंदू नववर्ष 2025 का शुभारंभ 30 मार्च दिन रविवार से हो रहा है। इस दिन विक्रम संवत 2082 का पहला दिन होगा।

**सर्वार्थ सिद्धि योग में हिंदू नववर्ष का शुभारंभ 2025**

इस साल हिंदू नववर्ष का शुभारंभ सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रहा है। 30 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग शाम को 04 बजकर 35 मिनट पर हो रहा है। यह अगले दिन 31 मार्च को प्रातः 06 बजकर 12 मिनट तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग एक शुभ योग है, इसमें किए गए कार्य सफल सिद्ध होते हैं।

हिंदू नववर्ष 2025 पहले दिन के शुभ मुहूर्त और योग

**सूर्योदयः** 06:13 ए एम, सूर्यास्तः 06:38 पी एम

**चन्द्रोदयः** 06:34 ए एम, चन्द्रास्तः 07:50 पी एम

इंद्र योगः 05:54 पी एम तक

रेवती नक्षत्रः 04:35 पी एम तक, फिर अश्विनी नक्षत्र

**चन्द्र राशिः मीन**

विक्रम संवतः 2082

ब्रह्म मुहूर्तः 04:41 ए एम से 05:27 ए एम

अभिजीत मुहूर्तः 12:01 पी एम से 12:50 पी एम

विजय मुहूर्तः 02:30 पी एम से 03:19 पी एम

गोधूलि मुहूर्तः 06:37 पी एम से 07:00 पी एम

हिंदू नववर्ष के पहले दिन का महत्व

1 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानि हिंदू नववर्ष के पहले दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी।

2 इस दिन ही भगवान विष्णु ने मत्स्यावतार लिया था।

3 पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से सतयुग का प्रारंभ हुआ था।

4 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्रि की शुरूआत होती है।

5 सम्राट विक्रमादित्य ने संवत्सर विक्रम संवत का प्रारंभ भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से किया था।

# अद्भुत बौद्धिक क्षमता के मालिक होते हैं इस नाम अक्षर के जातक

हमारी जिंदगी में नामों का गहरा असर पड़ता है और खासकर अगर वह नाम किसी खास अक्षर से शुरू होता हो। वैदिक ज्योतिष में यह माना जाता है कि प्रत्येक अक्षर का एक विशिष्ट प्रभाव होता है और जब किसी का नाम E से शुरू होता है, तो उनकी स्वभाव और जीवन के दृष्टिकोण में कुछ खास गुण होते हैं।

**बिंदास स्वभाव और मेहनत की भावना**

E से नाम शुरू होने वाले लोग आमतौर पर बिंदास और निर्भीक होते हैं। ये किसी भी बात को खुले तौर पर और सच्चाई से कहते हैं। इनमें अपनी मेहनत से कामों में सफलता हासिल करने का मजबूत जज्बा होता है। ये कभी भी अपने लक्ष्य से भटकते नहीं हैं और लगातार प्रयास करते रहते हैं। अगर इनका कोई काम अधूरा रह जाए, तो ये उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहते हैं। शारीरिक रूप से भी ये लोग काफी ताकतवर होते हैं और किसी भी मुश्किल काम को करने में पीछे नहीं हटते। इन्हें हर कार्य में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुट जाने की आदत होती है।

**मज़ाक और आत्मविश्वास से भरा व्यक्तित्व**

E नाम के लोग अक्सर हंसी-मजाक करने वाले होते हैं। ये मजेदार और जीवंत स्वभाव के होते हैं और जीवन के हर पहलू में खुश रहना पसंद करते हैं। हालांकि, इनका मिजाज थोड़ा मुंहफट भी हो सकता है। ये दूसरों की आलोचना को पसंद नहीं करते और कभी भी किसी की बातों को लेकर चुप नहीं रहते। इनकी बातों का तरीका कभी-कभी थोड़ी चिढ़ भी उत्पन्न कर सकता है, क्योंकि ये जो भी सोचते हैं, बिना किसी लाग-लपेट के सीधे कह देते हैं। ये लोग बहुत अधिक बोलने वाले होते हैं और कभी-




कभी इसे लोग गप्पबाज समझ सकते हैं, लेकिन इसका कारण इनका उत्साही और सक्रिय स्वभाव होता है।

**स्वतंत्रता और जोखिम उठाने का हौसला**

इन व्यक्तियों को भीड़ में रहना पसंद नहीं होता। ये लोग अपनी पहचान बनाने के लिए स्वतंत्र रूप से काम करना पसंद करते हैं, भले ही वो जोखिम भरा हो। नई-नई योजनाएं बनाना और फिर उन्हें इम्लीमेंट करना, इनकी विशेषता होती है। ये लोग अक्सर अपनी रचनात्मकता का इस्तेमाल करते हुए किसी भी नए विचार को जन्म देते हैं। अपने विचारों और कार्यों में ये हमेशा नवीनता को प्राथमिकता देते हैं और किसी भी मौजूदा नियमों या परंपराओं से बंधे रहने को सही नहीं मानते।

**रिश्तों में संजीदगी का अभाव**

हालांकि E नाम वाले लोग बहुत रोमांटिक होते हैं, लेकिन इन्हें रिश्तों को लेकर गंभीर नहीं माना जाता। शुरुआत में ये दिलफेंक आशिक की तरह होते हैं, लेकिन समय के साथ ये भी अपने रिश्तों को सच्चाई से निभाने में विश्वास रखते हैं। इनके रिश्तों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और कभी-कभी ये जल्दी रिश्तों को खत्म कर सकते हैं। फिर भी, जब ये किसी से सच्चा प्यार करते हैं, तो पूरी निष्ठा से उस रिश्ते में बने रहते हैं।

**रचनात्मक क्षमता और बुद्धिमानी**

इनकी बौद्धिक क्षमता अद्भुत होती है। ये लोग अपने विचारों और कल्पनाशक्ति से अलग-अलग क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अच्छे लेखक, चित्रकार, या कोई भी कला से जुड़ी गतिविधियों में इन्हें गहरी रुचि होती है। इनकी मानसिक ताकत इन्हें रचनात्मक कार्यों में विशेष स्थान दिलाती है।

# 'मैनियैक' गाने पर हुए विवाद पर हनी सिंह ने पहली बार तोड़ी चुप्पी




हनी सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं, उनके गाने 'मैनियैक' को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस गाने में हनी सिंह ने 'दिदिया के देवार चढ़वले बाटे नजरी' गाने के बोल भी इस्तेमाल किए हैं, जो बिहार के एक गीत से हैं, जिसे रागिनी विश्वकर्मा ने गाया है। हनी सिंह के गाने पर आश्लीलता का आरोप लगा है। इस बीच हनी सिंह का रिएक्शन भी सामने आया है, साथ ही भोजपुरी एक्टर-सिंगर और भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने भी अपनी राय दी है।

गाने के विरोध पर हनी सिंह ने कहा, 'मैनियैक' पर जो भी कॉन्ट्रोवर्सी हो रही है, वो मेरे साथ नहीं हो रही, वो उस बच्ची के साथ हो रही है। क्यों, क्योंकि ये मेरे साथ भी हुआ था जब मैं पंजाब में काम कर रहा था और जब मेरा 'अंग्रेजी बीट' बॉलीवुड में हिट हुआ था। तो जो पंजाब वाले थे उनको था कि ये बॉलीवुड कैसे पहुंच गया और बॉलीवुड वालों को ये था कि ये सारा पंजाब से कहा से आ गया?

हनी सिंह ने आगे कहा, "वो वही प्रॉब्लम फेस कर रही है जो उस वक्त मैंने की थी 14 साल पहले। क्योंकि उनकी सक्सेस बाकी जो उस इंडस्ट्री के लोग हैं उनसे बर्दाश्त नहीं हो रही। ये सड़क पर गाने वाली लड़की कहां इतने बड़े म्यूजिक वीडियो में आ गई।"

गाने के मतलब को लेकर हनी सिंह से जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, "बाल की खाल निकालने वाली बात है, एंटरटेनमेंट को एंटरटेनमेंट की तरह लेना चाहिए। मैंने मोहम्मद रफी साहब के गाने का एग्जांपल दिया, उस जमाने में लोग कितने ब्रॉड माइंडेड थे, उस गाने को ब्रॉड माइंडेड तरीके से लिया। बहुत सारे गाने ऐसे हैं, अगर मैं चाहूं तो लोग कहेंगे कि हनी सिंह पुराने-पुराने लोगों को डिसरिस्पेक्ट कर रहा है। लेकिन 'सरकाई लियो खटिया जाड़ा लगे', 'मुझको राणा जी माफ करना गलती मारे से हो गई, छत पे सोया था बेहनोई मैं तने समझ के सो गई' तो ऐसा बहुत कुछ है जब उनको नहीं कुछ बोला तो रागिनी बेचारी पर क्यों टार्गेट किया जा रहा है?"

**क्या बोले मनोज तिवारी?**

बता दें कि मनोज तिवारी, रवि किशन समेत कई स्टार्स के भोजपुरी गानों पर भी कई बार सवाल उठाए जा चुके हैं। अब हनी सिंह के गाने पर चल रहे विवाद पर उन्होंने कहा, "मैं भी हनी सिंह का प्रशंसक हूं, लेकिन जो गाना आया है उसमें भोजपुरी का इस्तेमाल किया गया है, कुछ शब्द आपत्तिजनक हैं। मैं चाहता हूं कि हनी सिंह की टीम ऐसा न करे क्योंकि हम अश्लीलता को दूर करने और भोजपुरी की मिठास देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि इस पर कोई कार्रवाई होनी चाहिए, हनी सिंह की टीम को सुधार करना चाहिए, मुझे नहीं पता कि उन्हें उन शब्दों का मतलब पता है या नहीं। लेकिन जो भी भोजपुरी में काम करता है उसे जिम्मेदार होना चाहिए।"

# विक्रांत मैसी और कृति सेनन को मिला अवॉर्ड
## 'पंचायत' के सचिव का नाम भी हुआ विनर लिस्ट में शामिल

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी आईफा का 25वां एडिशन 8 और 9 मार्च को जयपुर में हो रहा है। सिल्वर जुबली सेलिब्रेश की शुरुआत शनिवार को आईफा डिजिटल अवाड्र्स से हो चुकी है, जो पहली बार आयोजित किया गया। अपारशक्ति खुराना, विजय वर्मा और अभिषेक बनर्जी अवॉर्ड नाइट के होस्ट थे और नोरा फतेही, सचिन-जिगर, श्रेया घोषाल और मीका सिंह ने स्टेज पर परफॉर्म किया। आईफा डिजिटल अवाड्र्स की विनर लिस्ट सामने आ चुकी है, इसमें 2024 में ओटीटी पर आई फिल्मों और वेब सीरीज को अवॉर्ड दिए गए।

दिलजीत दोसांझ-परीणीति चोपड़ा की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को बेस्ट फिल्म के अवॉर्ड से नवाजा गया और 'पंचायत' के सीजन 3 को बेस्ट सीरीज का अवॉर्ड मिला। जीतेंद्र कुमार जिन्होंने इस सीरीज में सचिव जी का किरदार निभाया था, उन्हें भी बेस्ट परफॉर्मर का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा थिएटर रिलीज फिल्मों के लिए आईफा अवॉर्ड्स रविवार को होंगे।

**यहां देखें आईफा डिजिटल अवाइर्स 2025 के फिल्म कैटेगरी विनर्स की लिस्ट**

सर्वश्रेष्ठ फिल्म – अमर सिंह चमकीला

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक – अमर सिंह चमकीला के लिए इम्तियाज अलीमुख्य भूमिका में प्रदर्शन (पुरुष) – सेक्टर 36 के लिए विक्रांत मैसी

मुख्य भूमिका में प्रदर्शन (महिला) – दो पत्ती के लिए कृति सनोन

सहायक भूमिका में प्रदर्शन (महिला) – बर्लिन के लिए अनुप्रिया गोयनका



सहायक भूमिका में प्रदर्शन (पुरुष) – सेक्टर 36 के लिए दीपक डोबरियाल

सर्वश्रेष्ठ कहानी (मूल) – दो पत्ती के लिए कनिका ढिल्लों

सीरीज श्रेणी में आईफा डिजिटल अवाड्र्स 2025 के विजेताओं की सूची इस प्रकार है

सर्वश्रेष्ठ सीरीज – पंचायत सीजन 3

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक – पंचायत सीजन 3 के लिए दीपक कुमार मिश्रा

मुख्य भूमिका में प्रदर्शन (पुरुष) – पंचायत सीजन 3 के लिए जितेंद्र कुमार

मुख्य भूमिका में प्रदर्शन (महिला) – बंदिश बैंडिट्स सीजन 2 के लिए श्रेया चौधरी

सहायक भूमिका में प्रदर्शन (पुरुष) – फैजल मलिक, पंचायत सीजन 3

सहायक भूमिका (महिला) में प्रदर्शन - संजीदा शेख, हीरामंडी

सर्वश्रेष्ठ कहानी (मूल) - पुनीत बत्रा और अरुणाभ कुमार, कोटा फैक्ट्री सीजन 3

सर्वश्रेष्ठ वास्तविकता या सर्वश्रेष्ठ गैर-स्क्रिप्टेड श्रृंखला - फैबुलस लाइव्स बनाम बॉलीवुड वाइव्स

सर्वश्रेष्ठ डॉक्यू सीरीज/डॉक्यू फिल्म - यो यो हनी सिंहः फेमस सर्वश्रेष्ठ टाइटल ट्रैक - इश्क है, मिसमैच्ड सीजन 3

# युजवेंद्र चहल से तलाक लेने के दौरान धनश्री वर्मा ने की थी उर्फी जावेद से बात, एक्ट्रेस ने किया खुलासा



इंडियन क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा काफी समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने हुए थे। हालांकि, अब उनके रास्ते अलग हो गए हैं और दोनों ने फरवरी 2025 में तलाक ले लिया। वहीं, अब उर्फी जावेद ने धनश्री को लेकर बात की है। सोशल मीडिया सेंसेशन और एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि क्रिकेटर से तलाक लेने के दौरान वह काफी मुश्किल दौर से गुजर रही थीं।

उर्फी ने बताया कि जब उन्होंने धनश्री के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, तो यूट्यूबर और कोरियोग्राफर ने फोन करके उन्हें सपोर्ट करने के लिए आभार जताया था। ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के पॉडकास्ट में बात करते हुए उर्फी जावेद ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की और बताया है कि कैसे मेल एथलीटों से जुड़े किसी भी विवाद में महिलाओं को विलेन बना दिया जाता है।

**धनश्री ने किया था उर्फी जावेद को फोन**

पॉडकास्ट में उर्फी ने शेयर किया कि वह धनश्री के साथ खड़ी हैं और जब उन्हें सोशल मीडिया लगातार ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा था, तो मैंने उनके सपोर्ट में एक लंबा पोस्ट भी लिखा, क्योंकि मुझे लगा कि उसके साथ बहुत गलत व्यवहार किया जा रहा है। फिर इसके तुरंत बाद धनश्री ने पर्सनली मुझसे संपर्क किया और मेरा आभार व्यक्त किया, क्योंकि उस समय वह बहुत मुश्किल दौर से गुजर रही थी।

**उर्फी ने क्या किया था पोस्ट?**

बता दें कि उर्फी ने धनश्री के समर्थन में जो पोस्ट लिखी थी, उसमें सोशल मीडिया सेंसेशन ने लिखा कि हर बार जब कोई क्रिकेटर टूटता है या तलाक लेता है, तो महिला को चारों तरफ से कोसा जाता है, क्योंकि हमारे दिमाग में क्रिकेटर ही हमारा हीरो होता है। हम में से किसी को भी नहीं पता कि दोनों के बीच या नताशा और हार्दिक के मामले में क्या हुआ था, लेकिन निश्चित रूप से यह महिला ही है जो दोषी है।

# किसी भी फिल्म का रीमेक नहीं सलमान खान की 'सिकंदर'



सलमान खान की फिल्म सिकंदर इस साल ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसी बीच दावा किया जा रहा था कि यह फिल्म थलापति विजय की सरकार और प्रभास की सालार से प्रेरित है। इतना ही नहीं, यह उसका रीमेक है। अब इस मामले में खुद फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह कोई रीमेक नहीं, बल्कि एकदम ओरिजिनल स्टोरी है।

इंडिया टुडे के मुताबिक, डायरेक्टर ए.आर. मुरुगदास ने कहा, 'यह पूरी तरह ओरिजिनल स्टोरी है। सिकंदर का हर सीन, हर फ्रेम ऑथेंटिक तरीके से डिजाइन और एक्सीक्यूट किया गया है, ताकि दर्शकों को एक फ्रेश एक्सपीरियंस मिले। यह किसी फिल्म का रीमेक या अडेप्टेशन नहीं है।

फिल्म की ओरिजिनालिटी का एक बड़ा हिस्सा इसका दमदार बैकग्राउंड स्कोर है, जिसे बेहद टैलेंटेड संतोष नारायणन ने तैयार किया है। उनकी म्यूजिक इस फिल्म के एनर्जी से भरे टोन और धमाकेदार विजुअल्स को परफेक्टली मैच करती है, जिससे हर सीन का इमोशनल इम्पैक्ट और भी बढ़ जाता है।'

**ईद पर आएगी फिल्म सिकंदर**

फिल्म सिकंदर ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में सलमान खान और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास डायरेक्ट कर रहे हैं, जो इससे पहले 'गजनी', 'हॉलीडे' और 'अकीरा' जैसी हिंदी फिल्में डायरेक्टर कर चुके हैं। वहीं, साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर हैं।

**फिल्म के गाने ने मचाया धमाल**

हाल ही में सिकंदर का एक नया गाना 'मेरी जोहरा जबी' सामने आया है, जिसे देखकर सलमान खान के फैंस काफी खुश है। दर्शकों को सलमान खान और रश्मिका मंदाना की जोड़ी काफी पसंद भी आ रही है।

# रिलीज के 50 साल पूरे होने पर आईफा में हुई शोले की स्पेशल स्क्रीनिंग




मशहूर फिल्मकार रमेश सिप्पी की सुपरहिट फिल्म 'शोले' को अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी के 25वें संस्करण में दिखाया जाएगा। यानी प्रशंसक एक बार फिर से धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और हेमा मालिनी स्टारर फिल्म को देख सकेंगे। शोले इस साल रिलीज के 50 साल पूरे कर लेगी। यही वजह है कि शोले की स्पेशल स्क्रीनिंग की जा रही है।

**शोले की स्क्रीनिंग को लेकर रमेश सिप्पी ने कही दिल छू लेने वाली बात**

सलीम-जावेद द्वारा लिखित शोले का निर्देशन करने वाले रमेश सिप्पी ने किया है। रमेश ने शोले को लेकर कहा कि यह देखना बहुत अच्छा है कि उनकी फिल्म के 50 साल पूरे हो रहे हैं। रमेश सिप्पी ने कहा, आईफा के 25 साल आज उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने 'शोले' के 50 साल। हमने साथ मिलकर कल रात शानदार शुरुआत की और यह ना केवल आज रात, बल्कि आगे भी जारी रहेगा।

देवेंद्र ने दिया आईफा को धन्यवाद

फिल्म शोले की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान राजमंदिर सिनेमा हॉल के संस्थापक के बेटे देवेंद्र सुराना ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि शोले की यहां पर स्पेशल स्क्रीनिंग हो रही है। यह एक सदाबहार हिट फिल्म है। यह सब केवल आईफा की वजह से संभव हो पाया है। यह हमारे लिए एक यादगार दिन है।

कब रिलीज हुई थी फिल्म शोले

शोले एक सुपरहिट फिल्म है, जिसमें संजीव कुमार, अमजद खान, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया बच्चन ने अभिनय किया था। सिप्पी के पिता दिवंगत निर्माता जीपी सिप्पी द्वारा निर्मित यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी रामगढ़ गांव के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां ठाकुर बलदेव सिंह (संजीव कुमार) डाकू गब्बर सिंह (अमजद खान) को मार गिराने की साजिश रचता है और दो छोटे अपराधियों जय (अमिताभ बच्चन) और वीरू (धर्मेंद्र) की मदद लेता है। IIFA 2025 का आयोजन जयपुर में 8 मार्च से 9 मार्च तक किया जाएगा। इसका प्रसारण 14 मार्च को टीवी पर किया जाएगा।

# करीना कपूर से गले मिलने पर शाहिद ने दिया रिएक्शन
## बोले- यह हमारे लिए 'नॉर्मल' है



शाहिद कपूर और करीना कपूर राजस्थान के जयपुर में चल रहे आईफा अवॉर्ड में पहुंचे। उन्हें साथ में आईफा के स्टेज पर देखा गया। दोनों ने एक-दूसरे से आपस में बात की। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया। यह नजारा देखकर फैंस हैरान रह गए। कुछ फैंस ने इच्छा जताई कि वह दोनों को एक साथ स्क्रीन पर देखना चाहते हैं। कुछ ने कहा कि उन्हें 'जब वी मेट 2' बनानी चाहिए।

**करीना से मिलने पर शाहिद ने क्या कहा?**

इन सबके बीच शाहिद कपूर से जब पूछा गया कि उनका करीना से मिलने पर क्या कहना है तो उन्होंने बहुत साधारण जवाब दिया। उन्होंने इसे बहुत 'नॉर्मल' बताया। उन्होंने कहा 'यह हमारे लिए बहुत आम है। हमारे लिए यह नया नहीं है। आज हम स्टेज पर मिले और हम लोग इधर-उधर मिलते रहते हैं।'

**करीना और शाहिद ने इन फिल्मों में साथ में किया काम**

आपको बता दें कि शाहिद कपूर और करीना कपूर ने एक साथ कई फिल्में बनाई हैं। उन्होंने 'फिदा', 'चुप चुप के' और 'जब वी मेट' फिल्म बनाई है। फिल्म जब वी मेट में दोनों की अदाकारी को खूब सराहा गया। फैंस को उनकी ऑनस्क्रीन जोड़ी बहुत अच्छी लगी। हालांकि दोनों 'जब वी मेट' के बाद अलग हो गए। कई सालों के बाद दोनों एक बार फिर 'उड़ता पंजाब' फिल्म में नजर आए।

**करीना और शाहिद अकसर स्कूल में मिलते हैं**

करीना कपूर ने सैफ अली खान से शादी की है। उनके दो बच्चे हैं। शाहिद कपूर ने मीरा राजपूत से शादी की है। उनके भी दो बच्चे हैं। करीना और सैफ के बच्चे तैमूर और जेह उसी स्कूल में पढ़ते हैं, जिस स्कूल में शाहिद और मीरा के बच्चे मीशा और जैन पढ़ते हैं। करीना और शाहिद अकसर स्कूल के फंक्शन में एक दूसरे से मिलते हैं।

# गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा का होगा ओटीटी डेब्यू?:करण जौहर के शो में आ सकती हैं नजर

गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा जल्द ही ओटीटी की दुनिया में कदम रख सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुनीता करण जौहर के रियलिटी शो 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' के अपकमिंग सीजन में नजर आ सकती हैं। हालांकि, इस बारे में अब तक कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है।



फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, इंडस्ट्री के सूत्रों का कहना है कि सुनीता आहूजा की बढ़ती पॉपुलैरिटी के कारण उन्हें 'द फैबुलस हाउसवाइव्स' के अपकमिंग सीजन का हिस्सा बनाया जा रहा है। शो में शामिल होने के लिए सुनीता से संपर्क किया गया है, क्योंकि दर्शक उन्हें काफी पसंद कर रहे हैं और उनके फॉलोअर्स दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं।

तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में थीं

दरअसल, गोविंदा और सुनीता आहूजा को लेकर कुछ खबरें सामने आई थीं कि दोनों तलाक ले सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 61 साल के गोविंदा का 30 साल की मराठी एक्ट्रेस के साथ अफेयर चल रहा है, जिस वजह से सुनीता शादी के 37 साल बाद तलाक लेना चाहती हैं। कपल के वकील का भी बयान सामने आया था, जिसमें कहा गया कि तलाक की अर्जी 6 महीने पहले दी गई थी। हालांकि, दोनों ने अपने मतभेदों को सुलझा लिया है और अब उनका तलाक नहीं हो रहा है।

सुनीता आहूजा ने कुछ समय हिंदी रश को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वो और गोविंदा पिछले 12 सालों से अलग रह रहे हैं। वहीं, दूसरे इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वो अपना जन्मदिन अकेले शराब पीकर मनाती हैं। सुनीता के ये बयान वायरल हो गए और तलाक की खबरें सुर्खियों में आ गईं। करण जौहर ने साल 2020 में 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' शो लेकर आए थे। इसका कॉन्सेप्ट काफी अलग था। बॉलीवुड के फेमस स्टार्स, जिनकी जिंदगी दूर से बहुत रंगीन लगती है, लेकिन उनके पत्नियों की जिंदगी कैसी है, वे क्या करती हैं, और कैसे रहती हैं। यह सब इस शो में दिखाया जाता है।

# विवेक अग्निहोत्री ने बॉक्स ऑफिस को बोला 'धोखाधड़ी वाला ऑफिस'
### कहा- फिल्म इंडस्ट्री में कुछ भी नया नहीं बचा है, न ही नई सोच है



विवेक रंजन अग्निहोत्री इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म द दिल्ली फाइल्स को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच डायरेक्टर ने अपने एक्स अकाउंट पर एक लंबा नोट लिखकर शेयर किया है। इस नोट में उन्होंने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की कई समस्याओं के बारे में बताया है।

डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने नोट शेयर कर लिखा कि बॉलीवुड में कोई नई सोच नहीं बची है, न ही कोई नया प्रोड्यूसर है। उन्होंने अपने इस नोट में बॉक्स ऑफिस को 'धोखाधड़ी वाला ऑफिस' भी कहा।

उन्होंने आगे लिखा, 'बॉलीवुड खस्ताहाल में है और यह इंडस्ट्री के लिए अच्छा है। नई इमारत खड़ी करने के लिए आपको पुरानी इमारत को गिराना पड़ता है। अब समय आ गया है। आज के समय में बॉलीवुड में शायद ही कोई इंडिपेंडेंट प्रोड्यूसर है। कोई नया प्रोड्यूसर नहीं है। कोई नया विचार नहीं है। कोई स्ट्रेटजी नहीं है। कुछ साल पहले इतने सारे स्टूडियो थे- अब सिर्फ दो या तीन बचे हैं। सिनेमा के लिए जुनून की जगह कॉर्पोरेट लालच और एजेंडा वाले कंटेंट ने ले ली है।'

डायरेक्टर ने इंडस्ट्री के प्रति गुस्सा और नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा- इंडस्ट्री में फिल्में नहीं हैं, इसलिए पुरानी फिल्मों को रिलीज करने की होड़ मची हुई है। ज्यादातर डायरेक्टर जो इस मुश्किल समय में कुछ बदलाव ला सकते थे, उन्होंने हार मान ली है और ओटीटी के आगे झुक गए हैं।

उन्होंने कहा- फिल्म बिजनेस के चलते रहने के लिए स्टार-एक्टर्स जरूरी हैं। लेकिन कोई भी होनहार नया एक्टर नहीं है। अगर आप 21 से 35 ऐज ग्रुप के किसी व्यक्ति को कास्ट करना चाहते हैं, तो आपको लगभग कोई नहीं मिलेगा, न तो हीरो और न ही हीरोइन। जो कुछ हैं भी तो वो हिंदी नहीं बोल सकते, एक्टिंग नहीं कर सकते और अपने काम से ज्यादा इंस्टाग्राम में इंटरस्ट रखते हैं।

विवेक रंजन अग्निहोत्री ने बॉक्स ऑफिस को लेकर कहा, अगर आप इंडस्ट्री के बजाय बाहरी कलाकारों को कास्ट करते हैं (जैसे मैं करता हूं), तो आपको फंडिंग या मार्केटिंग मिलने का कोई मौका नहीं मिलता। बॉक्स ऑफिस जो कभी किसी फिल्म की लास्ट रिजल्ट हुआ करता था वो अब एक धोखा देने वाला ऑफिस बन गया है। आप अपने अनुसार कोई भी डेटा पब्लिश कर सकते हो।

बता दें, विवेक रंजन अग्निहोत्री की अपकमिंग फिल्म द दिल्ली फाइल्स 15 अगस्त के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मिथुन के अलावा अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, पुनीत इस्सर और गोविंद नामदेव मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# बनानी है अपनी अलग पहचान तो जल्द से जल्द अपनाएं ये टिप्स

आज के समय में हर कोई अलग पहचान बनाना चाहता है. इसके लिए जिसके बहुत सी ऐसी आदतें है जिन्हे अपनाकर अलग पहचान बनाते हैं. यही कुछ आदतें हैं जो लोगों को खास बनाती हैं. आज हम आपको उन्हीं आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं. हम रोज बहुत से लोगों से मिलते हैं लेकिन उनमें से बहुत ही कम लोग होते हैं जो हमें याद रहते हैं. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कुछ खास आदत जो आपको उनकी अच्छी लग जाती है.



कुछ व्यक्ति कई लोगो से अलग होते हैं ऐसे लोगो को सब याद रखते हैं. क्योंकि ऐसे लोग पर्सनल लाइफ में भी काम आ सकते हैं जिसका फायदा भी आप लें सकते हैं. करियर में ऐसे बहुत से मौके आते हैं जिनके लिए आपको इन लोगो की जरूरत पढ़ सकती है, जो आपको सफलता की ओर ले जा सकते हैं. कौन सी हैं वो बातें जिन्हें फॉलो करके या अपनी आदत में शुमार करके बेहतर इंसान बना जा सकता है.

अपनी खुद की राय देना : बहुत से लोग ऐसे हैं जो दूसरों के दबाव में न आ कर अपनी खुद की राय देते हैं. अगर सारी जनता किसी एक बात के लिए सहमति दिखाती है तब भी वो उनसे अलग अपना निर्णय लेते हैं. यह हिम्मत हर किसी में नहीं होती क्योकि जनता के सामने उनकी परवाह किए बिना अपने विचार रखना बहुत बड़ी बात मानी जाती है.

दूसरों के लिए जजमेंटल न होनाः बहुत अच्छी बात जब लोग किसी और को जज नहीं करते. यह खूबी हर किसी में नहीं होती. यही वजह है कि दूसरे क्या कर रहे हैं, कैसे कर रहे हैं, इस पर अपनी राय नहीं देते हैं, ऐसे लोग समझदार होने के साथ दूसरों को भी समझते हैं.

किसी और पर नहीं निर्भर करती अपनी खुशी : आपकी खुशी दूसरों की राय पर निर्भर नहीं होनी चाहिए. जब अपने हिसाब से रहना हो आप रहें, लाइफ एंजॉय करें. ऐसे लोग अपने में खुश रहना जानते हैं. अगर आप भी ऐसे हैं तो मुमकिन है कि आप दूसरों से अलग हैं.

आज के लिए जीना : जो लोग दूसरों से अलग होते हैं अक्सर वो आज में जीते हैं. ज़्यादातर लोग या तो अपने पास्ट को लेकर परेशान होते हैं या अपने भविष्य की चिंता करते हैं. लेकिन बहुत कम लोग ऐसे हैं जो आज में जीते हैं. आप भी ऐसे बनिए, दूसरों से अलग दिखेंगे. खुश रहेंगे.

# डिजिटल दौर में फोटोग्राफरों की मांग

पिछले कुछ वर्षों से अमेरिका, ब्रिटेन और कुछ अन्य देशों में लोग अपने विवाह समारोह के पलों को फिल्मों के फोटो में कैद करना चाहते हैं। इससे कैमरे पर तस्वीरें खींचने वाले फोटोग्राफरों की मांग बढ़ी है। डिजिटल के मुकाबले फिल्म पर शूट की गई फोटो सॉफ्ट होती है।

यह धीमी और अधिक एनालॉग प्रक्रिया कई जोड़ों को पुराने जमाने के मीडियम की ओर आकर्षित कर रही है। अब कई जोड़ों को अपने विवाह के फोटो तत्काल की बजाय कुछ दिन बाद मिलते हैं। एडिनबर्ग, स्कॉटलैंड में स्थित वेडिंग फोटोग्राफर अन्ना अर्बन का कहना है, पिछले एक वर्ष से फिल्म फोटोग्राफरों की मांग बढ़ी है।

वैसे,वे अब भी डिजिटल कैमरे इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने सितंबर 2022 में बढ़ती मांग के कारण अपने क्लाइंट्स को फिल्म फोटोग्राफी ऑफर करना शुरू किया है। वे एक फिल्म रोल के लिए लगभग दस हजार रुपए लेती हैं। उनके पांच फीसदी वेडिंग क्लाइंट अपने पैकेज में फिल्म फोटोग्राफी शामिल करते हैं। वे बताती हैं, लोग कुछ अलग करना चाहते हैं। लंदन की फोटोग्राफर केट हेंपसन ने मई 2022 में सभी शादियों की तस्वीरें फिल्म पर खींचना शुरू किया है। उन्होंने अपने करिअर के शुरुआती वर्षों में डिजिटल फोटोग्राफी की है। वे डिजिटल फोटो के नतीजों से खुश नहीं हैं। बैकअप के तौर पर डिजिटल कैमरा साथ रखती हैं।



सैनफ्रांसिस्को की वेडिंग फोटोग्राफर जिलियन मिशेल न्यूयॉर्क और लॉसएंजिलिस में ज्यादा काम करती हैं। उन्होंने अधिकतर शादियों को फिल्म पर शूट किया है। 2009 में वेडिंग फोटोग्राफर के रूप में काम शुरू करने वाली मिशेल सभी फोटो डिजिटल कैमरे से खींचती थीं।

लेकिन, वे जल्द ही फिल्म की तरफ मुड़ गईं। वैसे, मिशेल कम रोशनी वाले फोटो डिजिटल कैमरे से लेती हैं। उनका कहना है, डिजिटल इमेज की तुलना में फिल्म की फोटो ज्यादा खूबसूरत लगती है। कुछ फोटोग्राफर फिल्म फोटो का लुक डिजिटल फार्मेट जैसा बनाना चाहते हैं।

### आर्टिस्टिक तस्वीरें

एक फोटोग्राफर कहती हैं, फिल्म के फोटो डिजिटल से बेहतर नजर आते हैं। वे फिल्म पर फोटो उतारने की तुलना आयल पेंटिंग से करती हैं। फिल्म से अच्छी आर्टिस्टिक तस्वीरें बनती हैं।

# लाखों में करनी है कमाई तो करें ये कोर्स

अच्छी नौकरी करना चाहते हैं तो ऐसा कोर्स करे जिसमें आपको सीखने के साथ कमाई भी अच्छी हो सक. अनुभवी लोगों की जरूरत तो हमेशा से ही मार्केट में होती है. इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे कोर्स के बारे में बताने जा रहे है जो आपके बेहतर भविष्य के लिए सही साबित हो सकते हैं.




**इंटीग्रेशन विथ जॉब मार्केट:** आज के समय में पढ़ाई को थ्योरी में बदल दिया गया है जिससे जॉब मार्केट के हिसाब से नई सोच और विषयों पर कम ध्यान दिया जा रह है. जिसकी वजह से जॉब न मिलने के भी आसार नजर आ रहे हैं. इन्हीं सब कमियों को देखते हुए आज के समय में शॉर्ट टर्म कोर्स चलाये जा रहे हैं. जो छात्रो को आज के हिसाब से जरूरी स्किल सीखने में मदद कर सकते हैं.

**मेडिकल कोडर:** इस कोर्स के लिए हाई स्कूल डिप्लोमा पास हो. एक कोडिंग प्रमाण के साथ आप इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं. इस क्षेत्र में डॉक्टरों के कार्यालयों, अस्पतालों और पुनर्वसन सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य संस्थानों में जाकर मेडिकल कोर्स रिपोर्ट और बिल बीमा बनाने का काम किया जाता है.

**एयर ट्रैफिक कंट्रोलर:** एयर ट्रैफिक कंट्रोलर का प्राथमिक उद्देश्य टकरावों को रोकना, हवाई यातायात के प्रवाह को व्यवस्थित और तेज करना होता है. इसके अलावा पायलटों के लिए सूचना और अन्य सहायता प्रदान करना है. कुछ देशों में, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एक सुरक्षा या रक्षात्मक भूमिका निभाता है. इस क्षेत्र में जाने के लिए 12वीं विज्ञान से पास हो. साथ ही हर साल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा आयोजित हवाई यातायात नियंत्रक प्रवेश परीक्षा को पास करना होता है.

**रियल एस्टेट :** रियल एस्टेट ब्रोकर बनने के लिए लाइसेंस की जरूरत होती है, जिसमें एक परीक्षा पास करनी होगी. इस परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रो को सर्टिफिकेट प्रोग्राम में शामिल हो सकते हैं. इसके पाठ में रियल एस्टेट सिद्धांत, व्यापार कानून, संपत्ति प्रबंधन जैसे नाम शामिल हैं. खासतौर पर रियल एस्टेट का काम बड़ी बिल्डिंग बनवाकर इसे मोटी कीमत में बेचने का काम करता है.

**साइबर सुरक्षा :** साइबर सिक्योरिटी के अंतर्गत एथिकल हैकर्स की एक बड़ी टीम होती है, जो आपका डेटा चोरी होने, डेटा डिलीट होने या आपके किसी भी डिवाइस को नुकसान होने से बचाते हैं. इसे इनफार्मेशन सिक्योरिटी और टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी के नाम से भी जाना जाता है.

**फ्लाइट अटेंटेंड :** एक फ्लाइट अटेंडेंट की भूमिका यात्री जहाजों या यात्री ट्रेनों में समान स्थिति से प्राप्त होती है. इसके अतिरिक्त, एक फ्लाइट अटेंडेंट का काम परिवहन के अन्य रूपों पर समान कर्मचारियों की तुलना में काफी हद तक सुरक्षा के इर्द-गिर्द घूमता है. फ्लाइट में सवार फ्लाइट अटेंडेंट सामूहिक रूप से एक केबिन क्रू बनाते हैं, जो कॉकपिट में पायलटों और इंजीनियरों से अलग होता है.

# इनकम टैक्स ऑफिसर कैसे बनें? कौन सी परीक्षा होगी, कितनी होगी सैलरी?

सरकारी नौकरी में इनकम टैक्स ऑफिसर की काफी ओहदे वाली नौकरी होती है. इस लोकप्रिय नौकरी को पाने के लिए हर साल हजारों युवा आवेदन करते हैं और इसकी तैयारी करते हैं. इनकम टैक्स ऑफिसर बनने के लिए युवा अभ्यर्थियों को कड़ी मेहतन के साथ लगन से तैयारी करनी होती है. हम बताने जा रहे हैं कि इनकम टैक्स अधिकारी बनने के लिए क्या जरूरी योग्यता है और इसमें कितनी सैलरी मिलती है.




इनकम टैक्स ऑफिसर बनने के लिए दो तरीके हैं. युवा अभ्यर्थी यूपीएससी यानी सिविल सेवा परीक्षा या एसएससी सीजीएल के लिए आवेदन कर सकते हैं. इन दोनों में किसी भी एक परीक्षा को पास करने वाले अभ्यर्थी इनकम टैक्स ऑफिसर बनने की योग्यता प्राप्त कर लेते हैं. हालांकि आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को इस बात का ध्यान रखना होता है कि यूपीएससी परीक्षा के माध्यम से इनकम टैक्स अधिकारी बनने के लिए उन्हें इंडियन रेवेन्यू ऑफिसर का ऑप्शन चुनना होगा. आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू की प्रक्रिया में शामिल होना होता है.

### इनकम टैक्स अधिकारी के लिए जरूरी योग्यता

उम्मीदवारों के पास इनकम टैक्स अधिकारी के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की डिग्री अनिवार्य रूप से होनी चाहिए. इसके साथ ही आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए.

### इनकम टैक्स अधिकारी के लिए उम्र सीमा

SSC CGL के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की उम्र 17 से 30 साल के बीच होनी चाहिए. इसमें आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी की अधिकतम उम्र 33 वर्ष हो सकती है. वहीं यूपीएससी परीक्षा के लिए 21 से 32 साल के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं. इसमें आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी की अधिकतम उम्र 37 वर्ष हो सकती है.

### इनकम टैक्स अधिकारी की सैलरी

इनकम टैक्स अधिकारी की शुरूआती सैलरी 40 से 60 हजार तक होती है. इसके साथ कई तरह की सुविधाएं भी मितली हैं. समय के साथ ये सैलरी बढ़ती जाती है.

# नौकरी मिलने की उम्मीद में बढ़ाएं ये टिप्स

**नौकरी पाने** की जल्दी में अक्सर लोग रिजेक्ट हो जाते हैं। ये उपाय जॉब मिलने की संभावना को काफी हद तक बढ़ा देंगे।

### ड्रीम जॉब नहीं होता

यदि आपका मैनेजर वैसा नहीं है, जैसा आप चाहते थे, साथ देने वाले और प्रोत्साहित करने वाले कुलीग्स नहीं हैं या ऑफिस का वर्क-कल्चर आपकी उम्मीद से जुदा है, तो ऐसी जगह पर काम करके आप खुश और संतुष्ट नहीं रहेंगे। जिसे ड्रीम जॉब मान रहे हैं, वो सबसे खराब भी साबित हो सकता है।

### हर बात को सही ना मानें

कई बार नौकरी के लिए दिए गए जॉब डिस्क्रिप्शन बेहद खराब तरीके से लिखे होते हैं। अक्सर इन्हें पांच से दस साल में अपडेट किया जाता है। इस दौरान जो बदलाव होते हैं, उनकी जानकारी नहीं दी जाती है। किसी भी नौकरी के विवरण पर आंख बंद करके भरोसा नहीं करें। केवल गाइड की तरह ही देखना चाहिए।

### उपलब्धि हाईलाइट करें

अमूमन कोई भी रिक्रूटर एक एप्लिकेशन पर लगभग सात सेकंड या उससे भी कम समय के लिए रुकता है। इसके बाद वो उसे या तो फेंक देता है या संभाल कर रख लेता है। अपना रिज्यूमे सबसे अलग दिखाना चाहते हैं तो इसे कंपनी और अपने नेचर ऑफ जॉब के अनुसार तैयार करें। खास उपलब्धियों को हाईलाइट करें।



### कवर लेटर जरूरी है

कवर लेटर ऐसा होना चाहिए, जो बताता हो कि कैसे आपकी स्किल्स की कंपनी को जरूरत है। कवर लेटर पर आपके किए गए किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के नतीजों का पूरा विवरण भी होना चाहिए। इस संस्थान में आपकी रुचि किसलिए पैदा हुई, इसकी वजह भी कवर लेटर पर स्पष्ट रूप से लिखी जा सकती है।

# गर्मियों में चाहिए स्टाइल के साथ कंफर्ट तो मैक्सी ड्रेसेस ट्राई करें

**चिपचिपे मौसम** में हमें उन कपड़ों की तलाश होती है जो आरामदायक होने के साथ- साथ स्टाइलिश भी हों। गर्मियों में अकसर लड़कियां लाइटवेट यानि कि हल्के-फुल्के, हवादार और ढीले-ढाले कपड़े पहनना पसंद करती हैं, अगर आप भी कुछ इस तरह के आउटफिट्स की तलाश में हैं तो मैक्सी ड्रेसेस बेस्ट ऑप्शन रहेगा। इन दिनों इसका चलन कुछ ज्यादा ही देखने को मिल रहा है। आज आपको मैक्सी ड्रेसेस की कुछ लेटेस्ट डिजाइन्स बताने जा रहे हैं जिसे पहनकर आप आरामदायक महसूस तो करेंगी ही साथ में स्टाइलिश भी दिखेंगी।

### फ्लोरल मैक्सी ड्रेस

फ्लोरल प्रिंट का ट्रेंड तो कभी पुराना ही नहीं होता। फ्लोरल प्रिंट में लाइट ब्लू, पिंक, येलो और व्हाइट कलर की मैक्सी ड्रेस आपको बड़ी ही आसानी से मिल जाएगी। इन्हें ऑफिस, कॉलेज, कैज़ुअल डे आउट, ट्रैवलिंग और रोज़मर्रा के कामों के लिए भी पहना जा सकता है।

### हाफ स्लीव शॉर्ट मैक्सी

मैक्सी ड्रेस में ही अगर आप कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं तो हाफ स्लीव शॉर्ट मैक्सी भी सही रहेगी। ईज़ी-ब्रीज़ी होने के चलते इसमें फुल कंफर्ट मिलता है। इसमें लाइट रंग ही चूज करें जिसे आसानी से पहनकर आप बाहर निकल सकें।



### लॉन्ग बैक मैक्सी ड्रेस

अगर आप कुछ बोल्ड ट्राई करना चाहती हैं, तो लॉन्ग बैक मैक्सी ड्रेस को अपने वॉडरोब का हिस्सा बना सकती हैं। यह एक ऐसा आउटफिट है, जो सभी बॉडी टाइप पर सूट करता है और इसे फैमिली फंक्शन या छोटी- मोटी पार्टी में कैरी कर कोई भी खूबसूरत और यूनिक लग सकता है। इसके साथ सिंपल फ्लैट फुटवियर कैरी कर आप अपने लुक को और भी शानदार बना सकते हैं।

### ऑफ शोल्डर मैक्सी ड्रेस

आप खुद को भीड़ में सबसे अलग दिखने की चाहत रखती है तो इस सीजन ऑफ शोल्डर मैक्सी ड्रेस को अपने फैशन का हिस्सा जरूर बनाएं। गर्मियों के लिए थोड़ी लूज फिटिंग वाले ड्रेस ही चुनें तो बेहतर होगा। आप चाहें तो इसके साथ हल्की एक्सेसरीज कैरी भी कर सकती हैं।

### पेस्टल मैक्सी ड्रेस

पेस्टल कलर भी गर्मियों के लिए बहुत बेहतरीन होता है। आप पेस्टल कलर्स की सिंपल सी मैक्सी ड्रेस को हाई हिल्स के साथ पेयर कर सकती हैं। डेट नाइट के लिए यह आरामदायक और स्टाइलिश आउटफिट साबित होगा



मैक्सी ड्रेस की खूबसूरती मिनीमल ज्वेलरी में ज्यादा निखर कर आती है, इसलिए मैक्सी ड्रेस के साथ ज्यादा एक्सेसरीज कैरी न करें। जितना हो सके एक्सेसरीज कम रखें और मेकअप भी लाइट रखें।



# राजस्थान में चतुर्थ श्रेणी भर्ती के लिए पदों की संख्या बढ़ी, अब 53,749 वैकेंसी

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती 2024 का संशोधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके तहत 53,749 पदों पर भर्ती की जाएगी। हालांकि इससे पहले इस भर्ती के लिए 52,453 पद भरे जाने थे। 21 मार्च से करें अप्लाई।

इनमें से 48,199 पद नॉन-टीएसपी और 5,550 पद टीएसपी क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं। उम्मीदवार राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

10वीं पास।

एज लिमिट :

18 - 40 वर्ष

उम्र की गिनती 1 जनवरी 2025 को आधार मानकर की जाएगी।

आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार उम्र में छूट दी जाएगी।

फीस :

सामान्य, क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग : 600 रुपए

राजस्थान के नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग : 400 रुपए

राजस्थान के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार : 400 रुपए

सैलरी :

पे मैट्रिक्स लेवल - 1 के अनुसार

सिलेक्शन प्रोसेस :

लिखित परीक्षा

डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन

एग्जाम पैटर्न :इस भर्ती के लिए परीक्षा दो घंटे की होगी।

इसमें 10वीं के लेवल के सवाल पूछे जाएंगे।

परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न सामान्य हिंदी, अंग्रेजी, जनरल नॉलेज और मैथ्स से होंगे।

यह परीक्षा 200 अंकों की होगी।

ऐसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर जाएं।

यहां नोटिफिकेशन के लिंक पर क्लिक करें।

अब चतुर्थ श्रेणी के नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक करें।

अधिसूचना को चेक करें और नियमानुसार आवेदन करें.



# वॉरेन बफे की ये 5 बातें बच्चों को जरूर सिखाएं, पैसों की कभी नहीं होगी तंगी, कारोबार शुरू करने में मिलेगी मदद



नई दिल्ली,9 मार्च (एजेंसियां)। वॉरेन बफे दुनिया के अमीर लोगों में शुमार हैं। वह न केवल दुनिया के बड़े निवेशकों में शामिल हैं बल्कि बर्कशायर हैथवे के सीईओ भी हैं। उन्होंने धैर्य, स्मार्ट निवेश और आर्थिक अनुशासन के सिद्धांतों पर अपना भाग्य बनाया है। बफे सिर्फ अपने बिजनेस में ही कामयाब नहीं हैं, बल्कि बच्चों को पैसे के बारे में महत्वपूर्ण सबक सिखाने को भी प्राथमिकता देते हैं। साल 2011 में बफे ने सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब नामक एक एनिमेटेड सीरीज बनाने में मदद की। इसका उद्देश्य बच्चों को व्यवसाय, निवेश और वित्तीय साक्षरता की मूल बातें सिखाना था। यह शो 26 एपिसोड तक चला। इसमें कुछ बच्चों की कहानी दिखाई गई जो पैसे के मामलों में बफे से सलाह लेते थे। साल 2013 में उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि बच्चों को पैसों के बारे में समझाना कभी भी जल्दी नहीं होता। चाहे वो नए खिलौने की कीमत समझना हो या पैसे बचाने का महत्व। यहां 5 ऐसी बातें दी गई हैं जिन्हें बफे ने अपने बच्चों को सिखाया था। आप भी अपने बच्चों को ये बातें सिखा सकते हैं।बफे हमेशा कम उम्र से ही वित्तीय शिक्षा के महत्व पर जोर देते रहे हैं। साल 2013 में सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'कभी-कभी माता-पिता अपने बच्चों के किशोरावस्था में पहुंचने पर ही पैसे का सही इस्तेमाल करने के बारे में बात करना शुरू करते हैं। जबकि वे प्री-स्कूल से ही शुरू कर सकते हैं।'कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की एक स्टडी के मुताबिक बच्चे 7 साल की उम्र से ही पैसे से जुड़ी आदतें विकसित करने लगते हैं। कम उम्र में ही बच्चों को बचत, खर्च और कमाई जैसी बुनियादी बातें बताकर पेरेंट्स उन्हें दीर्घकालिक वित्तीय सफलता के लिए तैयार कर सकते हैं।


**छोटी-छोटी बचत का भी महत्व**

बफे सिखाते हैं कि ब्याज की शक्ति के कारण समय के साथ छोटी-छोटी बचत भी बढ़ सकती है। सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब में बफे ने कहा है कि नियमित रूप से थोड़े से पैसे बचाने से भी फायदा होता है। इस सबक को सिखाने का एक व्यावहारिक तरीका बच्चों को उनका अपना गुल्लक या बैंक अकाउंट देना है। पैरेंट्स ऐसे ऐप्स भी इस्तेमाल कर सकते हैं जिनसे बच्चे अपनी बचत पर नजर रख सकें और जमा राशि पर ब्याज भी कमा सकें। बच्चों को सबसे पहले यह सीखना चाहिए कि जरूरतों और चाहतों में अंतर कैसे करें। बफे एक आसान तरीका बताते हैं कि अपने बच्चों से उन चीजों की सूची बनाने को कहें जो वे खरीदना चाहते हैं। फिर, हर चीज को एक साथ देखें और तय करें कि यह जरूरी है या फिजूलखर्ची। यह आदत जल्दी डालने से माता-पिता अपने बच्चों को बड़े होने पर बेहतर खर्च करने की आदतें विकसित करने में मदद कर सकते हैं।

**स्किल निखारकर संपत्ति बढ़ाएं**

बफे खुद जीवन भर सीखते रहे। वह अक्सर सेल्फ स्टडी के महत्व पर जोर देते हैं। सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब के एक एपिसोड में उन्होंने कहा है कि सबसे अच्छा निवेश जो आप कर सकते हैं वह खुद में है। जितना अधिक आप सीखेंगे, उतना ही अधिक आप कमाएंगे। बफेट खुद रोजाना कई अखबार पढ़ते हैं और बच्चों को ज्ञान के प्रति जुनून विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# गाजियाबाद वालों को अब नहीं जाना पड़ेगा दिल्ली मिलेगी मुंबई की सीधी फ्लाइट



नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में रहने वाले लोगों को अब मुंबई की फ्लाइट लेने के लिए करीब 50-60 किमी का सफर करके इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट नहीं जाना होगा। बल्कि अब ये फ्लाइट सर्विस उन्हें शहर के हिंडन एयरपोर्ट पर ही मिलने जा रही है। गाजियाबाद (हिंडन एयरपोर्ट) से मुंबई की फ्लाइट सर्विस 10 मार्च से शुरू होने जा रही है। गाजियाबाद और मुंबई की फ्लाइट डेली उड़ान भरेगी। इसी के साथ हिंडन एयरपोर्ट से देश के अलग-अलग हिस्सों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

**8 शहरों के लिए फ्लाइट सर्विस पहले से**

गाजियाबाद के अपने एयरपोर्ट हिंडन ने जुड़ने वाला ये देश का नौंवा शहर होगा। इससे पहले यहां से आदमपुर, नांदेड, किशनगढ़, लुधियाना और बठिंडा की लोकल फ्लाइट्स यहां से उड़ान भरती हैं। जबकि बेंगलुरू, गोवा और कोलकाता की कमर्शियल फ्लाइट्स भी यहां से उड़ान भरती हैं। मुंबई, हिंडन एयरपोर्ट से कनेक्ट होने वाला 9वां शहर होगा। मुंबई से हिंडन की पहली फ्लाइट 10 मार्च को सुबह साढ़े नौ बजे उड़ान भरक दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हिंडन पहुंचेगी।

वहीं हिंडन एयरपोर्ट से यही फ्लाइट सर्विस दोपहर 1 बजे रवाना होगी और दोपहर 3 बजकर 45 मिनट पर मुंबई पहुंचेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंडन एयरपोर्ट के डायरेक्टर उमेश यादव का कहना है कि फरवरी तक हिंडन एयरपोर्ट से सिर्फ 5 डेली फ्लाइट्स ही उड़ान भर रही थीं। अब इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। मार्च के अंत तक इनकी संख्या बढ़कर 13 हो जाएगी। हिंडन एयरपोर्ट से बेंगलुरू के लिए दूसरी फ्लाइट की सर्विस भी 10 मार्च से शुरू हो रही है। हिंडन एयरपोर्ट को एयरफोर्स के एयरबेस के साथ ही डेवलप किया गया है। गाजियाबाद के अलावा नोएडा, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर के लोगों को काफी राहत इस एयरपोर्ट से मिली है।

# एलन मस्क को अपनी जमीन दे रहीं बांग्लादेशी कंपनियां स्टारलिंक के साथ काम करने को मिलाया हाथ




नई दिल्ली,9 मार्च (एजेंसियां)। एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक बांग्लादेश में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने जा रही है। शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि कई बांग्लादेशी कंपनियों ने स्टारलिंक के साथ साझेदारी की है। ये कंपनियां स्टारलिंक के ग्राउंड अर्थ स्टेशन बनाने में मदद करेंगी। इसके लिए बांग्लादेशी कंपनियों ने स्टारलिंक के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। अमेरिका से एक टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर टीम बांग्लादेश का दौरा कर रही है। यह टीम स्टारलिंक के साथ काम कर रही है। इस पार्टनरशिप में जमीन देना, निर्माण में सहायता और बुनियादी ढांचे के रखरखाव जैसे काम शामिल हैं। स्टारलिंक टीम के दौरे से बांग्लादेशी कंपनियों को उन जगहों के बारे में पता चला जहां स्टारलिंक काम करना चाहती है।

**कंपनियां दे रहीं अपनी जमीन**

कुछ जगहों पर कंपनियां स्टारलिंक को अपनी जमीन दे रही हैं। वहीं कुछ जगहों पर स्टारलिंक हाईटेक पार्क की संपत्ति पर विचार कर रही है। मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक फैज अहमद तैयब ने बताया कि जगहों और कार्यान्वयन के विवरण पर अभी बातचीत चल रही है। तैयब को उम्मीद है कि स्टारलिंक से बांग्लादेश के शहरों और दूर-दराज के इलाकों में तेज इंटरनेट मिलेगा। उन्होंने उत्तरी क्षेत्रों और तटीय इलाकों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती या प्राकृतिक आपदाओं से कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा, 'हम अगले 90 दिनों में स्टारलिंक के साथ एक समझदार मॉडल लागू करने की कोशिश करते रहेंगे।'

**मुहम्मद यूनुस ने लिखा था पत्र**

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 19 फरवरी को एलन मस्क को एक पत्र लिखा था। उन्होंने मस्क को बांग्लादेश आने और स्टारलिंक सैटेलाइट सेवा शुरू करने का निमंत्रण दिया।मुख्य सलाहकार ने मस्क से कहा कि बांग्लादेश की यात्रा से उन्हें युवा बांग्लादेशी पुरुषों और महिलाओं से मिलने का मौका मिलेगा। ये युवा इस तकनीक के मुख्य लाभार्थियों में से होंगे। मुख्य सलाहकार ने अपने उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान को स्पेसएक्स टीम के साथ मिलकर काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगले 90 दिनों में बांग्लादेश में स्टारलिंक शुरू करने के लिए जरूरी काम पूरा किया जाए।

# डिलीवरी बॉय, कैब ड्राइवर ऐसे उठा सकते हैं आयुष्मान भारत का फायदा, करना होगा ये काम



नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। डिलीवरी बॉय, गिग वर्कर या कैब ड्राइवर का काम करने वाले आम लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल अपने बजट भाषण में ऐसे लोगों को 'आयुष्मान भारत' योजना का लाभ पहुंचाने की बात कही थी। अब इस दिशा में काम शुरू हो चुका है और ये लोग भी जल्द ही 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा पाने के हकदार होंगे। इसके लिए अब उन्हें बस ये काम करना होगा।श्रम और रोजगार मंत्रालय ने गिग वर्कर्स, डिलीवरी बॉयज और कैब ड्राइवर्स इत्यादि से आग्रह किया है कि वह सरकार के ऑनलाइन ई-श्रम पोर्टल पर जल्द से जल्द खुद को रजिस्टर कराएं। ऐसा करने से उन्हें वर्कर के तौर पर आधिकारिक मान्यता मिलेगी और वे आयुष्मान भारत योजना का फायदा उठा सकेंगे।

**देश में बढ़ रही गिग इकोनॉमी**

श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने एक बयान में कहा कि देश में गिग प्लेटफॉर्म्स और इससे जुड़ी इकोनॉमी का विस्तार हो रहा है। किराये पर टैक्सी लेने से लेकर सामान की डिलीवरी, लॉजिस्टिक और सैलून, रिपेयर इत्यादि की प्रोफेशनल्स गिग वर्कर के तौर पर काम कर रहे हैं। इस सेगमेंट में लोगों के लिए रोजगार बढ़ा है। वहीं नीति आयोग का अनुमान है कि भारत में गिग इकोनॉमी 2024-25 में टोटल एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देगी। इसके बाद 2029-30 तक यह आंकड़ा 2.35 करोड़ तक पहुंच जाएगा। इसलिए इनको कानून के हिसाब से वर्कर की मान्यता देने के लिए सरकार ने ई-श्रम पोर्टल इनके रजिस्ट्रेशन की प्रोसेस शुरू की है।

**रजिस्ट्रेशन कराने का फायदा**

आम बजट 2025-26 में ई-श्रम पोर्टल पर गिग वर्कर्स के ऑनलाइन रजिट्रेशन, पहचान पत्र जारी करने और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत स्वास्थ्य सेवाएं देने की घोषणा की गई थी। इन बजट घोषणाओं को लागू करने का काम देश में जल्द शुरू होगा। इसलिए श्रम मंत्रालय ने गिग वर्कर्स के रजिस्ट्रेशन प्रोसेस को शुरू करने का ऐलान किया है। श्रम और रोजगार मंत्रालय जल्द ही इस संबंध में योजना शुरू करेगा।

# भारतीय शेयर बाजार से माल बेचकर चीन क्यों जा रहे विदेशी निवेशक? मार्च के पहले वीक में ही कर दी बड़ी बिकवाली



नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 24,753 करोड़ रुपये (2.8 अरब डॉलर) निकाले हैं। कंपनियों की कमजोर आय और वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव बढ़ने के बीच एफपीआई लगातार शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 में अब तक एफपीआई कुल 1.37 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने सात मार्च तक 24,753 करोड़ रुपये के शेयर बेचे है। यह उनकी शुद्ध निकासी का लगातार 13वां सप्ताह है। विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर बिकवाली मुख्य रूप से वैश्विक और घरेलू कारकों के संयोजन के कारण है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका द्वारा मेक्सिको, कनाडा और चीन जैसे देशों पर हाई टैरिफ लगाए जाने तथा भारत सहित कई देशों पर जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा से बाजार धारणा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के कमजोर नतीजों ने नकारात्मक धारणा को और बढ़ा दिया है। इससे एफपीआई भारतीय शेयरों को लेकर सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अनिश्चितता कमजोर रुपये से और बढ़ गई है, जिससे भारतीय सिक्यूरिटीज का आकर्षण कम हो गया है।डेजर्व के को-फाउंडर वैभव पोरवाल ने कहा कि रुपये में गिरावट ने एफपीआई के लिए रिटर्न को कम कर दिया है। वहीं, भारत का टैक्स स्ट्रक्चर भी एक कारण है, जिसमें लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर 12.5 प्रतिशत टौक्स और शॉर्ट टर्म पर 20 फीसदी टैक्स है। यह वैकल्पिक बाजारों के विपरीत है, जो कम या जीरो टैक्स एनवायर्नमेंट प्रदान करते हैं।

# बहुत दिन बाद आया खुशी का मौका,अंबानी और टाटा ने लगाया कमाई का चौका!

नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। इधर 'भारत-न्यूजीलैंड मैच' में चौकों और छक्कों की बारिश हो रही है। उधर रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) जैसी कंपनियों के निवेशकों ने भी कमाई का'चौका' लगाया है। स्टॉक मार्केट के कमबैक ने बहुत दिन बाद इस खुशखबरी का मौका दिया है। लंबे समय से शेयर बाजार में मातम का माहौल छाया हुआ था, जो पिछले हफ्ते खुशी में बदल गया। इसने देश की टॉप-10 कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन को जबरदस्त बूस्ट दिया है। देश की टॉप-10 वैल्यूएबल कंपनियों में से 7 का मार्केट कैपिटलाइजेशन (एमकैप) पिछले हफ्ते कुल मिलाकर 2,10,254.96 करोड़ रुपये बढ़ा है। सबसे ज्यादा फायदे में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही हैं। ये दोनों वैसे भी मार्केट वैल्यू के हिसाब से देश की सबसे अधिक वैल्यूएबल कंपनी हैं। किसी कंपनी के मार्केट कैपिटलाइजेशन में बढ़ोतरी होने का सीधा मतलब होता है कि उस कंपनी के शेयर की वैल्यू बढ़ी है। ये उन कंपनियों के शेयर में इंवेस्ट करने वाले शेयर होल्डर्स की एसेट वैल्यू को बढ़ाता है, जो असल में उनके निवेश पर अच्छे रिटर्न या कमाई के बराबर होता है। बीते हफ्ते में बीएसई सेंसेक्स में कुल 1,134.48 अंक यानी 1.55 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी में 427.8 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की ग्रोथ देखी गई है।अगर पिछले हफ्ते के डेटा को देखें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैपिटलाइजेशन 66,985.25 करोड़ रुपये बढ़कर 16,90,328.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का एमकैप 46,094.44 करोड़ रुपये बढ़कर 13,06,599.95 करोड़ रुपये रहा। टॉप-10 कंपनियों की लिस्ट में एमकैप के हिसाब से रिलायंस जहां पहले स्थान पर कायम रही। वहीं मार्केट कैपिटलाइजेशन में तेज उछाल के बाद टीसीएस एक बार फिर लिस्ट में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एमकैप 39,714.56 करोड़ रुपये बढ़कर 6,53,951.53 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का 35,276.3 करोड़ रुपये बढ़कर 9,30,269.97 करोड़ रुपये, आईटीसी का 11,425.77 करोड़ रुपये उछाल के साथ 5,05,293.34 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 7,939.13 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 8,57,743.03 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैपिटलाइजेशन 2,819.51 करोड़ रुपये बढ़कर 5,17,802.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।जहां देश की टॉप-10 में से 7 कंपनियों के शेयर प्राइस में बढ़त देखी गई। वहीं 3 कंपनियां ऐसी रहीं जिनके शेयर होल्डर्स के घर ये बहार नहीं पहुंची। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैपिटलाइजेशन 31,832.92 करोड़ रुपये घटकर 12,92,578.39 करोड़ रुपये, बजाज फाइनेंस का 8,535.74 रुपये घटकर 5,20,981.25 करोड़ रुपये और इंफोसिस का मार्केट कैपिटलाइजेशन 955.12 करोड़ रुपये घटकर 7,00,047.10 करोड़ रुपये रह गया।देश की टॉप 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस के बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# एआई सिर्फ आपकी मदद ही नहीं करता अब एमएसएमई को फाइनेंसिंग में भी मदद करेगा

मुंबई,9 मार्च (एजेंसियां)। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस । इस समय चारों ओर इसकी चर्चा हो रही है। पिछले दिनों पीएम मोदी ने भी अपने भाषण में एआई की चर्चा की थी। इससे लोगों के बौद्धिक कार्य आसान हो रहे हैं। इसकी मदद से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट टैक्स चोरों को पकड़ रही है। पुलिस और खुफिया विभाग भी एआई की मदद ले रहा है। अब एआई की मदद से माइक्रो, स्मॉल और मीडियम इंटरप्राइजेज को आसानी से फाइनेंस यानी कि वित्तपोषण भी मिलेगा। गेटवांटेज एक प्रीमियर कैपिटल गेटवे और एम्बेडेड फाईनेंसिंग प्लेटफॉर्म है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से इसे नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी या एनबीएफसी का दर्जा मिला हुआ है। पिछले दिनों आयोजित एशिया के सबसे बड़े एआई फेस्टिवल , मुंबई टेकवीक 2025 में गेटवांटेज ने ग्रोथसहाय को लॉन्च किया है। यह एमएसएमई के लिए अपनी तरह का पहला एआई-पॉवर्ड फाईनेंसिंग प्लेटफॉर्म है। इस फेस्टिवल का आयोजन मुंबई के टेक एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन और महाराष्ट्र सरकार द्वारा किया गया था।

कंपनी का कहना है कि ग्रोथसहाय भारत के एमएसएमईज को क्रेडिट प्राप्त करना आसान बनाने के लिए समर्पित है। इससे छोटे और मध्यम व्यवसायों को तुरंत और सुगमता से किसी भी तरह की ग्रोथ कैपिटल आसानी से प्राप्त हो सकेगी। बस एमएसएमई को जीएसटी डिपार्टमेंट में रजिस्टर्ड होना चाहिए। यदि संबंधित एमएसएमई कुछ मानदंडों को पूरा करेगा तो उन्हें बिना किसी कोलेटरल के अनसिक्योर्ड वर्किंग कैपिटल फाईनेंसिंग की सुविधा मिल जाएगी। गेटवांटेज और पीएसएलएआई का लक्ष्य अगले 3 से 5 सालों में एमएसएमई क्रेडिट की उपलब्धता दोगुनी करना है। संगठन का दावा है कि ग्रोथसहाय प्लेटफॉर्म द्वारा ओसीईएन के आधुनिक फ्रेमवर्क का उपयोग करके 1 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक की तुरंत, सुगम और नॉन-डाइल्युटिव फंडिंग प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि गेटवांटेज प्रायरिटी सेक्टर लेंडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का संस्थापक सदस्य भी है।

# कम्प्यूटर के जमाने में क्यों वित्त मंत्री ने लिख डाला हाथ से बजट, ये है वजह

नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)।बढ़ते टेक्नोलॉजी के बीच, जहां लोगों के घंटों के काम एक क्लिक में हो जा रहे हैं. चैट जीपीटी की मदद से लोग लंबी-लंबी स्टोरी लिखवा रहे हैं. वहां कुछ ऐसे भी लोग हैं, जिनके अपने काम के प्रति लगन और निष्ठा ने सबका ध्यान अपनी खींचा. हम छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने राज्य के बजट को अपने हाथों से पेपर पर लिख दिया, जिसके बाद से ही मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक उनके इस काम की तारीफ हो रही है. उन्होंने हाथ से लिखने पर कहा कि मैंने इसलिए हाथ से लिखा क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अपना नजरिया ज्यादा अच्छे पेश कर पाउंगा.भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी चौधरी ने राजनीति में आने के लिए नौकरी छोड़ दी थी चौधरी का मानना है कि जनता की सेवा करने के लिए राजनीति एक बड़ा माध्यम है. चौधरी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में अगले वित्त वर्ष (2025-26) के लिए चार मार्च को बजट पेश किया. इससे पहले वह कई दिन तक बजट लिखने में व्यस्त रहे. इस दौरान वह मुश्किल से एकाध घंटे सोते थे. राज्य की वित्तीय योजना और लक्ष्यों के प्रति स्वामित्व और समर्पण की भावना को प्रदर्शित करने वाला यह दुर्लभ कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है, खासकर तब जब अधिकांश बजट दस्तावेज आमतौर पर अधिकारियों की एक टीम द्वारा तैयार किए जाते हैं या कंप्यूटर पर टाइप किए जाते हैं.उन्होंने कहा कि मैं अपना (बजट) भाषण लिख रहा था और मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं अपने हाथों से बजट लिखूंगा तो उसमें मेरी भावनाएं और मेरा नजरिया ज्यादा अच्छे से दिखेगा. उन्होंने अपने हस्तलिखित 100-पृष्ठ के दस्तावेज को दिखाते हुए कहा कि हाथ से लिखा हुआ यह बजट उनके लगाव और भावनाओं को दर्शाता है.

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-31
सूर्यास्त - 18-21
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | कुंभ मे | कुंभ.... | 05-07 बजे |
| चंद्र- | कर्क मे | मीन.... | 06-46 बजे |
| मंगल | मिथुन मे | मेष--- | 08-22 बजे |
| बुध- | मीन मे | वृष--- | 10-06 बजे |
| गुरु- | वृष मे | मिथुन.. | 12-06 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | कर्क.... | 14-19 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | सिंह--- | 16-32 बजे |
| राहु- | मीन मे | कन्या... | 18-38 बजे |
| केतु- | कन्या मे | तुला.... | 20-44 बजे |
| | | वृश्चिक... | 22-53 बजे |
| | | धनु...... | 01-07 बजे |
| | | मकर.... | 03-12 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- एकादशी 07-44 तक उपरान्त द्वादशी
मास - फाल्गुन शुक्ल , सोमवार 10 March
नक्षत्र - पुष्य 00-51 तक उपरान्त आश्लेषा
योग - शोभन 13-56 तक उप अतिगण्ड
करण- विष्टी 07-44 तक उप बव
विशेष:- आमलकी एकादशी व्रत सर्वे
व्रत -त्योहार - खाटु श्याम मेला

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 07:58 से 09:28 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06:31 - 07:58 | शुभ | चंचल | 18:21 - 19:54 | शुभ |
| काल | 07:58 - 09:28 | अशुभ | रोग | 19:54 - 21:25 | अशुभ |
| शुभ | 09:28 - 10:57 | शुभ | काल | 21:25 - 22:55 | अशुभ |
| रोग | 10:57 - 12:26 | अशुभ | लाभ | 22:55 - 00:26 | शुभ |
| उत्पात | 12:26 - 13:56 | अशुभ | उत्पात | 00:26 - 01:57 | अशुभ |
| चंचल | 13:56 - 15:25 | शुभ | शुभ | 01:57 - 03:27 | शुभ |
| लाभ | 15:25 - 16:54 | शुभ | अमृत | 03:27 - 04:58 | शुभ |
| अमृत | 16:54 - 18:21 | शुभ | चंचल | 04:58 - 06:31 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज दिनभर आपका मूड बदलता रहेगा लेकिन आपका भाग्य आपके साथ है ,इसका एक नुक्सान यह है कि आप भाग्य के भरोसे पर अधिक रह सकते हैं । इस बात का ध्यान रखें कि इसके कारण परियोजनाओं की तैयारी में कोई कमी ना रहे । वित्तीय फायदे तो होंगे किन्तु अनावश्यक खर्च ना करें । वित्तीय लाभ का यह सिलसिला अधिक समय तक नही चलेगा ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपको आज बहुत सारी चीजों से जुड़े अपने वादों को निभाना है । अपनी सामजिक,वित्तीय तथा निजी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार रहें । आपके परिजनों ,दोस्तों और सहकर्मियों ,सभी को आपसे मदद की अपेक्षा रहेगी और आप इस दबाव को सह पाने में बिलकुल समर्थ हैं । आज अपने शब्दों और कामों,दोनों ही तरीको से लोगों की मदद करेंगे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज चलते हुए सावधान रहें । हलकी खरोचें आ सकती हैं । न चाहते हुए भी आप किसी करीबी को बातों-बातों में नाराज कर सकते हैं । आज केवल अपने काम से ही मतलब रखना उपयुक्त रहेगा । सिनेमा या किसी और मनोरंजक कार्यकलाप में समय बिता सकते हैं । हालाँकि आपकी सेहत अच्छी है लेकिन इसके हिसाब से आपमें स्टैमिना कम है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज बोलने में सावधानी रखें । आप जिसे अपना करीबी समझते हैं,वो आपकी गुप्त बात को उजागर कर सकता है । बोलने से पहले सोच लें,अपनी बातचीत का विषय अपने और सामने वाले तक ही सीमित रखें । किसी तीसरे के बारे में बात करने से बचें । किसी दूसरे शहर की यात्रा और इसके दौरान किसी पुराने दोस्त से मुलाकात की सम्भावना है,पुराने पलों को याद करेंगे ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपके आसपास आपका ध्यान और समय बांटने वाली बहुत सी गतिविधियाँ चल रही है । छोटी-मोटी बातों पर समय व्यर्थ ना करें । एकाग्र रहें,तभी आपको मुक्त ऊर्जा का प्रवाह अनुभव हो पायेगा । अगर आपको यह मिल गया तो आपकी जिन्दगी बन जायेगी । घबराएं नहीं,ध्यान से समझकर समय रहते अवसर का लाभ उठायें । सफलता की कुंजी प्राथमिकताएं तय करने से मिलेगी।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
गृहों की स्थिति ऐसी है कि आपको अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है ,पिछले कुछ समय से आप बहुत अच्छी स्थिति में हैं और फिलहाल ऐसा कुछ भी नही है जो परेशानी पैदा करने वाला दीखता हो । लेकिन आज ऐसी बढ़ाएं और परेशानियां पैदा होने वाली हैं जो आपके काम और मूड दोनों को ही प्रभावित करेंगी । अप्रत्याशित समस्याओं से काम कुछ समय के लिए रुक सकता है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप आजकल हर किसी की नजर में हैं । जल्दी ही आप अपने दुश्मनों को पहचान जायेंगे । इनसे निपटते हुए सावधान रहें क्योंकि ये लोग आपको भड़काकर आपको गलत साबित करना चाहते हैं । यदि बहुत ज्यादा विरोध हो रहा हो तो पीछे हट जाएँ । हालाँकि आपको कोई ऐसा भी मिलेगा जिसपर आप यकीन कर सकते हो ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप अपने गुस्से के कारण तुरंत प्रतिक्रिया देने के मूड में हैं । लेकिन आपके लिए सुझाव यह है कि अपने दिमाग को शांत रखकर गंभीरता से सोचें । आपके पास अच्छी संचार-कुशलता है और इसे अपने लाभ के लिए इस्तेमाल करें । तनाव घटाने के लिए,किसी साहसिक यात्रा पर जा सकते हैं लेकिन शारीरिक आनंद के चक्कर में न पड़ें ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज आपको कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलेंगी । लेकिन चिंता ना करें,सब अच्छी खबरें होंगी । जिन कई चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे थे,वे आज पूरी होने वाली हैं । जिन कोशशों को आप अपनी और से व्यर्थ मान चुके थे,वे अंतत आज सफल होंगी । इसीलिए आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएं ,हो सकता है कि उनके पास भी आपको सुनाने के लिए कोई अच्छी खबर हो ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आप व्यावहारिकता की अपेक्षा रखने वाले कई मुद्दों में भावनात्मक व्यवहार करेंगे । स्पष्ट सोच रखते हुए यह समझने की कोशिश करें की आपकी इच्छाएं क्या हैं और आपके लिए अच्छा क्या हैं । आपके भीतर कुछ ऐसी भावनाए पैदा हो सकती हैं जो आपको कुछ सीमायें लांघने के लिए उकसा सकती हैं । ऐसी कोई भी फैसला लेने से पहले सब को सूचित कर दें ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज कर्म में आपका विश्वास और पक्का हो जाएगा । आप यह मान लेंगे कि कर्म का फल अवश्य मिलता है । आप दूसरों की तकलीफ समझते हैं । आप सबसे आगे चलते हुए अपने व्यक्तित्व की उदारता की भी नोट करेंगे । कोई आपसे मदद मांगेगा । प्रियजनों के साथ छोटी-मोटी यात्रा कर सकते हैं। इस बात की काफी संभावना है।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपका अत्यधिक भावनात्मक होना और लोगों के लिए तो मददगार है लेकिन इससे आप कई बार मुश्किल में फँस जाते हैं । ऐसी स्थिति से बाहर आने में अपने पार्टनर की मदद लें । यह कुछ निजी और गुप्त बातचीत करने का समय है । वित्तीय लाभ होने की उम्मीद है लेकिन अधिक जोखिम से बचें । बोलने से पहले सोच लें ,कहीं किसी करीबी को नाराज ना कर दें ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# केवल इन 10 जिलों के लाभुकों को ही मिल रहा मंईयां सम्मान योजना का पैसा

## बाकियों को कब तक मिलेगा

रांची, 9 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड की हजारों महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना की राशि मिलनी शुरू हो गयी है. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन हजारों लाभुक महिलाओं के खाते में जनवरी, फरवरी और मार्च महीने की राशि पहुंच गयी. हालांकि प्रथम चरण में केवल 10 जिले की लाभुकों को ही पैसे भेजे मिल रहे हैं. शेष 14 जिले के लाभुकों के खाते में इसकी राशि नहीं पहुंची है. ऐसे लोगों को मन में ये सवाल उठाने लगा है कि उन्हें कब तक बकाया तीन माह की राशि मिल जाएगी. तो हम आपको बता दें कि बाकी बचे 14 जिलों को भी ये राशि सोमवार को मिल जाएगी. इसके बाद धीरे धीरे सभी महिलाओं को पैसा मिलने लगेगा. हालांकि ये राशि फिलहाल 38 लाख महिलाओं को ही मिलेगा. क्योंकि इतने ही लोगों के आवेदन का ही सत्यापन हो सका है.




**पहले चरण में इन 10 जिलों को मिलेगा लाभ**

जिन जिलों की महिलाओं को तीन माह की राशि मिल गयी है उसमें बोकारो, चतरा, धनबाद, जमशेदपुर, गढ़वा, गुमला, जामताड़ा, लोहरदगा, पाकुड़ और सिमडेगा जिला शामिल हैं. अधिकतर जिलों में अभी आवेदन के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है. सत्यापन पूर्ण होने के बाद अन्य सभी जिलों में योजना की राशि हस्तांतरित की जाएगी. होली से पहले राज्यभर की सभी लाभुक महिलाओं के खाते में योजना की राशि पहुंच जाएगी.

**एक ही अकाउंट में जा रही थी 112 लाभुकों की राशि**

मंईयां सम्मान योजना को लेकर धांधली के भी कई मामले अब तक सामने आ चुके हैं. हाल ही में एक बेहद चौंकाने वाला मामला रांची के तमाड़ से सामने आया है. यहां के 112 लाभुकों की राशि एक ही बैंक अकाउंट में जा रही थी. तमाड़ प्रखंड के पंडराजी गांव के कार्तिक पातर ने प्रज्ञा केंद्र के संचालक के साथ मिलकर 112 आवेदकों के बैंक डिटेल्स हटा कर अपना बैंक डिटेल्स डाल दिया. इसके बाद सभी 112 लाभुकों की राशि कार्तिक पातर के अकाउंट में जाने लगे. इस धांधली में शामिल प्रज्ञा केंद्र संचालक आरोपी कार्तिक पातर का भाई है. मामले का उजागर होते ही जिला प्रशासन ने आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है.

**उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दी चेतावनी**

लगातार इस तरह के मामले सामने आने के बाद प्रशासन भी सजग हो गई है. रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा है कि, कई आपात्र व्यक्ति मंईयां सम्मान योजना का गलत तरीकों से लाभ उठा रहे हैं. ऐसे लोग जल्द से जल्द अपना नाम हटवा लें, अन्यथा पकड़े जाने पर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी.

# नगर पालिका अध्यक्षों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए डिप्टी सीएम अरुण साव

बालोद, 9 मार्च (एजेंसियां)। बालोद और दल्लीराजहरा नगरपालिका में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। बालोद नगरपालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी और दल्लीराजहरा नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तोरण साहू सहित भाजपा पार्षदों ने शपथ ली। प्राधिकारी अधिकारीयों ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और भाजपा पार्षदों को गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान सांसद भोजराज नाग, भाजपा प्रदेश महामंत्री सजंय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।




**निष्ठा और समर्पण से करेंगे काम**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दोनों नगर पालिकाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शहर के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा व समर्पण से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि बालोद एवं दल्लीराजहरा केवल शहर ही नहीं हैं, यहां के सभी निवासी हमारा परिवार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों नगर पालिकाओं के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभी पार्षदगण शहर के सर्वांगीण विकास तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर के निर्माण के लिए पूरी लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ लोगों की सेवा करेंगे। साव ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी नगरीय निकायों में वर्तमान जरूरतों के अनुरूप जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें एक आदर्श शहर के रूप में विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है।

**दोनों नगर पालिका क्षेत्र में शपथ ग्रहण**

डिप्टी सीएम अरुण साहू ने नगरपालिका दल्ली राजहरा से तोरण साहू और बालोद से प्रतिभा चौधरी को शपथ दिलाई। प्रतिभा चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिन उम्मीदों के साथ शहर की जनता ने उन्हें चुना है। उन उम्मीदों पर खरा उतारने के लिए संकल्पित है 10 वर्षों में जो शहर का विनाश हुआ है उसे सुधारने के लिए हर संभव वह प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के साथ और जनता के विश्वास के साथ हम लगातार शहर में विकास का काम करेंगे और जो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है वह विकास की गारंटी है और राज्य में विष्णु देव सरकार है और हम इस बालोद को सुशासन का वह गढ़ बनाएंगे। जिसे देखने के लिए पूरा प्रदेश यहां आएगा।

## गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता समाप्त

# सीएम हेमंत सोरेन ने पुरस्कार वितरित किए

रांची, 9 मार्च (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या



सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती है। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कबीरधाम में भीषण सड़क हादसा

## तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटा दो लोगों की मौत और 15 से ज्यादा घायल

कबीरधाम, 9 मार्च (एजेंसियां)। कबीरधाम जिले में भीषण सड़क हादसा में दो लोगों की मौत व 15 से ज्यादा घायल हो गए है। यह हादसा कवर्धा से लगे पालनीपाठ के पास हुआ हैं। ये सभी लोग माल वाहक पिकअप में सवार थे, जो हाथीड़ोब सिंघनपूरी के रहने वाले है और (चौथिया) विवाह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।



इस दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस वाहन में करीब 35 से 40 लोग सवार थे, जिसमें अधिकांश महिलाएं थीं। हादसे के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। गंभीर रूप से घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा और नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू सहित भाजपा के नेता जिला अध्यक्ष अस्पताल पहुंचे।

# सुकमा-बीजापुर में एसीबी और ईओडब्ल्यू की छापेमारी

## डीएफओ, सहायक आयुक्त समेत कई कारोबारियों के यहां कार्रवाई

बीजापुर, 9 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिले में अलग-अलग स्थानों पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की छापेमारी की जानकारी मिली है। हालांकि, इसके बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसी जानकारी मिल रही है कि बीजापुर में पदस्थ आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त आनंद जी सिंह के घर पर एसीबी की टीम ने जगदलपुर स्थित तीन ठिकानों पर दबिश दी।




वहीं, सहायक आयुक्त के जगदलपुर के धरमपुरा में स्थित मकान में भी एसीबी की टीम ने छापेमारी की है। इसके अलावा उनके दो रिश्तेदार के घर बैलाबाजार और धरमपुरा के एक और मकान में भी एसीबी की टीम पहुंची।

उधर, सुकमा जिले के कई ठिकानों में भी एसीबी और ईओडब्ल्यू ने छापेमारी की है। सुकमा के डीएफओ समेत कई कारोबारियों के ठिकानों में न की टीम की छापेमारी चल रही है। सुकमा जिले के कोंटा और छिंदगढ़ ब्लॉक में कई ठिकानों में पूछताछ जारी है।

# झामुमो ने परिसीमन को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

## केंद्र सरकार को दी कड़ी चेतावनी

रांची, 9 मार्च (एजेंसियां)। झामुमो ने देश में परिसीमन को लेकर तैयार किये जा रहे ड्राफ्ट पर सवाल उठाया है. पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा अपनी सत्ता को ध्यान में रख कर परिसीमन करना चाहती है. इसका पार्टी हर स्तर पर विरोध करेगी. हरमू स्थित पार्टी के कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2026 के बाद पूरे देश में परिसीमन होगा. इसके पहले दो बार 1976 और 2008 में परिसीमन हुआ था. दोनों समय लोकसभा की कुल संख्या 543 ही रही. क्योंकि संविधान का आर्टिकल 81 स्पष्ट रूप से कहता है कि देश के सांसद में अधिकतम 530 सदस्य होंगे और केंद्र शासित राज्य 20 होगा. यानि लोकसभा में सदस्यों की संख्या 550 होगी.



**लोकसभा में सदस्यों की संख्या बढ़कर होगी 846 सुप्रियो भट्टाचार्य**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अभी ड्रॉफ्ट को लेकर जो बात सामने आ रही है, वह चौंकाने वाला है. इसके अनुसार अब लोकसभा में सदस्यों की संख्या बढ़कर 846 हो जायेगी. सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2008 में हुए परिसीमन से पहले झामुमो ने आंदोलन किया था. इसके बाद सरकार ने झारखंड और नॉर्थ ईस्ट को इससे अलग रखा, क्योंकि झारखंड के प्रतिनिधित्व का प्रतिशत में आघात होने वाला था. लेकिन अब जो बात सामने आ रही है, उसमें वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार देश केसभी राज्यों में परिसीमन किया जायेगा.

**किस राज्य में कितनी सीटें हो जाएगी सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने आगे कहा कि केंद्र सरकार 25 वर्ष में हुए बदलाव को नजरअंदाज करने की कोशिश कर रही है. 2011 की जनगणना रिपोर्ट है, लेकिन उसका प्रकाशन नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि नये परिसीमन के बाद उत्तर प्रदेश में 80 सांसद है, जो बढ़ कर 143 हो जाएंगे, बिहार में सांसदों की संख्या 40 से बढ़ कर 79, मध्यप्रदेश में 29 से बढ़ कर 52, गुजरात में 26 से बढ़ कर 43, राजस्थान में 25 से बढ़ कर 50, महाराष्ट्र में 48 से बढ़ कर 76, तामिलनाडू में 39 से बढ़ कर 49, कनाटक में 28 से बढ़ कर 41, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 42 से बढ़ कर 54, झारखंड में 14 से बढ़ कर 24 की बात चल रही है. इसके हिसाब से 10 राज्य की कुल सीट बढ़ कर 647 हो जायेगी. यह कुल सीट का लगभग 77 फीसदी है. केंद्र सरकार की ओर से पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत को वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है.

# हाइकोर्ट ने बेटी से दुष्कर्म के आरोपी पिता को किया बरी, दबाव में आकर पीड़िता ने लगाए थे आरोप

बिलासपुर, 9 मार्च (एजेंसियां)। बिलासपुर हाइकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी पिता को सबूतों के अभाव में बरी करने का आदेश दिया है। अदालत ने माना कि यह मामला झूठे आरोप का एक स्पष्ट उदाहरण है, जिसमें चिकित्सा और फोरेंसिक साक्ष्य अभियोजन पक्ष के दावों का समर्थन करने में विफल रहे। इसके अलावा, अदालत ने पाया कि पीड़िता के बयान में विश्वसनीयता की कमी है, जिससे यह अपराध अविश्वसनीय हो जाता है।

याचिका के अनुसार, पूरा मामला साल 2019 जांजगीर चांपा का है। जब पीड़िता अपने घर के पास रहने वाले एक युवक रितेश के साथ भाग गई थी। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने



युवक के खिलाफ थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी रितेश को जेल में डाल दिया। इस घटना से रितेश की दादी और बाकी के घर वाले बेहद नाराज थे। रितेश के जेल जाने की वजह से युवती वापस अपने घर आकर रहने लगी।

इस बीच साल 2022 में एक दिन जब पीड़िता ने घर पर खाना बनाया तो उसके पिता जोकि शराब के नशे में था, उसे खाना पसंद नहीं आने पर अपनी बेटी की पिटाई कर दी। इसके बाद पीड़िता घर से बाहर निकली। जहां रितेश की दादी भी मौजूद थी। उन्होंने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने अपने पिता के खिलाफ रिपोर्ट नहीं लिखवाई तो उसका अंजाम बहुत बुरा होगा। दबाव में पीड़िता ने रितेश की दादी द्वारा थाने में लिखवाई गई रिपोर्ट पर अंगूठा लगा दिया (पीड़िता के अनपढ़ होने की वजह से)।

इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में निचली अदालत ने सुनवाई करते हुए पिता को 10 साल कैद की सजा सुना दी। बताया जाता है कि मेडिकल जांच में दुष्कर्म की किसी भी तरह से पुष्टि नहीं हुई थी। पीड़िता ने निचली अदालत में दबाव पूर्वक बयान दर्ज करवाने की बात कोर्ट में भी कही थी लेकिन निचली अदालत ने इसपर ध्यान नहीं दिया।

निचली अदालत द्वारा सुनाए गए इस फैसले के खिलाफ पिता ने हाईकोर्ट में अपील की। जिसपर सुनवाई करते हुए जस्टिस संजय के.अग्रवाल की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया है। गौरतलब है कि, निचली अदालत के गलत फैसले की वजह से पिता को 2 साल से अधिक समय जेल में बिताने पड़े। हाइकोर्ट ने पिता को तत्काल रिहा करने का आदेश जारी किया है।

# छत्तीसगढ़ में दिन और रात का पारा चढ़ा

## आगामी दिनों में धूप के साथ पड़ेगी भीषण गर्मी

रायपुर, 9 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। रात और दिन का पारा लगातार बढ़ने लगा है। प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। आगामी दिनों में तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। बीते दिनों रात और सुबह के समय ठंड, तो दिन भर गर्मी लग रही थी, लेकिन अब तापमान बढ़ने से तेज धूप और गर्मी पड़ने वाली है। आज रविवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। वहीं प्रदेश में सबसे गर्म राजनांदगांव रहा है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अब प्रदेश में तापमान में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। छत्तीसगढ़ के उत्तर और मध्य में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि हो सकती है। वहीं दक्षिणी भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने के आसार हैं। रात और सुबह के समय गुलाबी ठंड भी गायब हो जाएगी। मौसम एक्सपर्ट के अनुसार, एक नए



पश्चिमी विक्षोभ के 9 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। इस विक्षोभ के प्रभाव से उत्तरी हवाओं का प्रभाव कमजोर होगा। इससे प्रदेश में तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि प्रदेश में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। इससे आगामी दिनों में तेज धूप के साथ भीषण गर्मी पड़ सकती है। वहीं आज राजधानी में मौसम साफ रहेगा। यहां अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में सबसे गर्म राजनांदगांव रहा है।

यहां सर्वाधिक दिन का पारा 37.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 10.5 डिग्री दर्ज किया गया है।

# रामगढ़ के 108 बकायेदारों के खिलाफ खान विभाग का कुर्की वारंट

## 25 साल से भी अधिक समय से है बकाया

रांची, 9 मार्च (एजेंसियां)। 25 साल से भी अधिक समय तक राजस्व का बकाया रखनेवाले खनन पट्टेधारी और खनिज अनुदान वालों के खिलाफ खान विभाग ने कुर्की वारंट जारी किया है. खान उपनिदेशक (हजारीबाग) अजीत कुमार ने रामगढ़ जिले के ऐसे 108 बकायेदारों के खिलाफ कुर्की वारंट जारी किया है. इनमें कई बकायेदार तो 1995-96 से डिफॉल्टर हैं. सभी बकायेदारों के खिलाफ कुर्की वारंट जारी करते हुए उपनिदेशक खान अजीत कुमार ने कहा है कि सभी बकायेदार अविलंब बकाया राशि का ऑनलाइन भुगतान कर नीलाम पत्र पदाधिकारी हजारीबाग को सूचित करें. इनमें कई बकायेदारों के पास तीन से लेकर 11 लाख रुपये तक बकाया हैं. ये सभी बकायेदार केवल एक जिला रामगढ़ से हैं. बताया गया कि अब ऐसे सभी जिलों में बकायेदारों की सूची तैयार की जा रही है. सभी जिला खनन कार्यालय द्वारा कुर्की वारंट जारी किया जायेगा.

# निखिल गुप्ता को भारत के खिलाफ 'राज' उगलने को किया जा रहा मजबूर ?

वॉशिंगटन, 9 मार्च (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अपने करीब डेढ़ महीने के कार्यकाल के दौरान भारत को परेशान कर दिया है। टैरिफ और व्यापार युद्ध में उलझाने के बाद ट्रंप प्रशासन ने अब निखिल गुप्ता के मामले में भारत को तकलीफ में डालना शुरू कर दिया है। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की साजिश रचने के आरोप में अमेरिकी जेल में बंद निखिल गुप्ता के खिलाफ नये आरोप लगाए गये हैं। अमेरिकी प्रॉसीक्यूटर्स ने न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिला न्यायालय को बताया है कि वो भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप भी जोड़ें जाएंगे। अमेरिकी अधिकारियों ने अभी तक निखिल गुप्ता के खिलाफ सिर्फ दो धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। उनके खिलाफ पन्नून की हत्या की साजिश रचने और हत्या के लिए



सुपारी देने के आरोप लगाए थे। लेकिन अब उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का भी मुकदमा चलाया जाएगा।

अभी तक जिन दो आरोपों में उनके खिलाफ मुकदमा चल रहा है, उनमें उन्हें 10-10 साल की सजा हो सकती है। लेकिन मनी लॉन्ड्रिंग का चार्ज लगने के बाद 20 साल की सजा और बढ़ जाएगी। यानि आरोप साबित होने पर उन्हें 40 साल जेल में रहना होगा। निखिल गुप्ता 14 जून 2024 से ही अमेरिका की जेल में बंद हैं। उन्हें ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन्हें चेक रिपब्लिक के प्राग में अमेरिकी अधिकारियों के कहने पर 30 जून 2023 को गिरफ्तार किया गया था और बाद में उन्हें अमेरिका को सौंप दिया गया।

ट्रंप प्रशासन के आने के बाद अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने ये नया कदम उठाया है। रिपोर्ट के मुताबिक निखिल गुप्ता को अपना जुर्म कबूल करने के लिए मजबूर किया जाएगा, जो ट्रंप प्रशासन की भारत के खिलाफ दवाब बनाने की रणनीति का हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। क्योंकि निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से लाने के लिए उनके खिलाफ सिर्फ 2 आरोप लगाए गये थे। द संडे गार्डियन को पिछले साल 18 अगस्त को दिए गये एक इंटरव्यू में निखिल गुप्ता ने कहा था कि पन्नून हत्याकांड में उनका नाम आना FBI की साजिश का एक हिस्सा है। उन्होने कहा था कि उन्हें फंसाया जा रहा है।

25 फरवरी को अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने विक्टर मार्रेनो की अदालत को जानकारी दी है कि निखिल गुप्ता मामले में उन्हें चेक गणराज्य से किसी नये इजाजत की जरूरत नहीं है। क्योंकि निखिल गुप्ता के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिका ने चेक गणराज्य को जो सबूत सौंपे थे, उन्हीं सबूतों के आधार पर उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए गये हैं। संडे गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस डिपार्टमेंट को चिट्ठी लिखकर जब 'विशेषता के नियम' को माफ करने पर जानकारी मांगी गई, तो कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके अलावा चेक न्याय मंत्रालय ने भी संडे गार्डियन के ईमेल का कोई जवाब नहीं दिया है। 17 फरवरी को अमेरिकी प्रॉसीक्यूटर्स ने कोर्ट को बताया कि निखिल गुप्ता के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप को जोड़ने के लिए चेक गणराज्य से 'विशेष छूट' लेने की योजना बना रहे हैं।

# ट्रंप के फैसले से बांग्लादेश में भुखमरी का बढ़ा खतरा

## करीब 10 लाख रोहिंग्या शरणार्थी होंगे प्रभावित



ढाका, 9 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को खाद्यान्न में कटौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि सहायता एजेंसियों ने धन में कटौती की है। कॉक्स बाजार, बांग्लादेश- बांग्लादेशी शिविरों में रहने वाले रोहिंग्या शरणार्थियों का कहना है कि वे अगले महीने से खाद्यान्न राशन में होने वाली कटौती से चिंतित हैं। अमेरिका ने इन शरणार्थियों को दी जाने वाली खाद्यान्न मदद को आधा करने का फैसला किया है। मामले में एक शरणार्थी अधिकारी का कहना है कि इस कटौती से 10 लाख से अधिक शरणार्थियों के पोषण पर असर पड़ेगा और साथ ही इसका सामाजिक और मानसिक असर भी होगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पद संभालते ही अधिकांश विदेशी सहायता रोक दी है। इतना ही नहीं उन्होंने अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए काम करने वाली अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी को भी भंग कर दिया। इसकी वजह से दुनिया भर में मानवीय मदद के लिए चलाए जा रहे काम पर बुरा असर पड़ा है और कई कार्यक्रम रुक गए हैं। ट्रंप ने 20 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश जारी करते हुए यूएस एड के फंड को रोक दिया था और 90 दिन की समीक्षा का निर्णय किया था।

संयुक्त राष्ट्र की मुख्य खाद्य एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम ने हाल ही में घोषणा की थी कि 1 अप्रैल से बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में खाद्यान्न राशन में कटौती शुरू हो जाएगी। यह वही जगह है जहां रोहिंग्या शरणार्थियों के दर्जनों शिविर हैं।

बता दें कि, अगस्त 2017 के अंत में म्यांमार की सेना ने निकासी अभियान शुरू किया था। इसके बाद 7 लाख से अधिक मुस्लिम रोहिंग्या म्यांमार से भागकर बांग्लादेश पहुंचे थे। बौद्ध बहुल देश म्यांमार में रोहिंग्या जातीय समूह को भेदभाव का सामना करना पड़ता है और साथ ही उन्हें नागरिकता और अन्य अधिकारों से भी वंचित किया जाता है। 2021 में सैन्य तख्ता पलट के बाद देश में सशस्त्र संघर्ष जारी है और गृहयुद्ध की स्थिति है।

यह स्पष्ट नहीं है कि विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) का निर्णय सीधे ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई से संबंधित है या नहीं। बांग्लादेश के अतिरिक्त शरणार्थी राहत और प्रत्यावर्तन आयुक्त शमसूद दौजा ने बताया कि पहले राशन के लिए मिलने वाली मदद 12.50 डॉलर प्रति माह थी जिसे अब घटाकर 6 डॉलर कर दिया गया है। दौजा ने कहा कि ऐसे और भी क्षेत्र हैं, जहाँ खाद्य राशन के अलावा बजट में कटौती की गई है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है। सरकार की ओर से कहा गया है कि यूएसएआईडी की मदद रुकने से बांग्लादेश में अन्य परियोजनाएं रुक जाएंगी लेकिन रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए सहायता राशि दी जाती रहेगी। यहां यह भी याद दिलाना जरूरी है कि बांग्लादेश में रह रहे रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए अमेरिका सबसे बड़ा मददकर्ता रहा है। शरणार्थियों के लिए मानवीय सहायता पर खर्च की जाने वाली मदद राशि का करीब आधा हिस्सा अकेले अमेरिका खर्च करता है। साल 2024 में इसके लिए यूएसए ने 300 मिलियन डॉलर की मदद दी थी।

# मार्क कार्नी बन सकते हैं कनाडा के नए पीएम

## 2008 में देश को मंदी से बाहर निकाला; टैरिफ के मसले पर ट्रम्प को बुली कहा

टोरंटो, 9 मार्च (एजेंसियां)। साल 2008 के सितंबर महीने की बात है... अमेरिका में लीमन ब्रदर्स बैंक जैसे कई बड़े बैंकों के दिवालिया होने की खबर आई। इसके बाद शेयर बाजार गिर गए, नौकरियां खत्म हुईं, इंडस्ट्रीज बंद पड़ गईं और पूरी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आ गई। इस वक्त कनाडा के सेंट्रल बैंक के गवर्नर मार्क कार्नी सबको चौंकाते हुए ब्याज दरों को 1% के ऐतिहासिक निचले स्तर पर ले गए। उन्होंने बैंकों के साथ मिलकर लोन सिस्टम मजबूत किया और कनाडा को इस मंदी से उबार लिया। मंदी से बाहर आने वाला कनाडा पहला देश बना।

उनके इस कदम को बाकी देशों के केंद्रीय बैंकों ने भी अपनाया। आर्थिक मंदी से निकलने में इसका फायदा हुआ। तब एक कनाडाई पत्रिका ने उन्हें 'दुनिया को बचाने वाला कनाडाई' शीर्षक से फ्रंट पेज पर छापा। वे बैंकिंग सेक्टर में जाना-माना नाम बन गए थे।

यही मार्क कार्नी आज कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के सबसे बड़े दावेदार हैं। आज लिबरल पार्टी



अपना नया नेता चुनने वाली है। इस रेस में कार्नी के अलावा 3 और नाम हैं, लेकिन वोटर सर्वे के मुताबिक कार्नी के पास सबसे ज्यादा वोटर्स का समर्थन है।

### बैंकर और इकोनॉमिस्टक हैं मार्क कार्नी

मार्क कार्नी इकोनॉमिस्ट और पूर्व केंद्रीय बैंकर हैं। कार्नी को 2008 में बैंक ऑफ कनाडा का गवर्नर चुना गया था। कनाडा को मंदी से बाहर निकालने के लिए उन्होंने जो कदम उठाए, उसकी वजह से 2013 में बैंक ऑफ इंग्लैंड ने उन्हें गवर्नर बनने का प्रस्ताव दिया। बैंक ऑफ इंग्लैंड के 300 साल के इतिहास में वे पहले ऐसे गैर ब्रिटिश नागरिक थे, जिन्हें यह जिम्मेदारी मिली। वे 2020 तक इससे जुड़े रहे। ब्रेक्जिट के दौरान उनके फैसलों ने उन्हें ब्रिटेन में मशहूर बना दिया।

कई वोटर्स को लगता है कि कार्नी की आर्थिक योग्यता और उनका संतुलित स्वभाव ट्रम्प को साधने में मदद करेगा। दरअसल, कार्नी लिबरल पार्टी में ट्रम्प के विरोधी हैं। उन्होंने देश की इस हालत का जिम्मेदार ट्रम्प को बताया है। उन्होंने पिछले मंगलवार को एक बहस के दौरान कहा कि ट्रम्प की धमकियों से पहले ही देश की हालत खराब है। बहुत से कनाडाई बदतर जीवन जी रहे हैं। अप्रवासियों की संख्या बढ़ने से देश की हालत और खराब हो गई है। कार्नी अपने विरोधियों की तुलना में अपने कैंपेनिंग को लेकर ज्यादा सतर्क रहे हैं। पीएम पद का उम्मीदवार बनने के बाद से अभी तक उन्होंने एक भी इंटरव्यू नहीं दिया है। वे ट्रम्प विरोधी हैं लेकिन, कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने और देश पर टैरिफ लगाने वाले ट्रम्प के बयान को लेकर कुछ भी कहने से बचते रहे हैं।

# इंडोनेशिया ने सिखाया कैसे किया जा सकता है चीन का मुकाबला

### आसानी से कुचल सकते हैं पीएलए की 'कैबेज स्ट्रैटेजी

जकार्ता, 9 मार्च (एजेंसियां)। एलब्रिज कोल्बी को अगर अमेरिका की रक्षा नीति का अवर सचिव बनाने के लिए सीनेट की मंजूरी मिल जाती है तो तय हो जाएगा, कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की असल चिंता रूस नहीं, बल्कि चीन है। एलब्रिज कोल्बी वो अधिकारी हैं जो चीन को लेकर सबसे ज्यादा आक्रामक रहे हैं। एलब्रिज कोल्बी लगातार कहते आए हैं कि अमेरिका को यूरोप से अपना ध्यान हटाकर चीन और इंडो-पैसिफिक की तरफ करना चाहिए। एलब्रिज कोल्बी का मानना है कि इंडो-पैसिफिक में चीनी वर्चस्व अमेरिका के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति है और वो अमेरिका की सुरक्षा, स्वतंत्रता और समृद्धि को खत्म कर सकता है। लेकिन एलब्रिज कोल्बी की ताइवान नीति की विरोध होती रही है और सीनेट में रिपब्लिकन सीनेटरों ने ही उनसे ताइवान पर असहज करने वाले सवाल पूछे हैं।

सीनेटर कॉटन ने उनसे पूछा कि पिछले कुछ सालों में आपने कहा है कि ताइवान एक महत्वपूर्ण हित है, लेकिन यह हमारे लिए अस्तित्व का सवाल नहीं है। यह हमारे लिए जरूरी नहीं है। क्या आप हमें बता सकते हैं कि ताइवान की रक्षा के बारे में आप कुछ हद तक नरम क्यों पड़ गए हैं? जिसपर कोब्ली ने कहा कि उन्होंने हमेशा कहा है कि ताइवान संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण₹ है, लेकिन उन्होंने तर्क दिया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच ₹सैन्य संतुलन₹ में बदलाव को देखते हुए यह ₹अस्तित्वगत हित नहीं है।

एलब्रिज कोल्बी ने सीनेटर से कहा कि ₹सीनेटर, जो बदला है वह है सैन्य संतुलन में नाटकीय गिरावट। एक निरर्थक और अत्यधिक खर्चीले प्रयास में शामिल होना हमारी सेना को नष्ट कर देगा।₹ उन्होंने जोर देकर कहा, कि चीन के अपने प्रभाव क्षेत्र में उसका मुकाबला करने के लिए ₹हमारी ओर से तैयारी की कमी₹ है। कोल्बी ने तर्क दिया कि ताइवान का डिफेंस खर्च, उसके सकल घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत से भी कम है और इसे बढ़ाकर 10 प्रतिशत करने की जरूरत है। उनके मुताबिक ताइवान अपनी सुरक्षा मजबूत करने में कमजोर कोशिश कर रहा है। आपको बता दें कि ताइवान के राष्ट्रपति विलियम लाइ ने पिछले महीने सैन्य खर्च को इस साल के 2.45 प्रतिशत से बढ़ाकर जीडीपी के 3 प्रतिशत तक बढ़ाने का वादा किया था, जिसका मकसद डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को अपनी रक्षा प्रतिब्धता दिखाना था। लेकिन ताइवान की संसद ने रक्षा बजट को बढ़ाने वाली फाइल अभी तक रोक रखी है।

### चीन को हराने का इंडोनेशियाई मॉडल क्या है?

अमेरिकी मरीन कॉर्प्स के लेफ्टिनेंट कर्नल जोएल एन. री ने एक लेख में सुझाव दिया है कि चीन को मात देने के लिए इंडोनेशियाई मॉडल को फॉलो किया जा सकता है। री ने बताया है कि कैसे 1970 के दशक से चीन ने पीपुल्स आर्म्ड फोर्सेज मैरीटाइम मिलिशिया (PAFMM), चाइना कोस्ट गार्ड और सबसे बाहरी परत, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (PLAN) का इस्तेमाल करके ₹गोभी रणनीति₹ का इस्तेमाल किया था, ताकि पड़ोसी राज्यों से संप्रभु क्षेत्र को जब्त किया जा सके। अमेरिकी रणनीतिक चीन की समुद्री स्ट्रैटजी को 6 श्रृंखला में बांटते हैं। ₹पहली द्वीप श्रृंखला₹ कुरील, जापानी घरेलू द्वीपों और रयूकस से ताइवान, फिलीपींस और इंडोनेशिया तक फैले द्वीपों को समेटती है। "दूसरी श्रृंखला" जापान से मारियानास और माइक्रोनेशिया तक फैली हुई है और "तीसरी श्रृंखला" हवाई पर केंद्रित है।

चौथी द्वीप श्रृंखला हिंद महासागर के मध्य से होकर गुजरती है, जो पाकिस्तान के ग्वादर और श्रीलंका के हंबनटोटा के साथ भारत को चुनौती देने की चीन की क्षमता को दर्शाती है। जबकि ₹पांचवीं द्वीप श्रृंखला₹ को अफ्रीका और उससे आगे के क्षेत्रों में चीनी हितों को कवर करने के लिए जिबूती के दोरालेह में चीन के बेस से निकलने के रूप में दिखाया जाता है। कोल्बी की तरह री का भी मानना है कि अगर पहली श्रृंखला के भीतर चीनी डिजाइन का जोरदार विरोध किया गया को इसका असर बाकी श्रृंखलाओं पर भी होगा। उनके मुताबिक इंडोनेशिया ने अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली चीनी नौकाओं के खिलाफ अभियान चलाा है और चीन को काउंटर करने का ये एक सही तरीका हो सकता है।

### चीन को कैसे काउंटर किया जा सकता है?

लेफ्टिनेंट कर्नल जोएल एन. री का मानना है कि अमेरिका को अपने एशियाई समुद्री सहयोगियों के साथ मिलकर चीन के उन मछली नौकाओं को पकड़ना और नष्ट करना चाहिए जो EEZ में घुसने की गुस्ताखी करते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर चीनी नावें अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का उल्लंघन करे तो उन्हें नष्ट करना भविष्य में क्षेत्रीय कब्जों के खिलाफ एक मिशन की तरफ काम कर सकता है। इस तरह की आक्रामकता से चीन के विस्तार को रोका जा सकता है। री का कहना है की चीन को किसी और के क्षेत्र में मछली पकड़ने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए।

# अफगान कैंप की छत गिरी, 6 लड़कियों की मौत चार लोग घायल

कराची, 9 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कराची में अफगान कैंप की छत गिरने से 6 लड़कियों की मौत हो गई। सभी की उम्र 3 से 15 साल के बीच थी। हादसे में परिवार के 4 लोग घायल भी हुए। हादसा रविवार सुबह गुलशन-ए-मैमार जंजाल गोथ अफगान कैंप में हुआ। ये परिवार खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू का रहने वाला था। शनिवार को ही पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान में रह रहे अफगान सिटिजन कार्ड होल्डर्स को 31 मार्च तक देश छोड़कर जाने को कहा है। 1 अप्रैल से उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजना शुरू कर दिया जाएगा।

# 6 महीने में 3 हजार अवैध श्रीलंकाई भारत में घुसे

## दक्षिणी राज्यों में बसे, कई कनाडा भेजे गए; सिंडिकेट चलाने वाले का नाम इमरान हज्जियार

नई दिल्ली, 9 मार्च (एजेंसियां)। खुफिया एजेंसियों को श्रीलंका से भारत में घुसपैठ के नए सबूत मिले हैं। खुफिया एजेंसियों ने मानव तस्करी करने वाले गिरोह के कुछ फोन कॉल इंटरसेप्ट कर गिरफ्तारी भी की है। नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी और तमिलनाडु एटीएस की पड़ताल से पता चला है कि पिछले 6 महीने के दौरान 3 हजार से ज्यादा श्रीलंकाई अवैध रूप से भारत में घुसपैठ कर चुके हैं। श्रीलंका के लोगों को दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक और तमिलनाडु में बसाया जा रहा है।

मानव तस्करी रैकेट के सरगना से पूछताछ में पता चला कि कुछ मामलों में भारत को डंकी रूट बनाया गया है। श्रीलंका के लोगों को फर्जी पहचान देकर कनाडा भी भेजा जा रहा है।

सूत्र बताते हैं कि मानव तस्करी के इस सिंडिकेट को श्रीलंका से इमरान हज्जियार चला रहा है। भारत में इस मानव तस्करी के गैंग के सरगना मोहम्मद इब्राहिम को 28 फरवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

जब बारी-बारी से सभी श्रीलंकाई नागरिक वेयरहाउस पहुंच जाते हैं, उसके बाद इन्हें 20-20 के ग्रुप में छोटी नावों, ट्रकों में बैठाकर तमिलनाडु व कर्नाटक के अन्य हिस्सों में भेजते हैं। ज्यादातर को बेंगलुरु, मंगलौर में बसाया गया है। भारत में घुसपैठ के लिए 20 लाख तो कनाडा के लिए 50 लाख रुपए तक वसूलते हैं।


कनाडा का वीसा पाने के लिए श्रीलंका प्रेफरेंस (वरीयता) कंट्री की लिस्ट में नहीं है। ऐसे में श्रीलंकाई वहां जाने के लिए खुद को भारतीय बताते हैं। इसके लिए भारत के डंकी रूट का इस्तेमाल करते हैं। मानव तस्कर इन लोगों को भारतीय दस्तावेज मुहैया कराते हैं। इससे इनकी भारतीय नागरिकता पुख्ता हो जाती है। फिर श्रीलंका के ये लोग कनाडा में स्टडी वीसा या फर्जी वर्क परमिट हासिल कर लेते हैं।

चेन्नई एटीएस ने कुछ श्रीलंकाई नागरिकों को जब पकड़ा तो पता चला कि उनके पास भारतीय नागरिकता से जुड़े सभी दस्तावेज तो थे, लेकिन जांच में ये फर्जी मिले। मानव तस्करों ने इनमें से कुछ को मरे हुए लोगों की पहचान दे रखी थी। मृत लोगों के आधार कार्ड को अपडेट कर उनमें फोटो बदल दी गई थी। कुछ मामलों में तो फर्जी आधार कार्ड और वोटर आईडी जैसे दस्तावेज बनाना भी सामने आया है।

# अमेरिका में पाकिस्तानियों की एंट्री बैन करने की तैयारी

## पाकिस्तान को घोषित किया खतरनाक देश, जारी की एडवाइजरी

इस्लामाबाद, 9 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका ने पाकिस्तान को खतरनाक श्रेणी के देशों में रखा है, जहां अमेरिकी नागरिकों से यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है। वॉशिंगटन ने पाकिस्तान के लिए एक नई ट्रैवल एडवाइजरी की है। अमेरिकी नागरिकों से आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष की संभावना समेत सुरक्षा खतरों के चलते देश की यात्रा पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है। एक बयान में अमेरिकी विदेश विभाग ने चेतावनी दी कि चरमपंथी समूह विशेष रूप से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में हमलों की योजना बना रहे हैं। यह सलाह तब जारी की गई है, जब ट्रंप प्रशासन पाकिस्तानियों की अमेरिका में एंट्री रोकने की योजना




को लागू करने की तैयारी में है।

ट्रैवल एडवाइजरी में इस बात पर जोर दिया गया है कि आतंकवादी बहुत कम या बिनी किसी चेतावनी के हमले कर सकते हैं और परिवहन केंद्रों, शॉपिंग मॉल, सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों, विश्वविद्यालयों और पूजा स्थलों जैसे विभिन्न स्थानों को निशाना बना सकते हैं। इसके साथ ही सलाह में पाकिस्तान में नियुक्त अमेरिकी सरकारी कर्मियों को बढ़े हुए खतरे के कारण अधिकांश बड़ी सभाओं में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया गया है।

इस सलाह में राजधानी इस्लामाबाद जैसे प्रमुख शहरों को लेकर भी चेतावनी दी गई है कि पाकिस्तान की सुरक्षा स्थिति अस्थिर बनी हुई है, जिसमें संभावित रूप से तेजी से बदलाव हो सकता है। इसके चलते अमेरिकी नागरिकों से पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने को कहा गया है।

### पाकिस्तानियों की अमेरिका में एंट्री होगी बैन

यह चेतावनी अमेरिका में संभावित यात्रा प्रतिबंधों के बारे में चल रही चर्चाओं के बीच आई है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि ट्रंप प्रशासन जल्द ही एक समीक्षाधीन नए प्रतिबंध को लागू कर सकता है, जिसमें पाकिस्तान और अफगानिस्तान के लोगों के अमेरिका में प्रवेश करने पर रोक है। यह देशों की सुरक्षा और जांच प्रक्रियाओं के व्यापक मूल्यांकन के बाद किया गया है।

# फिलीस्तीन समर्थकों ने ट्रम्प के गोल्फ कोर्स पर तोड़फोड़ की रिसॉर्ट की दीवारों पर ट्रम्प के लिए गालियां और फ्री गाजा जैसे नारे लिखे

लंदन, 9 मार्च (एजेंसियां)। फिलीस्तीन समर्थकों ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के स्कॉटलैंड वाले गोल्फ रिसोर्ट पर तोड़फोड़ की। ये तोड़फोड़ ट्रम्प के गाजा पर कब्जे करके उसे दोबारा बसाने के बयान को लेकर की गई। फिलिस्तीन एक्शन नाम के समूह ने रिसोर्ट की दीवारों पर लाल रंग से ट्रम्प के लिए गालियां और गाजा के समर्थन में 'फ्री गाजा' 'फ्री फिलीस्तीन' नारे लिखे।

इसके अलावा गोल्फ कोर्स की हरी घास पर लाल रंग से 'गाजा बेचने के लिए नहीं है' लिखा। गोल्फ कोर्स में गड्ढे भी किए। समूह ने रिसोर्ट की खिड़कियां और कई लाइट्स भी तोड़ दीं।

इस ग्रुप ने X पोस्ट में लिखा, 'फिलीस्तीन एक्शन ग्रुप आज ब्रिटेन के सबसे महंगे गोल्फ कोर्स पहुंचा। ये ट्रम्प का टर्नबेरी गोल्फ रिसॉर्ट है। ऐसे समय में जब अमेरिकी प्रशासन इजराइल को हथियार दे रहा है और गाजा में जातीय नरसंहार की योजना बना रहा है, आम लोग शांत नहीं बैठ सकते हैं।'

ट्रम्प ने पिछले महीने गाजा पर कंट्रोल करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि फिलिस्तीनियों को गाजा से निकालकर मिस्र और जॉर्डन भेजा जाए और गाजा का फिर से निर्माण किया जाए।

ट्रम्प ने कहा कि संघर्ष के अंत में इजराइल, गाजा पट्टी को अमेरिका के हवाले कर देगा। अमेरिका, गाजा में विकास करेगा और यहां शानदार घर बनाएगा। इसके लिए वहां पर अमेरिकी सैनिकों की जरूरत नहीं होगी।

ट्रम्प की घोषणा के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि उन्होंने सेना को इससे जुड़ा प्लान तैयार करने को कहा है। जो गाजावासी खुद ही गाजा छोड़ना चाहते हैं, इजराइली सेना उनकी मदद करेगी।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प के बयान का समर्थन किया और कहा कि यह काबिलेतारीफ है। नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि गाजा को लेकर यह सबसे अच्छा आइडिया है, जो उन्होंने सुना है। इसे लागू किया जाना चाहिए। इससे सभी को फायदा पहुंचेगा।

# पाकिस्तान में हैरान करने वाला खुलासा, सिंध के पूर्व सीएम का बेटा जिंदा होते हुए भी मृत घोषित

इस्लामाबाद , 9 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान में एक हैरान करने वाले घटनाक्रम के तहत पूर्व सीएम के बेटे को जिंदा होते हुए भी मृत घोषित कर दिया गया है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, सिंध के पूर्व सीएम कायम अली शाह के बेटे लियाकत अली शाह को जीवित होने के बावजूद आधिकारिक दस्तावेजों में मृत घोषित कर दिया गया है। पाकिस्तान के स्वास्थ्य सचिव, डीजी स्वास्थ्य और अतिरिक्त स्वास्थ्य सचिव सहित विभाग के अधिकारियों ने लियाकत अली शाह की मृत्यु का दावा करते हुए अदालत में एक झूठी रिपोर्ट पेश की।

लियाकत अली शाह खैरपुर के सरकारी नेत्र अस्पताल में प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। उन पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान 161 से अधिक कर्मचारियों को अवैध रूप से नियुक्ति देने का आरोप है। 10 फरवरी कराची में लियाकत अली शाह के आवास पर एक पुलिसकर्मी मृत पाया गया। पुलिस ने बताया कि पुलिसकर्मी दरखशान पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले एक घर से मृत पाया गया और प्रारंभिक जांच के बाद पता चला कि यह घर पीपीपी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सैयद कायम अली शाह के बेटे का था। हालांकि ये पता नहीं चल पाया कि पुलिसकर्मी की मौत के बाद आधिकारिक दस्तावेज में लियाकत अली शाह का नाम कैसे दर्ज हुआ।

लियाकत अली शाह ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने पुलिसकर्मी को यह जगह किराए पर दी थी और उन्हें उसकी मौत की वजह के बारे में नहीं पता है। बाद में, एएसपी दरखशान पुलिस स्टेशन राणा दिलावर ने कहा कि पुलिसकर्मी की मौत स्वाभाविक लग रही है क्योंकि यह पता चला है कि उसकी मौत दौरे पड़ने के बाद हुई।

# सीरिया में हिंसा से 2 दिन में एक हजार मौतें

## सेना और असद समर्थकों में झड़प; अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के लोगों को फांसी पर चढ़ाया

दमिश्क, 9 मार्च (एजेंसियां)। सीरिया के लताकिया और टार्टस में बीते कई दिनों से सेना और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के समर्थकों के बीच झड़प जारी है। इस हिंसा से 2 दिन में 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। मौतों का यह आंकड़ा 2011 में सीरियाई गृह युद्ध के बाद सबसे ज्यादा है। इसकी जानकारी सीरिया में युद्ध पर नजर रखने वाली संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दी है।

संस्था के मुताबिक पिछले दो दिनों में सुरक्षाबलों ने अलावी मुस्लिम समुदाय के 745 से ज्यादा लोगों की हत्या कर दी। इनमें से ज्यादातर को फांसी दी गई है। इसके अलावा असद समर्थक 148 लड़ाके भी मारे गए हैं। वहीं इस हिंसा में सुरक्षा बलों के 125 जवानों की भी मौत हुई है। पिछले साल दिसंबर में तख्तापलट होने के बाद बशर देश छोड़कर रूस भाग गए थे। इसके बाद सीरिया की सत्ता पर उग्रवादी संगठन हयात तहरीर अल-शाम का कब्जा हो गया। सीरिया सरकार का कहना है कि असद के वफादार लड़ाकों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया, जिससे हिंसा शुरू हुई। वहीं, असर के लड़ाकों ने सुरक्षाबलों पर रिहाइशी इलाकों पर बमबारी करने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक झड़प तब शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने की कोशिश की। इसके बाद सरकार ने लताकिया और टार्टस में भारी संख्या में सेना की तैनाती की है। साथ ही कर्फ्यू लगाने का भी आदेश दिया है। लताकिया और टार्टस प्रांतों में हिंसा ने अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। ये इलाके अल्वी समुदाय के गढ़ हैं, जो पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के प्रति वफादार रहे हैं। सीरिया में बीते साल दिसंबर में बशर अल असद को सत्ता से हटाए के बाद ये सबसे भीषण हिंसक झड़प है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2016 में जब सीरिया का गृह युद्ध थमा, तब से जुलानी अपनी लड़ाकों को मजबूत करने में जुट गया। चीन के उईगर मुसलमानों से लेकर अरब और सेंट्रल एशिया से लोगों की मदद से उसने अपनी फौज तैयार की। जुलानी ने सही समय का इंतजार किया, जो इजराइल-हमास जंग और रूस-यूक्रेन जंग की वजह से आया। 2022 में यूक्रेन में जंग शुरू हो गई और रूस वहां व्यस्त हो गया। इसके चलते रूस ने अपने सैनिकों को सीरिया से निकाल लिया। फिर 2023 में इजराइल और हमास के बीच जंग शुरू हुई।



# कारपेट-बिल्डर और कार्गो व्यापारियों के पास मिले 5 करोड़ कैश

## 55 करोड़ रुपए के निवेश के कागज और 6.67 करोड़ के गहने मिले

जयपुर, 9 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान में कारपेट, बिल्डर और कार्गो सर्विस फर्म से जुड़े तीनों कारोबारियों पर इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई आज तीसरे दिन भी जारी है। जयपुर सहित तीन शहरों में 24 ठिकानों पर छापेमारी में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीमों को 5 करोड़ कैश और 6.67 करोड़ की ज्वेलरी मिली है।




इसके अलावा मिली ज्वेलरी का मूल्यांकन किया जा रहा है। कारोबारियों के पास दुबई में बड़े स्तर पर निवेश किए जाने का भी खुलासा हुआ है। तीनों ग्रुपों की ओर से 55 करोड़ रुपए के निवेश के डॉक्यूमेंट मिले हैं।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के सूत्रों के मुताबिक- कारपेट, बिल्डर और कार्गो सर्विस फर्म से जुड़े बिजनेसमैन अनिल गुप्ता, अशोक पाटनी व शब्बीर खान के जयपुर, लालसोट और बहरोड़ शहर स्थित 24 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। शुक्रवार को शुरू की गई आईटी रेड रविवार को तीसरे दिन भी जारी है। इनकम टैक्स विभाग की टीमों की ओर से कंपनियों के वर्कर्स से पूछताछ में 30 प्रतिशत कैश लेने की बात सामने आई है।

**कंस्ट्रक्शन में 36 करोड़ रुपए कैश में लगाए गए**

जयपुर के दो दलालों को दुबई में निवेश की व्यवस्था करने के लिए जांच के दायरे में लिया गया है। 55 करोड़ के निवेश के डॉक्यूमेंट के साथ ही हवाला कारोबार से जुड़ा होने का सुराग इनकम टैक्स विभाग के हाथ लगे है। इनकम टैक्स विभाग की टीमें 34 रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स से मिली रकम का मिलान कर रही है। अलग-अलग प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन में 36 करोड़ रुपए कैश में लगाए गए है। एक कारोबारी ने 260 कार्गो वाहन होने की बात कबूली है, जबकि डॉक्यूमेंट में कम वाहन होना दिखाया गया है। दोनों दलालों के जरिए 300 इन्वेस्टर्स ने स्थानीय और दुबई प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है।

जयपुर के बजाज नगर स्थित अनिता कॉलोनी में यह एक बिजनेसमैन का घर है, जहां शुक्रवार सुबह इनकम टैक्स की टीम कार्रवाई करने पहुंची थी।

जयपुर के बजाज नगर स्थित अनिता कॉलोनी में यह एक बिजनेसमैन का घर है, जहां शुक्रवार सुबह इनकम टैक्स की टीम कार्रवाई करने पहुंची थी।

**तीनों ग्रुप का है कनेक्शन**

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के सूत्रों के मुताबिक, पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि तीनों ग्रुप से जुड़े बिजनेसमैन लंबे समय से टैक्स चोरी कर रहे हैं।

आईटी विभाग की इन्वेस्टिगेशन टीम की जांच के बाद रेड की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इनकम टैक्स विभाग की जांच में यह भी सामने आया है कि तीनों ग्रुप आपस में एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

इसके बाद डिपार्टमेंट की ओर से तीनों समूहों से जुड़े ठिकानों पर कार्रवाई की गई।

# अजमेर-ब्यावर बंद के दूसरे दिन 5 मांगों पर बनी सहमति



अजमेर, 9 मार्च (एजेंसियां)। जानलेवा हमले के बाद पुष्कर के वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम जाखेटिया की उपचार के दौरान मौत को लेकर चल रहा गतिरोध रविवार को समाप्त हो गया है। वकीलों की पांच सूत्री मांगों पर प्रशासन से सहमति बन गई है। इसके साथ ही जेएलएन अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने की कार्रवाई शुरू कराई है। इस दौरान अस्पताल में भारी जाप्ता मौजूद है।

वकीलों के प्रतिनिधि मंडल और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठक हुई। जिसमें वकीलों ने प्रशासन और सरकार के सामने पांच सूत्रीय मांगे रखी। जिस पर अब सहमति बन गई है। मीटिंग के दौरान 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, संविदा के आधार पर मृतक के आश्रित को नौकरी, शराब ठेका हटाने सहित अन्य मांगों को लेकर राजीनामा हुआ है। मांगे मानने पर आज हड़ताल समाप्त कर दी है।

पांच सूत्रीय मांगों पर सहमति बनने के बाद जेएलएन अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने की कार्रवाई शुरू कराई है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेंद्र सिंह, एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़ सहित भारी पुलिस जाप्ता मौजूद है। बताया जा रहा है कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा और पुष्कर में अंतिम संस्कार होगा।

बता दें कि वकीलों ने अजमेर, पुष्कर, ब्यावर, नसीराबाद व अन्य कस्बे बंद रखे थे। इस दौरान दुकानें बंद कराने को लेकर वकीलों की कई जगह झड़प हुईं थी। अजमेर में वकीलों ने बजरंगगढ़ चौराहे के समीप एवं पंचशील मॉल में कांच तोड़ दिए थे, जबकि आनासागर गौरव पथ पर फाइनेंस कंपनी का दफ्तर बंद कराते वक्त वीडियो बना रहे राहगीर की पिटाई कर दी थी। ऑटो-टैक्सी नहीं चलने से लोगों को परेशानी हुई। बंद से करीब 500 करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित रहा, हालांकि ऑनलाइन कारोबार जारी रहा।

उल्लेखनीय है कि पुष्कर में डीजे बजाने पर वकील पुरुषोत्तम जाखेटिया ने आयोजकों को टोका था। इसी दौरान 10 से अधिक युवकों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया था। उन्हें अचेतावस्था में अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार को उपचार की दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया था। प्रकरण में परिजन ने विभिन्न मांगों को लेकर उनका शव अस्पताल की मोर्चरी से नहीं उठाया था।

# लाडो प्रोत्साहन योजना की राशि बढ़ाई गई

## सीएम भजनलाल की बड़ी घोषणा

जयपुर, 9 मार्च (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं का विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि महिलाएं राजनीति, कला, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा सहित हर मोर्चे पर अपने उत्कृष्ट कार्यों से देश और प्रदेश को गौरवान्वित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति से आह्वान किया कि अंतिम पंक्ति पर खड़ी जरूरतमंद महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के लिए मिलकर प्रयास करें और देश-प्रदेश को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

सीएम भजनलाल ने बिड़ला सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लाडो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर दिए जा रहे एक लाख रुपए के सेविंग बॉन्ड की राशि बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपए करने की घोषणा की। सीएम भजनलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के डिजिटल सोशल मीडिया अकाउंट की जिम्मेदारी भी आज नारी शक्ति को सौंपी गई है। वहीं डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि समाज में महिलाओं के लिए अवसरों में समानता निरंतर बढ़ रही है। महिलाओं की स्टार्टअप्स, व्यवसाय, कला, पर्यटन, खेल, मीडिया सहित सभी क्षेत्रों में भागीदारी में वृद्धि हुई है।

**कम दर पर मिलेगा एक लाख रुपए का लोन**

समारोह में मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री किट योजना की गाइडलाइन, अमृत आहार योजना के तहत 5 दिन दूध वितरण, आवासीय संस्थानों में मैस भत्ता बढ़ाने, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को 2.5 प्रतिशत के बजाय 1.5 प्रतिशत ब्याज दर पर एक लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग की सोलर दीदी के नए मानदेय कैडर, सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग और कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की नमो ड्रोन दीदी के लिए भी निर्देश जारी किए।

# गोले में सही कलर भरो और रुपये डबल करो

## ऑनलाइन गेम के झांसे में आकर 71 लाख गंवा बैठा शख्स

चित्तौड़गढ़, 9 मार्च (एजेंसियां)। लालच में आकर लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। पुलिस भी समय समय पर सतर्क करती है। इसके बावजूद लोग झांसे में आकर अपने जीवन भर की कमाई ठगी में गंवा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के मंडफिया थाने के चिकारड़ा निवासी एक युवक के साथ हुआ है। इसमें इंस्टाग्राम पर वेबसाइट देख कर अमीर बनने के लालच में 71 लाख 36 हजार 308 रुपये गंवा दिए और ठगी का शिकार हो गया। साइबर ठगी के मामले में अब उसने साइबर पुलिस की मदद ली है। इस मामले में पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज की है।

साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए चिकारड़ा निवासी रमेश पुत्र रामेश्वरलाल जाट ने बताया कि उसने 4 अप्रैल 2024 को इंस्टाग्राम पर 91 क्लब के नाम से वेबसाइट देखी। इसमें आईडी के आधार पर रुपये कमाने का विज्ञापन था। इस विज्ञापन में अमीर बनने के ऊंचे सपने दिखाए थे। नरेश ने इंस्टाग्राम आईडी के लिंक को क्लिक किया और वेबसाइट पर गया तो वहां बताया कि इसमें रुपये जमा कराने पर डबल रुपये प्राप्त होंगे। इसके लिए कलर भर कर ओके करना होगा। उसने 4 अप्रैल 2024 को 91 क्लब वेबसाइड पर एड मनी करने के लिए क्यूआर कोड प्राप्त किया। इसमें उसने 2 हजार रुपये एड करने के लिए कहा गया और क्यूआर कोड पर बैंक अकाउंट से 2 हजार रुपये जमा करा दिए। इसके बाद वेबसाइट पर कलर भरने की बात कही गई। कलर भरने पर विश्वास में लेने के लिए एक डिजिटल बैंक बैलेंस बताया गया। इसमें से रुपये विड्राल करने पर बैंक अकाउंट में रुपये जमा हो गए। इससे उसे वेबसाइट पर विश्वास पुख्ता हो गया।

एक बार विश्वास जमने के बाद नरेश ने और भी रुपये जमा कराए। इसके बाद वेबसाइट पर 14 लाख रुपये का प्रॉफिट दिखाया, जो बैंक खाते में शुरू-शुरू में प्रॉफिट जमा करा दिया गया। वेबसाइट पर विश्वास पुख्ता होने के साथ ही और भी रुपये इन्वेस्ट करना शुरू कर दिए। इस दौरान वेबसाइट के डिजीटल अकाउंट में प्रॉफिट दिखाई देने लगा।

**परिवार के भी डाले रुपये, किया ब्लॉक**

लगातार रुपये जमा कराने के बाद जब उसने रुपये को निकालना चाहा तो वेबसाइट ने उसे ब्लॉक कर दिया। बाद में टेलीग्राम चैनल के द्वारा आईडी को अनब्लॉक कर रुपये विड्राल करने की काफी कोशिश की लेकिन रुपये नहीं निकल पाए। प्रार्थी नरेश ने रिपोर्ट में बताया कि वेबसाइट पर खुद के द्वारा बनाई गई पहले खाते से 13 लाख 78 हजार 800 रुपए, दूसरे खाते से 14 लाख 26 हजार 998 रुपए, भाई कमलेश के बैंक खाते से 7 लाख 15 हजार 301 रुपये, भाभी सुनिता कुमारी जाट के खाते से 9 लाख 15 हजार रुपये, बहन कल्ला जाट के खाते से 7 लाख 98 हजार 924 रुपये, पिता रामेश्वरलाल के खाते से 4 लाख 67 हजार 785 रुपये और दादी केशी बाई के खाते से 11 लाख 33 हजार 500 रुपये का इन्वेस्ट कर दिया। वेबसाइट ने अच्छा मुनाफा देने का झांसा देकर छल पूर्वक 71 लाख 36 हजार 308 रुपये की धोखाधड़ी की है।

**पुलिस जांच में जुटी, शिकायतों के बाद नहीं मिली राशि**

ऑनलाइन वेबसाइट पर धोखाधड़ी और छलपूर्वक रुपये ट्रांसफर कराने के मामले में प्रार्थी ने साइबर हेल्प लाइन पर कई शिकायतें की है। इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरूद्ध जांच में जुटी है। साइबर थाना पुलिस ने यह अनुसंधान पुलिस निरीक्षक मोतीलाल के सुपुर्द किया है। अब वेबसाइट खंगालने का काम किया जा रहा है।

# दो गैंग के गुर्गे आपस में मार रहे थे गाड़ियों में टक्कर

## फैला रहे थे दहशत, हिस्ट्रीशीटर सहित 4 गिरफ्तार

झुंझुनू, 9 मार्च (एजेंसियां)। चूरू बाइपास रोड पर दो बदमाशों व उनके गुर्गों के बीच आपसी रंजिश को लेकर गाड़ियों में की गई तोडफोड़ व मारपीट के मामले में पुलिस ने सदर थाने के हिस्ट्रीशीटर आबूसर के कार्तिक जाट, बिसाऊ थाने के हिस्ट्रीशीटर टांई निवासी जंगशेर उर्फ मुस्तफा, श्योपुरा निवासी अजयसिंह जाट व हमीरवास निवासी अंकित रेपस्वाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में काम ली गई तीन गाड़ियों को जब्त किया गया है। कोतवाली थानाधिकारी नारायणसिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे धनूरी थाने के हिस्ट्रीशीटर डेनिश बावरिया व बदमाश दीपक व उनके गुर्गों के बीच आपसी रंजिश को लेकर गाड़ियों को आपस में टक्कर मारकर तोड़फोड़ और मारपीट की गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। बाद में मालसर निवासी दीपक कुमार ने रिपोर्ट दी थी कि वह पिकअप से चूरू बाइपास से मंडावा मोड़ की तरफ आ रहा था, तभी उसकी पिकअप के पीछे से कुछ युवकों ने टक्कर मारी। इसके बाद गाड़ियों से उतरकर उसकी पिकअप में तोड़फोड़ की। उन्हें रूकने के लिए कहा तो परिवादी व उसके दोस्त के साथ मारपीट करने लगे। घटना के बाद पुलिस ने अनेक स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए झुंझुनूं, भुरासर का बास, कालेरा का बास, धनूरी, जीत की ढाणी, हंसासर, टांई, बिसाऊ समेत संदिग्ध ठिकानों पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। तीन गाटर लगी गाड़ियों को जब्त किया गया है।



**चारों आरोपियों के खिलाफ दर्ज हैं मुकदमें**

गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग पुलिस थानों में मामले दर्ज हैं। आरोपी अजय के खिलाफ दो, हिस्ट्रीशीटर जंगशेर ऊर्फ मुस्तफा के खिलाफ सात, अंकित के खिलाफ दो व हिस्ट्रीशीटर कार्तिक के खिलाफ 16 संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं।

# सीकर में दर्दनाक मर्डर, रिटायर्ड सूबेदार पर धारदार हथियार से हमला, सिर का एक टुकड़ा कटकर हुआ अलग

सीकर, 9 मार्च (एजेंसियां)। सीकर में दर्दनाक मर्डर। रिटायर्ड सूबेदार पर धारदार हथियार से हमला। अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर रिटायर्ड सूबेदार पर धारदार हथियार से वार किया। वार इतना जबरदस्त था कि रिटायर्ड सूबेदार के सिर का एक टुकड़ा कटकर अलग हो गया। सुबह जब आस पड़ोस को पता चला तो उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। साथ आई एफएसएल, डॉग स्क्वायड, स्पेशल टीम ने साक्ष्य जुटाए। इसके आधार पर पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ जा रही है। मामले में मृतक के बेटे सतीश ने पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया है।




सीकर जिले के खाटूश्यामजी सदर थाना इलाके का लिखमा का बास गांव के है। खाटूश्यामजी सदर थाने के एसएचओ कैलाशचंद यादव ने बताया घीसालाल (78 वर्ष) रिटायर्ड सूबेदार थे। मृतक घीसालाल का खाटू सीएचसी में पोस्टमॉर्टम करवाया गया। जिसके बाद शव को परिजनों को सौंपा दिया गया। संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

एसएचओ ने इस बारे में बताया कि प्रथमदृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है। मृतक घीसालाल खाटू ठेले किराए पर देता था। साथ ही ब्याज का भी धंधा करता था। अब पूछताछ के बाद ही इस मामले का खुलासा होगा।

मृतक घीसालाल के बेटे शत्रुघ्न उर्फ सतीश ने एफआइआर दर्ज कराई। वाया है। एफआइआर में बताया गया कि आज सुबह 9 बजे के पड़ोसी ज्योति शर्मा ने उन्हें फोन से बताया कि आपके घर का गेट टूटा हुआ है। आवाज देने पर भी आपके पिता बोल नहीं रहे हैं। सतीश ने कहा कि बीती शाम 7.30 बजे उनकी अपने पिता से बात हुई थी। उन्होंने कहा कि राकेश कुमार शर्मा का बाउंस हुआ चेक वापस मिल गया है। सोमवार को चेक रामगढ़ कोर्ट में लगाऊंगा। सतीश के अनुसार पिता की बताई बातों के आधार पर उसका शक राकेश पर है। सतीश ने बताया कि मामले में पुलिस ने राकेश और उसके अन्य दो साथियों को हिरासत में लिया है। सतीश ने कहा कि पिता के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# हाईटेक तकनीक से पकड़ी गई ओवरलोड वाहनों की कारस्तानी, हरियाणा तक मची अफरा-तफरी

झुंझुनू, 9 मार्च (एजेंसियां)। झुंझुनू जिले सहित सीमावर्ती हरियाणा राज्य और आसपास के जिलों में परिवहन नियमों की अनदेखी करने वाले 4,744 ट्रक और डंपर जिला परिवहन विभाग के निशाने पर आ गए हैं। हाईटेक तकनीक के इस्तेमाल से इन वाहनों की पहचान कर ली गई है, जो बार-बार ओवरलोडिंग कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे थे। अब परिवहन विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वाले इन वाहनों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। लगातार ओवरलोडिंग करने वालों पर अब भारी जुर्माना लगाया जाएगा, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये की राजस्व हानि से बचाया जा सके। इस कार्रवाई से वाहन मालिकों में हड़कंप मच गया है।

परिवहन विभाग ने ई-रवन्ना में दर्ज वजन के आधार पर इन वाहनों को चिह्नित किया है और नोटिस जारी किए हैं। इन वाहनों को चालान की राशि जमा करने के आदेश दिए गए हैं। अगर वाहन मालिक निर्धारित समय में चालान का भुगतान नहीं करते, तो उनके वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है।

इस कार्रवाई से झुंझुनू के साथ-साथ आसपास के जिलों- सीकर, चूरू, अलवर और हनुमानगढ़ के वाहन मालिकों में चिंता बढ़ गई है। हरियाणा बॉर्डर से जुड़े जिलों में भी बड़ी संख्या में नोटिस जारी किए गए हैं।

परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों को चालान की राशि जमा करने का मौका दिया है। अगर किसी वाहन का चालान गलत कटा है, तो मालिक अपना पक्ष रख सकते हैं लेकिन जो निर्धारित समय में चालान का भुगतान नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला परिवहन अधिकारी के अनुसार बीते एक साल में ई-रवन्ना के माध्यम से मिले आंकड़ों के आधार पर वसूली की जाएगी। यह कार्रवाई सरकार के राजस्व को बढ़ाने और परिवहन नियमों को सख्ती से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अलवर से आगरा जा रही बारात की गाड़ी हादसे का शिकार, दूल्हे के मामा और भाई समेत पांच की मौत

अलवर, 9 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के अलवर से आगरा जा रही बारात की एक गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। बारातियों से भरी गाड़ी रास्ते में बेकाबू होकर पलट गई। पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई। गाड़ी पलट कर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमे दूल्हे के भाई और मामा भी शामिल थे। इस हादसे में चार जने घायल भी हुए हैं। इस हादसे के शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिवार में मातम छा गया। हादसे का शिकार गाड़ी आगरा जा रही थी। तभी कुम्हेर से पहले आरटीओ ऑफिस के पास गाड़ी के सामने एक कुत्ता आ गया। इस कुत्ते के चक्कर में गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई और एक गड्ढे में जा गिरी। यह गाड़ी करीब 15 मिनट से अधिक समय तक गड्ढे में ही पड़ी रही। हादसे की जानकारी के बाद लोग मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद क्रेन की सहायता से गाड़ी को गड्ढे से बाहर निकाला गया। दरअसल अलवर मुंडपुरी से नरेश नामक युवक की यह बारात आगरा जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। इस हादसे में दूल्हे के मामा समय सिंह, ममेरे भाई देवेंद्र, सरवन सिंह, गिरवर सिंह और बन्धु दास की मौत हो गई। समय सिंह नरेश का मामा था और अलवर में निजी स्कूल में काम करता था। समय सिंह की पांच बेटियां तथा एक बेटा है, जबकि ममेरे भाई के एक बेटा और एक बेटी है। चार बहनों का इकलौता भाई था और अलवर में निजी कंपनी में काम करता था। इस मामले की सूचना मिलने के बाद थाने की पुलिस भी वहां पहुंच गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया, जबकि शवों को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घने जंगलों के बीच बने अवैध शराब निर्माण के ठिकाने ध्वस्त, 2 हजार लीटर हथकढ़ शराब नष्ट की

बूँदी, 9 मार्च (एजेंसियां)। जिले में लगातार बढ़ रहे अवैध हथकड़ शराब के कारोबार के खिलाफ बूंदी पुलिस और आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोतीपुरा के जंगलों में संयुक्त रेड की। इस दौरान मौके पर करीब 2000 लीटर वाश, भट्टियां और शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए।




देई थाना अधिकारी रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार जिले में अवैध हथकड़ शराब की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में देई थाना पुलिस, आरएसी नैनवा, आबकारी विभाग हिण्डोली, लाखेरी और बूंदी की टीम ने संयुक्त रूप से गश्त और रेड की।

रेड के दौरान ग्राम मोतीपुरा और नाड़ी का झोंपड़ा इलाके के घने कंटीले जंगलों, नदी किनारे और खेतों में बड़ी मात्रा में अवैध हथकड़ शराब बनाई जा रही थी। पुलिस और आबकारी विभाग ने मौके पर शराब बनाने के ड्रम, भट्टियां और अन्य उपकरण नष्ट कर दिए। कार्रवाई में करीब 50 जवानों ने पहाड़ियों और जंगलों में गहन तलाशी कर अवैध हथकड़ शराब के ठिकानों को ध्वस्त किया।

देई थाना अधिकारी ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह की संयुक्त रेड जारी रहेगी, ताकि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। इस रेड में देई थाना अधिकारी रामेश्वर प्रसाद, प्रेमशंकर (आबकारी निरीक्षक, नैनवा), शिवप्रताप सिंह राणा (प्रहराधिकारी, हिण्डोली), प्रहलाद सिंह (प्रहराधिकारी, लाखेरी) और जितेंद्र सिंह (जमादार, बूंदी) सहित अन्य पुलिस और आबकारी विभाग के जवान शामिल रहे।

# हरीश राव ने की महिलाओं को ब्याज मुक्त ऋण देने पर श्वेत पत्र की मांग

हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार पर ब्याज मुक्त ऋण पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए बीआरएस विधायक और पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने रविवार को 21,000 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण और उन पर दिए गए ब्याज का ब्यौरा देने वाले श्वेत पत्र की मांग की। तेलंगाना भवन में पार्टी नेताओं के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, बीआरएस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क दोनों ने परेड ग्राउंड में महिला दिवस समारोह के दौरान महिलाओं को झूठ बोलकर धोखा देने की कोशिश की। सच बोलने के महत्व पर जोर देते हुए, खासकर जब कोई जिम्मेदार पद पर हो, हरीश ने अतीत में विपक्षी नेता के रूप में और अब मुख्यमंत्री के रूप में झूठे दावे करने के लिए रेवंत की आलोचना की।



हरीश ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने झूठ बोला है कि उन्होंने 21,000 करोड़ रुपये ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किए हैं। हरीश के अनुसार, केसीआर प्रशासन द्वारा जारी 2015 के सरकारी आदेश के अनुसार, केवल 5 लाख रुपये तक के ऋण ही ब्याज मुक्त थे। इस राशि से अधिक के ऋण पर बैंकों द्वारा 12.57 ब्याज दर लगाई जाती है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर यह दावा करके जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया कि सभी ऋण ब्याज मुक्त हैं। उन्होंने ब्याज मुक्त ऋण और उन पर दिए गए ब्याज का विवरण देने वाला श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों और स्कूल यूनिफॉर्म के वितरण के मामले में कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली की भी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने यूनिफॉर्म के लिए सिलाई शुल्क 50 रुपये से बढ़ाकर 75 रुपये प्रति सेट करने का झूठा दावा किया, जबकि वास्तव में केवल 50 रुपये ही दिए गए।

हरीश ने मोबाइल फिश वैन और बीमा चेक वितरण के बारे में कांग्रेस सरकार के दावों को भी मुद्दा बनाया और उन्हें महज मजाक बताया। उन्होंने रेवंत रेड्डी से आग्रह किया कि वे सुनिश्चित करें कि महिला समूहों को जारी किए गए चेक का सम्मान किया जाए। कांग्रेस सरकार को अपने वादे पूरे करने चाहिए और ब्याज मुक्त ऋण के लिए तुरंत धनराशि जारी करनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की और उनसे ठोस सबूतों के साथ अपने दावों को साबित करने का आग्रह किया।

## खुद को आग लगाने वाले ऑटो चालक की मौत

हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। वित्तीय समस्याओं के कारण दो दिन पहले लैंगर हाउस में खुद को आग लगाने वाले ऑटो रिक्शा चालक की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, लंगर हाउस के बापू नगर निवासी एस विजय कुमार (45) ने शुक्रवार को लंगर हाउस में एनटीआर प्रतिमा के पास खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। पुलिस और स्थानीय लोगों ने आग बुझाई और व्यक्ति को इलाज के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल पहुंचाया। रविवार को विजय कुमार की जलने के कारण मौत हो गई।

मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि कम आय के कारण विजय कुमार डिप्रेशन में था और उसने लोगों से कर्ज ले रखा था। बढ़ते कर्ज और आय का कोई स्रोत न होने के कारण व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। लैंगर हाउज़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# दोपहर 12 बजे से शाम 4.30 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें

## तेलंगाना स्वास्थ्य विभाग ने जारी की सलाह

हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। आईएमडी-हैदराबाद द्वारा तेलंगाना राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि के पूर्वानुमान के साथ, राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को एक सलाह जारी की है, जिसमें लोगों से सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है, विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से शाम 4.30 बजे के बीच बाहर निकलने से बचने को कहा गया है, जब गर्मी अपने चरम पर होती है।



सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक (डीपीएच) डॉ.बी रविंदर नायक ने लोगों से हाइड्रेटेड रहने और यथासंभव पर्याप्त पानी पीने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) का उपयोग करें और घर में बने पेय पदार्थ जैसे नींबू पानी, छाछ/नमक-चीनी का घोल, फलों के रस आदि का सेवन करें। यात्रा के दौरान पानी साथ रखें और पानी की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल और सब्जियां जैसे तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा, सलाद पत्ता या अन्य स्थानीय रूप से उपलब्ध फल और सब्जियां खाएं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से आग्रह किया है कि वे ढके रहें, हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्र पहनें तथा सीधे सूर्य के प्रकाश में आने पर छाता, टोपी, कैप, तौलिया तथा अन्य पारंपरिक टोपी का उपयोग करके सिर को ढकें।

डॉ. नायक ने सलाह दी कि जितना संभव हो सके, घर के अंदर हवादार और ठंडी जगहों पर रहें। दिन के समय खिड़कियां और पर्दे बंद रखें, खास तौर पर घर के धूप वाले हिस्से में। रात में उन्हें खोल दें ताकि ठंडी हवा अंदर आ सके। अपनी बाहरी गतिविधियों को दिन के ठंडे समय तक ही सीमित रखें, यानी सुबह और शाम को। खाना पकाने वाले क्षेत्र में पर्याप्त हवादारी के लिए दरवाज़े और खिड़कियां खोलें।

**डॉक्टर से कब मिलें :**

यदि आप मानसिक संवेदना में परिवर्तन के साथ-साथ भटकाव, भ्रम और बेचैनी, चिड़चिड़ापन, गतिभंग, दौरा और कोमा, गर्म, लाल और शुष्क त्वचा, शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 एफ से अधिक, तेज सिरदर्द, चिंता, चक्कर आना, तेज दिल की धड़कन आदि लक्षण देखते हैं, तो तुरंत चिकित्सा सहायता लें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामलों का निपटारा

हैदराबाद, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। समझौता के माध्यम से पक्षों के बीच मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत शनिवार को कुल 1,83,182 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस विभाग ने निपटान के लिए योग्य मामलों की पहचान की थी और दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए थे तथा 27 फरवरी को शुरू हुई निपटान प्रक्रिया 8 मार्च को समाप्त हुई। इनमें से समझौता किए गए एफआईआर मामले 18,632, आपदा प्रबंधन मामले 1,702, ई-पेटी मामले 93,201 और मोटर वाहन अधिनियम मामले 64,686 थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान, साइबर अपराधों में रोकी गई राशि की वापसी भी की गई और तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) ने साइबर धोखाधड़ी के 4,961 पीड़ितों को 43.31 करोड़ रुपये की वापसी की सुविधा प्रदान करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, जो दिसंबर 2024 में पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में 4,893 पीड़ितों को वापस किए गए 33.2 करोड़ रुपये के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी मुफ्त में पढ़ा रहे शिक्षक

सिद्दीपेट, 9 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। एक सेवानिवृत्त शिक्षक (जिन्हें कभी गरीबी के कारण अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा और सत्र की फीस का भुगतान करना मुश्किल हो गया था) ने सभी चुनौतियों को पार किया और 1970 में शिक्षक बन गए। 35 वर्षों तक सरकारी स्कूलों में सेवा देने के बाद, वे 2004 में सेवानिवृत्त हुए।



हालांकि, उन्होंने पिछले 12 वर्षों से सरकारी स्कूलों में पढ़ाना जारी रखा है, वह भी बदले में कुछ भी लिए बिना। मिलिए 79 वर्षीय बाल रेड्डी से, जिनकी 10 साल पहले हार्ट सर्जरी हुई थी, लेकिन वे सिर्फ़ एक महीने का ब्रेक लेकर फिर से पढ़ाने लगे। बाल रेड्डी ने रिटायरमेंट के बाद सिर्फ़ एक दिन का ब्रेक लिया था। हालांकि, उन्हें घर पर रहना मुश्किल लगा, जिसके बाद उन्होंने कुछ समय के लिए एक निजी स्कूल में पढ़ाने का फैसला किया। जब शिक्षक ने दचाराम, क्यासाराम, प्रगनापुर और तिम्मक्कपल्ली सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाना शुरू किया तो उन्हें निजी स्कूल में पढ़ाना जारी रखना मुश्किल लगने लगा। उनके एक सहकर्मी, सत्यैया (जो बाल रेड्डी के पैतृक गांव जगदेवपुर मंडल के तिगुल में एक प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थे) ने उनसे स्कूल में पढ़ाने के लिए संपर्क किया। वे 2017 से तिगुल में पढ़ा रहे हैं, जहां बाल रेड्डी ने 1950 के दशक में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की थी।

बाल रेड्डी ने कहा कि वे अपनी आखिरी सांस तक पढ़ाना जारी रखेंगे। बाल रेड्डी को निस्वार्थ व्यक्ति बताते हुए हेडमास्टर सत्यैया ने कहा कि बाल रेड्डी केवल उन छात्रों पर ध्यान केंद्रित करते थे जो पढ़ाई में पिछड़े थे। उन्होंने कहा कि बाल रेड्डी की कक्षाओं के बाद छात्रों में बहुत सुधार हुआ। रेड्डी हर दिन गजवेल शहर से तिगुल, जो 12 किलोमीटर दूर है, तक सथैया की बाइक से यात्रा करते हैं। रेड्डी ने याद किया कि कैसे वह, उनकी माँ और उनकी बहन 1960 के दशक में मज़दूरी करते थे और बोर्ड परीक्षा शुल्क के अलावा साल में दो बार 7.50 पैसे की टर्म फीस का भुगतान करते थे। उन्होंने अपने इकलौते बेटे को शिक्षक और छोटे भाई को छात्रावास का वार्डन बना दिया। रेड्डी, जिन्हें पहली सैलरी 150 रुपये मिली थी, रिटायर होने पर उनकी सैलरी 15,000 रुपये थी। हालांकि, अब उन्हें पेंशन के तौर पर 70,000 रुपये मिल रहे हैं, जो उनके मुताबिक एक सभ्य जीवन जीने के लिए काफी है।

# महाकुंभ के एंट्री-पॉइंट पर गुफा बनाकर रह रहा था आतंकी

## हर दिन हैंडग्रेनेड लेकर निकलता था, हाई सिक्योरिटी की वजह से ब्लास्ट नहीं कर सका

प्रयागराज, 9 मार्च (एजेंसियां)। महाकुंभ पर आतंकी हमले की साजिश थी। पहले अमृत स्नान (14 फरवरी) से एक दिन पहले बब्बर खालसा का आतंकी लाजर मसीह महाकुंभ एंट्री पॉइंट से सिर्फ 1 किमी दूर था। वह एक मिट्टी के टीले में गुफा बनाकर रह रहा था। यहीं से उसने महाकुंभ में ब्लास्ट करने का प्लान बनाया था। ढाबे पर जाकर खाना खाते समय मोबाइल चार्ज करता था। रोज अपने साथ हैंडग्रेनेड लेकर निकलता था, लेकिन महाकुंभ एंट्री पॉइंट पर हाई सिक्योरिटी होने की वजह से सफल नहीं हो सका। यह बात खुद बब्बर खालसा के आतंकी लाजर मसीह ने मानी है। उसे पुलिस ने 6 मार्च को कौशांबी के कोखराज से पकड़ा था। उससे पूछताछ में कई अहम बातें सामने आई हैं।

**अब जानिए पूरा मामला :**

6 मार्च की सुबह साढ़े 3 बजे पुलिस ने कोखराज से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और आईएसआई मॉड्यूल के सक्रिय आतंकवादी लाजर मसीह को गिरफ्तार किया था। लाजर मसीह अमृतसर के कुरलियान गांव का रहने वाला है। वह बीकेआई के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी का राइट हैंड है। लाजर मसीह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में भी था। अमृत स्नान से पहले आया था कौशांबी पुलिस जांच में सामने आया कि आतंकी लाजर मसीह पहले अमृत स्नान से पहले यहां आया था। इसके बाद नेशनल हाईवे-2 (दिल्ली-कानपुर-प्रयागराज-बनारस-हावड़ा सड़क मार्ग) से महज 1 किमी दूर कोखराज गांव के वीराने में एक मिट्टी की मांद खोद कर उसी के अंदर रह रहा था।

यह मांद किसी जंगली जानवर के रहने जितनी तैयार की गई थी। मांद टीलेनुमा जमीन के नीचे के हिस्से में आर-पार जाने के लिए तैयार की गई थी। पुलिस को मांद के अंदर से बिस्तर, 3 ग्रेनेड, 2 डेटोनेटर और पिस्टल मिली है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, लाजर मसीह को पेड़ की ऊंची टहनी पर चढ़कर बैठे भी देखा गया था। ढाबे पर रोज खाना खाने जाता था लाजर मसीह से पूछताछ में सामने आया कि वह रोज दोपहर और रात में ढाबे पर खाना खाने जाता था। पानी भरने के लिए एक ईदगाह के सामने जाता था, जहां नल लगा था। बाहर निकलते वक्त लाजर मसीह हर वक्त मुंह पर पकड़ा बांधे रहता था। कई दुकानों के सीसीटीवी में वह दिखा है। टाइम पास करने के लिए मोबाइल में फिल्म भी देखता था।

# रामदेव ने ट्रंप की नीति को आर्थिक-टैरिफ आतंकवाद करार दिया

